आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुरु गोविंद सिंह पुण्यतिथि

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 301 | उज्जैन, शनिवार 14 नवम्बर, 2026 | कार्तिक शुक्ल 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

मेरा फोन टैप किया जा रहा, मेरे पास आरोपों के सबूत: राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनका फोन टैप किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मेरे आरोपों के सभी सबूत मेरे फोन में हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा, मेरे सभी आरोपों के सबूत मेरे फोन में हैं, जिसे प्रधानमंत्री टैप करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन-ऑन-वन बहस से यह साबित हो जाएगा कि विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन काम कर रहा है, देश विरोधी कौन है और कब से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है।

एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेन्सन पर तीसरे अफेयर का आरोप

कैलिफोर्निया। एआई चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेन्सन हुआंग के तीसरे अफेयर की जानकारी मिली है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हुआंग का चीनी जासूस, कंपनी की अधिकारी किम्बर्ली के अलावा एक और महिला कर्मचारी के साथ रिश्ता था। रॉयटर्स ने मामले से जुड़े 2 लोगों के हवाले से यह जानकारी दी, लेकिन महिला की पहचान जाहिर नहीं की। एनवीडिया ने भी इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। इससे एक दिन पहले, यानी 12 नवंबर को जेन्सन हुआंग ने चीनी महिला से रिश्ते सामने आने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था।

प्रधानंत्री मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो में सफर किया

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन किया। उन्होंने काउंटर से टिकट खरीदा और सीएम डीके शिवकुमार के साथ मेट्रो में सफर किया। शाम को प्रधानमंत्री ने मैसूरु में कॉसमॉस प्लेनेटोरियम का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने राज्य में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु 100 किमी से ज्यादा मेट्रो नेटवर्क वाला देश का तीसरा शहर बन गया है। इससे पहले मोदी ने प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि कर्नाटक सदियों से योग का केंद्र रहा है। यहां कई योग गुरु और विद्वान हुए हैं।

रामायण ने 8 दिन में कमाए 1,033 रु. करोड़



सबसे तेज 1,000 करोड़ कमाने वाली तीसरी भारतीय फिल्म, आज तोड़ सकती है शाहरुख की पठान का रिकॉर्ड

मुंबई। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। इसने रिलीज के महज 8 दिनों में दुनियाभर में 1,033.55 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी यह फिल्म सबसे तेज 1000 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल होने वाली फिल्मों की लिस्ट में आ चुकी है। इतनी जल्दी 1,000 करोड़ कमाने के मामले में यह तीसरी सबसे तेज भारतीय फिल्म है। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने यह आंकड़ा 7 दिन में पार किया था। 'रामायण: पार्ट 1' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में आज शाहरुख खान की मूवी पठान को पीछे छोड़ सकती है। पठान की कमाई 1,050 रुपए रही थी। 'रामायण: पार्ट 1' ने भारत में 564.60 करोड़ का नेट और 675.05 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है। विदेशों से 358.50 करोड़ की कमाई हुई है। इस तरह दोनों बाजारों को मिलाकर फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,033.55 करोड़ हो गया।

नैनो न्यूज

- **लखनऊ :** यूपी में कारोबारियों को राहत, 10 लाख रुपये तक के बकाये पर पूरा ब्याज और अर्थदंड माफ।
- **वाशिंगटन :** जानलेवा हादसे से ठीक पहले टेस्ला ने बदला रास्ता, कार को बचाने का वीडियो वायरल, एफएसडी तकनीक की दुनिया भर में चर्चा।
- **वाशिंगटन :** अमेरिकी रक्षामंत्री को डांटने वाले सैनिक को मेडल, हेगसेथ ने खुद सम्मानित किया, युद्ध स्मारक पर हंसने से मना किया था।
- **मुंबई :** सिद्धू मूसेवाला के गाने 'फैंटम' की रिलीज पर विवाद, माता-पिता ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी, म्यूजिक कंपनी ने शेयर किया सिंगर के साथ हुआ एग्रीमेंट।
- **मुंबई :** सेंसेक्स 318 अंक गिरकर 81,592 पर बंद, निफ्टी में 155 अंकों की गिरावट, मेटल, ऑटो और रियल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली।
- **वाशिंगटन :** ट्रम्प ने ईरान शांति वार्ता से जेडी वेंस को हटाया, कहा- उपराष्ट्रपति घरेलू मामलों पर ध्यान दें, डेमोक्रेटिक राज्यों में भ्रष्टाचार की जांच करें।

असम में बस-ट्रक भिड़ंत, 23 की मौत, ज्यादातर स्टूडेंट

बस की बॉडी काटकर निकाले शव, बस के 12 चालान कट चुके थे

एजेंसी ▸▸ कांजीरंगा

असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, न्यूज एजेंसी पीटीआई ने 12 मौतों की पुष्टि की है। मरने वालों में ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं।

टक्कर के बाद मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए। रेस्क्यू टीम ने बस काटकर शवों को बाहर निकाला। बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।

लोकल मीडिया के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इनमें से 38,500 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका था, जबकि 4 हजार रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। कमर्शियल गाड़ी की ओवरस्पीडिंग पर यह जुर्माना लगता है।



पुलिस बोली- बस तेज रफ्तार में थी, ड्राइवर ने नियम का पालन नहीं किया-

गोलाघाट के एसएसपी स्वप्निल डेका ने पीटीआई को बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव जा रही थी। बस तेज रफ्तार में थी। शुरूआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मिनी बस के 12 चालान कट चुके थे

लोकल मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिनी बस के अब तक 12 चालान कट चुके थे। इन पर कुल 38,500 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका था। हालांकि, 4 हजार रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। असम में कमर्शियल गाड़ी के ओवरस्पीडिंग करने पर 4 हजार रुपए का जुर्माना लगता है।

असम में 5 साल में सड़क हादसों में 15 हजार से ज्यादा मौतें

केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 15,306 लोगों की मौत हुई। इनमें 2024 में सबसे ज्यादा 3,351 लोगों की जान गई। वहीं, 2023 में 3,296 और 2022 में 2,994 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, इसके बाद की जानकारी नहीं आई है।


पूर्वी हिस्से में बारिश-तेज हवा चल सकती है, अक्टूबर में एक हफ्ते में दो तूफान आ चुके

अंडमान सागर में नए चक्रवात का सिस्टम बना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

इसरो के आईएनएसएटी-3डीएस सैटेलाइट ने अंडमान सागर के ऊपर बादलों की तेज गतिविधियों को कैप्चर किया है। यहां कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिससे नए चक्रवात बनने की आशंका है। अगले 48 घंटे में पता चलेगा कि यह सिस्टम मजबूत होकर आगे बढ़ता है या नहीं।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, यदि यह और मजबूत होकर चक्रवाती तूफान का रूप लेता है तो इसका नाम 'अकवान' रखा जाएगा। यह नाम ईरान ने सुझाया है। इधर, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी जारी है। इसके असर से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई है और सुबह धुंध छाने लगी है। राजस्थान में अगले 2 दिन आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है। उत्तराखंड के 7 जिलों में आज बारिश की संभावना है।





दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 478 पहुंचा

दिल्ली शुक्रवार को पाकिस्तान के लाहौर को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स, यानी एक्यूआई 403 दर्ज किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के आसपास एक्यूआई 478 और आईटीओ इलाके में 455 दर्ज किया गया। स्विस संस्था आईक्यूएआईआर के मुताबिक, दिल्ली का एक्यूआई 334 दर्ज हुआ। यह खतरनाक श्रेणी में आता है। इसके मुताबिक, दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर पाकिस्तान का लाहौर है, जिसका एक्यूआई 497 दर्ज हुआ।

देश के 18 शहरों में हवा बहुत खराब, 9 हरियाणा के

देश के 18 शहरों में औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 301 से 400 के बीच दर्ज किया गया। इनमें हरियाणा के 9, उत्तर प्रदेश के 5, राजस्थान, पंजाब, तमिलनाडु का 1-1 और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली शामिल है। गुरुग्राम का पंचगांव सबसे प्रदूषित रहा। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर में जमीन से आसमान में करीब 1000 मीटर तक प्रदूषण की परत बनी हुई है। हरियाणा में 23 शहरों में हवा का स्तर बहुत खराब रहा।

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम ठप, ऑस्ट्रेलिया की खुफिया सर्विस और पुलिस पर असर

जापान में सरकारी सिस्टम, हॉन्गकॉन्ग में बैंकिंग फिलीपींस में कोर्ट और भारतीय एयरलाइंस पर असर

एजेंसी ▸▸ शिकागो

माइक्रोसॉफ्ट में तकनीकी खराबी से दुनियाभर की बड़ी कंपनियों और सरकारी संस्थाओं के कामकाज पर असर पड़ा है। हॉन्गकॉन्ग में बैंकिंग सेवा, ऑस्ट्रेलिया में खुफिया और पुलिस सर्विस के कामकाज में परेशानी आई।

इधर, जापान में सरकारी सिस्टम और फिलीपींस में अदालतों का कामकाज प्रभावित हुआ। कई जगह स्कूलों, अस्पतालों का कामकाज ठप हो गया। भारत में हवाई सेवाओं पर इसका असर दिखा। शुक्रवार सुबह स्पाइसजेट ने दिल्ली से उड़ान भरने वाली 3 फ्लाइट्स रद्द कर दीं, जबकि दरभंगा और मुंबई जाने वाली 2 फ्लाइट्स लेट हुईं।

दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी करके यात्रियों से एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस चेक करने को कहा है। इंडिगो और अकासा एयर ने भी एडवाइजरी जारी की है।

माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस 15 घंटे से ठप

दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट की जरूरी ऑनलाइन सेवाएं करीब 15 घंटे से ठप हैं। ईमेल भेजने, ऑनलाइन मीटिंग करने और क्लाउड पर फाइल सेव करने जैसे काम रुक गए हैं। वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, दुनियाभर से अकेले माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक न चल पाने की 1.40 लाख से ज्यादा शिकायत मिली हैं। माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया है कि सिस्टम में खराबी सॉफ्टवेयर के गलत तरीके से अपडेट होने की वजह से आई, लेकिन अब तक इसे ठीक नहीं किया जा सका है।

मणिपुर में उग्रवादियों की फायरिंग में चार की मौत

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

पुलिस के मुताबिक, हमला इम्फाल-उखरुल रोड पर न्यू हेवन इलाके में हुआ। दोनों गाड़ियों में सवार दो पुरुष और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ियों के आगे के शीशों पर गोलियों के निशान मिले हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नगा समुदायों के बीच हुई झड़पों में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं। 12 नवंबर को कांगपोकपी जिले के ताफोउ कुकी गांव और सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास भी गोलीबारी हुई थी। इस घटना में 42 साल की एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि दो पुरुष घायल हुए थे। मणिपुर में मई 2023 में घाटी के मैतेई और पहाड़ी इलाकों के कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू हुआ था।

सोना 7 महीने बाद 1.36 लाख से नीचे आया, तीन दिन में 6,536 रु. सस्ता

चांदी 3,500 गिरकर 1.77 लाख पर आई

एजेंसी ▸▸ मुंबई



शादी-ब्याह के लिए सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है। सोने की कीमत 7 महीने बाद 1.36 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे आ गई है। इससे पहले 23 मार्च 2026 को सोना 1,35,141 रुपए पर आया था।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 1,808 रुपए गिरकर 1,35,884 रुपए आ गया है, जो एक दिन पहले 1.38 लाख रुपए पर था। इससे पहले 8 जनवरी 2026 को सोना 1,35,773 रुपए पर था। एक किलो चांदी 3,540 रुपए घटकर 1.77 लाख रुपए पर आ गई है, जो गुरुवार को 1.81 लाख रुपए पर थी। सोना लगातार तीन दिन में 6,536 रुपए और चांदी 8,500 रुपए सस्ती हुई है। 10 नवंबर को सोना 1.42 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 1.86 लाख रुपए किलो थी। सोना-चांदी की कीमत में गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंचे दामों पर बिकवाली करने से हो रही है।

काशी की नागनथैया लीला देखने पहुंचे 1 लाख श्रद्धालु

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

वाराणसी के तुलसी घाट पर शुक्रवार को 500 साल पुरानी विश्वप्रसिद्ध नागनथैया लीला का भव्य मंचन हुआ। लीला के दौरान तुलसी घाट पर करीब 1 लाख लोग पहुंचे। कदंब की डाल से गंगा में छलांग लगाकर भगवान श्रीकृष्ण कालिया नाग के फन पर सवार होकर बाहर निकले। यह दृश्य देखते ही पूरा घाट 'जय श्रीकृष्ण' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। लीला देखने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। काशीराज परिवार के प्रतिनिधि डॉ. अनंत नारायण सिंह ने भी परंपरा के अनुसार आयोजन में सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने इसे अद्भुत और अलौकिक अनुभव बताया। पहली बार लीला देखने पहुंचीं सुष्मिता मिश्रा ने कहा कि ऐसा लगा मानो भगवान श्रीकृष्ण साक्षात सामने प्रकट हो गए हों।

जान की परवाह नहीं, देश में हिंदू, बौद्ध, ईसाई सुरक्षित नहीं : शेख हसीना

जनता चाहेगी तो फिर बांग्लादेश की सत्ता संभालूंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को कहा है कि अगर जनता चाहेगी तो वे एक बार फिर बांग्लादेश की सत्ता संभालने के लिए तैयार हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में हसीना ने कहा कि दिसंबर 2026 में वे बांग्लादेश लौटेंगी। उन्हें गिरफ्तारी या मौत की सजा का डर नहीं है

हसीना ने बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हुए हमलों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

शेख हसीना से उनके प्रत्यर्पण के मामले पर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने कहा कि भारत आजाद देश है।



सरकार अपने कानून और प्रक्रिया के हिसाब से फैसला करेगी। मुझे उम्मीद है कि मेरा मामला दोनों देशों के रिश्तों में रुकावट नहीं बनेगा।

तारिक रहमान सरकार कई बार हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर चुकी है। भारत ने प्रत्यर्पण की मांग मिलने की पुष्टि भी की है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इस मामले की जांच तय कानूनी प्रक्रिया के तहत की जा रही है।

देश लौटने की बात दोहराई

पूर्व पीएम हसीना से मौत की सजा और गिरफ्तारी को लेकर सवाल किया गया। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि लौटते ही गिरफ्तार किया जा सकता है, जेल भेजा जा सकता है या मेरी जान भी ली जा सकती है। लेकिन मैं डरकर पीछे हटने वालों में से नहीं हूं। 1981 में भी मैं सैन्य शासन के बावजूद बांग्लादेश लौटी थी। 2007 में गिरफ्तारी का खतरा जानते हुए भी वापस आई थी। आज मेरे देश के लोग मुश्किल में हैं। ऐसे में मैं उनसे दूर नहीं रह सकती। मैं अपने लोगों के बीच रहना चाहती हूं, चाहे इसके लिए मुझे अपनी जान ही क्यों न गंवानी पड़े।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

सही पकड़े हैं साहब ये लोचा करते हैं

शहर को बहुत जल्द 6 लेन की सौगात मिलने वाली है। इसका काम लगभग पूर्ण होने की स्थिति में सामने आ रहा है। गुरूवार को इस मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने जलद इसकी पूर्णता को लेकर ठेका कंपनी को अधिक श्रमिक एवं संसाधन लगाकर समय पर इसे पूर्ण करने के लिए कहा है। इसके साथ ही अधिकारियों ने सर्विस रोड एवं रोड पर पूरी नाली बनाने के लिए कहा है। अभी मार्ग में कहीं नाली बनाई गई है कहीं नहीं,कुछ क्षेत्र में सर्विस रोड बनाई गई है कुछ क्षेत्र को छोड दिया गया है। पेड़ों की कटाई के बाद अनुबंध में जो तय किया गया है उस पर भी अभी अमल होना है। ऐसे मुद्दे अफसरों ने रखकर बिल्कुल सही पकडा है। असल में इससे पूर्व 4 लेन के निर्माण के समय भी संबंधित ठेका एजेंसी ने यही सब किया था। जल्द बाजी में काम में बहुत कुछ कमी थी और चौड़ाई में भी अच्छा खासा लोचा कर दिया था। तत्कालीन दौर में 4 लेन निर्माण के बाद पौधा रोपण किया जाना था जो एजेंसी के साथ अनुबंध में तय था लेकिन एजेंसी ने डिवाइडर के बीच में मात्र झाड़ियां लगाकर चूना पोत दिया था। जो कि वर्षों तक चलता रहा। झाड़ियों के सहारे एजेंसी ने काम चला दिया और संबंधित डेवलपमेंट कार्पोरेशन के अधिकारी भी बराबर उसे चलाते रहे। यह स्थिति इसलिए भी बनी की बराबर परिवर्तन जारी रहा। कभी ये तो कभी वो। बीच-बीच में रोड की हालत भी इन वर्षों में खराब हुई तो उसका संधारण भी बमुश्किल ही ठेका एजेंसी ने किया। वह भी काफी मशक्कत के बाद किया गया। अब चुंकी 6 लेन का मामला है और अफसर काफी अपडेट हैं ऐसे में निरीक्षण में ही प्रारंभिक स्तर पर रोड की पूर्णता के पूर्व ही एजेंसी को हिदायत दी गई है। खुसूर-फुसूर है कि इस रोड पर सर्वाधिक लोड रहता है और भविष्य में भी लोड रहेगा ऐसे में इसे मापदंड के अनुरूप ही पूर्ण करवाया जाना आवश्यक है। निविदा की शर्तों का पूरा पालन इसमें करवाया जाना चाहिए जो कि जनहित में भी है और सड़क के हित में भी है। नाली एवं सर्विस रोड का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष मायने रखता है। आसपास की जमीनों एवं खेतों में पानी भरने की समस्या हो और वेवजह के आंदोलन हों इससे पहले ही सड़क की पूर्णता में इसे जांच कर एजेंसी से काम पूर्ण करवाया जाने का कदम उठाया जाना चाहिए।

नैनो न्यूज

- **दिवंगत** आउटसोर्स कर्मचारी के परिवार को 10 लाख रुपये सहायता देने की मांग, एमपीआरडीसी संभागीय प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन
- **ईश्वर चंद्र दुबे** बने रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के असिस्टेंट गवर्नर, रोटरी वर्ष 2027-28 के लिए मिली जिम्मेदारी, उज्जैन क्लब के दो बार रह चुके हैं अध्यक्ष
- **बस** संचालकों को चेतावनी, दिव्यांग यात्रियों से दुर्व्यवहार किया तो मालिकों पर होगी सख्त कार्रवाई, किराए में 50 प्रतिशत छूट नहीं देने और परिहास करने पर दिव्यांग अधिनियम 2016 के तहत होगी एफआईआर
- **डॉ. सखा पाहवा** के निवास पर गजलांजलि का दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा राजीव पाहवा, डॉ. सखा पाहवा एवं शायर आरिफ अफजल का स्वागत किया गया।
- **चारभुजानाथ** को लगेगा छप्पन भोग, माहेश्वरी समाज का अन्नकूट व दीपावली मिलन आज, गोलामंडी स्थित माहेश्वरी भवन में होगा आयोजन, समाजजनों से सपरिवार शामिल होने की अपील
- **माधवनगर अस्पताल** में खुलेंगे नवीन ब्लड बैंक और जन औषधि केंद्र, पैथोलॉजी लैब की भी होगी शुरूआत, मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रेडक्रॉस सचिव अनुराग जैन ने रखे प्रस्ताव, न्यूनतम दरों पर मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं
- **महाकाल मंदिर** प्रबंध समिति को बैंक ऑफ इंडिया ने सौंपी 47 दान पेटियां, फील्ड महाप्रबंधक ने विधिवत सुपुर्द की चाबियां, बैंक ने निभाया सामाजिक व धार्मिक दायित्व
- **अँधेरे दिल** के मिटाओ तो कुछ बात बने... गजलांजलि के दीपावली मिलन में गूंजी रचनाएं, डॉ. सखा पाहवा के निवास पर आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने दिया आत्मबोध और स्नेह का संदेश
- **विक्रमादित्य** क्लॉथ मार्केट के दीपावली मिलन में लगे छप्पन भोग, मर्चेंट एसोसिएशन ने किया उत्कृष्ट कारोबारियों व दलालों का हुआ सम्मान
- **सेवादल कांग्रेस** संगठन की रीढ़, इसकी गौरवशाली परंपरा आजादी के आंदोलन से जुड़ी है : महेश परमार, शहर कांग्रेस कार्यालय में सेवादल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान एवं पदभार ग्रहण समारोह संपन्न
- **माँ गढ़कालिका** को लगा 56 भोग, अन्नकूट महोत्सव में हुई भव्य महाआरती, मुख्य शासकीय पुजारी महंत टीना नाथ व गादीपति महंत आदित्यनाथ के सानिध्य में संपन्न हुआ विशेष पूजन-श्रृंगार
- **शहर कांग्रेस** कार्यालय में कांग्रेस सेवादल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान एवं पदभार ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सेवादल के संस्थापक स्वर्गीय एनएस हार्डीकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

चार माह के दरमियान में सीवर और फूड वेस्ट टैंक की सफाई में गई पांच की जान

निगम के पास पूरे संसाधन उपलब्ध, निजी संस्था में रिस्क पर हादसे

मानव अधिकार आयोग ने भी मांगी थी पीपलीनाका क्षेत्र में हुए हादसे की रिपोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड स्थित होटल श्रीगंगा में हाल ही में फूड वेस्ट टैंक की सफाई के दौरान हुए हादसे में चार लोगों की मौत हुई थी। इससे पूर्व जुलाई माह में भी पीपलीनाका पर सिवरेज लाइन की सफाई के दौरान भी शहर में हादसा हो चुका है। पिछले 4 माह के दरमियान इस तरह के दो हादसों में 5 लोगों की मौत होना सामने आ रहा है। इसके साथ ही आधा दर्जन लोग दोनों मामलों में घायल हुए हैं। नगर निगम उज्जैन के पास तमाम संसाधनों एवं विशेषज्ञों की मौजूदगी के साथ अत्यंत कम दर पर इस काम को किए जाने के बावजूद निजी संस्थाओ में इस तरह के हादसों से सवाल खड़े हो रहे हैं।

7 जुलाई को शहर के पीपली नाका क्षेत्र में सीवरेज लाइन की सफाई के दौरान हादसा हुआ था। उसके बाद 31 अक्टूबर को देवास रोड स्थित होटल श्री गंगा में फूड वेस्ट टैंक की निजी स्तर पर सफाई के दौरान हादसा हुआ है। दोनों हादसों में काम को अंजाम दे रहे 5 लोगों की मौत होना सामने आया है । प्रारंभिक पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में दम घुटना ही सामने आया है। बिसरा जांच रिपोर्ट अपेक्षित हैं।



पीपलीनाका पर एक की मौत, घायल

07 जुलाई 2026 पीपली नाका, भैरवगढ़ रोड, उज्जैन - सीवरेज प्रोजेक्ट का चैंबर सीवर चैंबर की सफाई के दौरान 2 मजदूर अंदर उतरे, बेहोश हुए। तीसरा बचाने उतरा वो भी बेहोश हुआ। अशोक पिता भेरूलाल सालाखेड़ी गाँव, तहसील आलोट, जिला रतलाम की मौत अस्पताल में होना सामने आया था। अशोक चैंबर में ब्लॉक क्लियर करने के लिए बिना सुरक्षा उपकरण के उतरा था, तभी जहरीली गैस चढ़ने से गिर गया और बेहोश हो गया। घायल गोपाल डाबी पिता थावर, निवासी इलासपुरी गाँव, तहसील घट्टिया, उज्जैन अशोक को बचाने उतरे थे। रमेश चौहान पिता जुझार, निवासी आलोट, रतलाम-अशोक को बचाने उतरे थे। घटनाक्रम के समय उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा वहां से गुजर रहे थे और उन्होंने तत्काल रूककर मदद पहुंचाने एवं घायलों को अस्पताल पहुंचाने में त्वरित कार्रवाई की थी। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती कराया गया था। जहरीली गैस से दम घुटना सामने आया था। मानव अधिकार आयोग ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और उज्जैन एसपी को नोटिस जारी कर 2 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी थी, जिसमें जांच की स्थिति और मृतक के परिजन को मुआवजा और घायलों की स्थिति शामिल थी।

फूड वेस्ट टैंक में 4 की मौत, 3 घायल

31 अक्टूबर 2026 की रात होटल श्रीगंगा, देवास रोड, उज्जैन-फूड वेस्ट चैंबर/टैंक फूड वेस्ट टैंक की सफाई के दौरान पैर फिसलने से कमलेश टैंक में गिरा, बचाने के लिए एक-एक कर 3 और उतरे। कमलेश तंबोली पिता, नितिन वाल्मीक पिता ताराचंद, वाहिद खान, मनोज मीणा पिता तेजमल मीणा होटल सुपरवाइजर की दम घुटने से मौत होना प्रारंभिक रूप से सामने आया। हेमराज बचकर बाहर निकला, 2 बचाने वाले बीमार हुए, 3 पुलिसकर्मी भी रेस्क्यू में घायल हुए। पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट में दम घुटना सामने आया। बिसरा जांच के लिए भेजा गया है।

नगर निगम के पास पूरे संसाधन मौजूद

सीवर, सेप्टिक टैंक एवं फूड वेस्ट टैंक की सफाई के लिए नगर निगम के पास पूरे संसाधन उपलब्ध हैं। नगर निगम द्वारा सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए जेटिंग-सक्शन मशीन, सक्शन मशीन, सीवर सक्शन मशीन, सीवर मशीन, पावर बकेट सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए गए हैं। इन मशीनों की क्षमता 8000, 6000, 3000 एवं 1500 लीटर तक है। इनके माध्यम से आवश्यकता एवं कार्य की प्रकृति के अनुसार सफाई कार्य संपादित करवाया जा सकता है।

अपशिष्ट टैंकों की सफाई अथवा खाली करवाने का कार्य नगर निगम से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही करवाएं। बगैर अनुमति सफाई का कार्य करवाना एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर संबंधित नागरिक, प्रतिष्ठान अथवा संस्था के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई किए जाने के प्रावधान हैं। नगर निगम ने इसे लेकर टोल फ्री नंबर 70677 11 995,14420 नगर निगम कंट्रोल रूम 0734-2535244 भी जारी किए गए हैं।

गेंहू की पूसा तेजस व बारी गोम-26 उपयुक्त

मालवा की मिट्टी में जिंक की कमी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मालवा की मिट्टी वैसे तो उपजाऊ ही रही है फिर भी समय के साथ मिट्टी में कुछ पोषक खनिज की कमी हुई है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार मालवा की मिट्टी मे जिंक व आयरन जैसे खनिज की अल्पता है। मालवा के विभिन्न क्षेत्रों से एकत्र किए गए नमूनों के परीक्षण उपरांत निम्न तत्वों की कमी देखी गई है:

पोषक तत्व	कमी (% में)
जिंक	40- 50%
आयरन	42- 45%
बोरोन	15- 20%
कॉपर	1 %
मैंगनीज	1 %



डिजीटल लैब मशीन की सुविधा

शहर में कोठी पैलेस के नजदीक मृदा परीक्षण प्रयोगशाला है जहां मिट्टी के नमूने का परीक्षण योग्य विशेषज्ञ करते हैं जो पूरी तरह निःशुल्क है। यहां पर ही डिजीटल मिनी लैब मशीन भी है जो मिट्टी की जांच विभिन्न पैरामीटर्स पर करती है। किसान इस व्यवस्था का लाभ ले सकते हैं।

वॉटर लॉगिंग मुख्य वजह

मालवा के कुछ क्षेत्रों में पानी रूकता है जिसे वॉटर लॉगिंग कहते हैं। मिट्टी में पानी के ठहराव से आयरन की कमी बढ़ जाती है।

जिंक की कमी वाली मिट्टी के लिए उत्तम वैरायटी
जिंक की कमी होनेपर कृषि वैज्ञानिक उक्त प्रजातियों की अनुशंसा करते हैं :
हल्का अनाज, ओट्स , लहसुन, सूरजमुखी, गेंहू की पूसा तेजस, बारी गोम- 26, जिंकोल आदि।

महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए क्रिकेटर सुरेश रैना



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय क्रिकेटर रहे सुरेश रैना शुक्रवार तड़के उज्जैन पहुंचे। उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। रैना तड़के करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे और लगभग दो घंटे नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल का जाप करते रहे।

भस्म आरती के बाद रैना ने देहरी से भगवान महाकाल का पूजन किया। उन्होंने नंदी जी का पूजन कर जल अर्पित किया और विधि-विधान से भगवान का आशीर्वाद लिया।

देवउठनी एकादशी पर बनेंगे कई खास संयोग

तीन राशि वालों का चमकेगा भाग्य और मिलेगा बड़ा लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस साल देवउठनी एकादशी का व्रत 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को रखा जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस दिन पूर्वाभाद्रपद और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के साथ सिद्धि योग का संयोग रहेगा। वहीं, इस पावन तिथि पर भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा से जागेंगे। ऐसे में देवउठनी एकादशी का दिन कुछ राशि वालों के लिए विशेष रूप से शुभ रह सकता है। इन जातकों को धन लाभ और मान-सम्मान मिलने के साथ भाग्य का भी पूरा साथ मिल सकता है। साथ ही लंबे समय से अटके काम पूरे होने के योग बनेंगे। आइए जानते हैं, किन 3 राशियों के लिए यह समय अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों के लिए देवउठनी एकादशी का समय अनुकूल रह सकता है। आपकी मन की कोई इच्छा पूरी हो सकती है। आपको आर्थिक मामलों में फायदा मिल सकता है। इसके अलावा नौकरी को लेकर बड़ी डील होगी। आय के नए अवसर बनेंगे और धन से जुड़ी परेशानियों में राहत मिलने के संकेत हैं। परिवार में भी सुखद माहौल बना रहेगा। कई नए अवसर मिल सकते हैं।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों के लिए यह समय भाग्यशाली साबित हो सकता है। धन लाभ होगा। आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं और कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे। अटके काम मनचाहे तरीकों से पूरे होंगे। इसके अलावा विवाह में आ रही बाधाएं दूर होने के योग हैं। विवाह के लिए घर से मंजूरी मिलने के योग हैं। लंबे समय से रुके हुए काम भी गति पकड़ सकते हैं।

धनु राशि- धनु राशि वालों को इस दौरान भाग्य का पूरा साथ मिल सकता है। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। आपके प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है। दोस्तों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे और उनका सहयोग भी मिल सकता है। सफलता मिलने से जीवन में अच्छे बदलाव महसूस होंगे। आत्मविश्वास इस सम. आपका बढ़ेगा।

महामृत्युंजय द्वार के समीप जान जोखिम में डालकर इस पार से उस पार निकल रहे लोग

नवनिर्मित फ्लाईओवर के नीचे उबड़खाबड़ मार्ग से निकलने को मजबूर लोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर रोड पर महामृत्युंजय द्वार के पास चौराहे पर पिछले कई दिनों से यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है सबसे ज्यादा परेशानी महामृत्युंजय द्वार के आसपास की कॉलोनी में बसे लोगों को उठानी पड़ रही है।

फ्रीगंज व नानाखेड़ा से काला पत्थर होते हुए महामृत्युंजय द्वार की तरफ स्थित कॉलोनी में जाने के लिए लोगों को काफी मुश्किलें झेलनी पड़ रही है और लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस पार से उस पार आना जाना कर रहे हैं। महामृत्युंजय द्वार के समीप चौराहे पर नवनिर्मित फ्लाईओवर के नीचे से निकलते समय लोगों को काफी परेशानी झेलना पड़ रही है। फ्लाईओवर के नीचे बने डिवाइडर पर चढ़कर निकल रहे हैं। डिवाइडर का काम भी अधूरा पड़ा हुआ है। और यहां मिट्टी व मलबा पड़ा होने की वजह से यह रास्ता उबड़खाबड़ स्थिति में है। इस कारण यहां से निकलने में वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई दिनों से लोग इस डिवाइडर के ऊपर डाली गई मिट्टी व उबड़खाबड़ रास्ते से निकलने को मजबूर है। लेकिन यहां की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया है। पिछले दिनों यहां के क्षेत्रवासियों ने यहां चल रहे निर्माण कार्य को लेकर विरोध जताते हुए चक्का जाम कर दिया था। लेकिन उसके बावजूद भी यहां की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया है।

इस कारण महामृत्युंजय द्वार की तरफ कॉलोनी में बसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस चौराहे से डिवाइडर पर चढ़कर सड़क पार कर रहे हैं। डिवाइडर बनने की वजह से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस परेशानी का अभी तक कोई निदान नहीं किया गया है ना ही कोई अस्थाई व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।



निगम आयुक्त ने दो तालाब से टैगोर मार्ग तक चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

संबंधित अधिकारी एवं एजेंसी चौड़ीकरण मार्ग के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के अंतर्गत उज्जैन शहर में सिंहस्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शुक्रवार सुबह दो तालाब से टैगोर मार्ग तक प्रस्तावित 18 मीटर चौड़े एवं लगभग 1 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को दिए।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त मिश्रा ने दो तालाब चौराहे पर स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन के अनुरूप मार्किंग करने तथा मार्ग चौड़ीकरण से संबंधित सभी घटकों पर समानांतर रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिल्डिंग लाइन, पेयजल लाइन, सीवर लाइन सहित अन्य आवश्यक कार्यों को चरणबद्ध तरीके से समय पर पूर्ण करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में शेष कार्य पूर्ण करें, ताकि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अनुरूप मार्ग को व्यवस्थित एवं सुगम बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद साहू, सहायक यंत्री शिवम दुबे, मुकुल मेश्राम, संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि एवं कंसल्टेंट उपस्थित रहे।





दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 14 नवंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

मैडम! क्षेत्र में सख्ती दिखाइए, वरना बदमाशों के हौसले ऐसे ही बुलंद रहेंगे

इंदौर। इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र में बदमाशों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार रात सीमा क्षेत्र पर कब्जे के विवाद में विका और हितेश ने दीपेश चोरे पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात इतनी बेरहम थी कि विका ने युवक का कान काटकर अलग कर दिया। विका पर पहले से हत्या के दो मामले दर्ज बताए जा रहे हैं और वह जमानत पर बाहर था। ऐसे बदमाश खुलेआम चाकू चला रहे हैं, आखिर मैडम की सख्ती कहां नजर आ रही है? क्या किसी बड़ी वारदात के बाद ही पुलिस जागेगी?


रूफ टॉप सोलर उत्पादन अब एक लाख से ज्यादा स्थानों पर

इंदौर। स्वच्छ और पर्यावरण हितैषी ऊर्जा उत्पादन करने में पश्चिम मप्र यानि मालवा निमाड़ अंचल ने जोरदार उत्साह दिखाते हुए एक लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। पश्चिम मप्र में एक लाख से ज्यादा परिसरों में उपभोक्ताओं द्वारा लगाए गए सोलर प्लांट से स्वच्छ उर्जा उत्पादन कर पर्यावरण हित को लेकर सहयोग करने, बिजली बिल में बचत का नारा बुलंद किया गया है। इस नेक कार्य करने पर ऊजार्मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बधाई दी हैं, साथ ही पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 78 हजार रूपए तक सब्सिडी लाभ लेने का आह्वान किया हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 10 नवंबर की स्थिति में मालवा निमाड़ में रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापना का आंकड़ा एक लाख के पार हो गया। कंपनी स्तर रूप टॉप सोलर संयंत्रों की कुल उत्पादन क्षमता भी बढ़कर 560 मैगावाट से ज्यादा हो गई है।

श्रम प्रहरी पहल को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

इंदौर। श्रम विभाग द्वारा श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन एवं श्रमिकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से प्रारंभ की गई श्रम प्रहरी पहल को नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस पहल के अंतर्गत नागरिक एवं श्रमिक स्वयं जागरूक प्रहरी बनकर अपने आसपास बिना पंजीयन संचालित कारखानों एवं प्रतिष्ठानों की जानकारी श्रम विभाग तक पहुंचा सकते हैं। अपंजीकृत इकाइयों में कार्यरत श्रमिक वेतन, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित वैधानिक लाभों से वंचित रह जाते हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए श्रम प्रहरी पोर्टल के माध्यम से किसी भी अपंजीकृत इकाई की जानकारी जियो-टैग फोटो सहित ऑनलाइन दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सूचना देने वाले व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाती है।श्रम प्रहरी पोर्टल पर अब तक अनेक सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। प्राप्त सूचनाओं पर आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें संबंधित कार्यालयों को प्रेषित किया गया है।

मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य हुआ प्रारंभ



इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में आज 12 नवंबर से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 प्रारंभ हो गया है। इसके तहत आज 12 नवम्बर को इंदौर जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इस संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची और प्रारूप मतदान केंद्रों की सूची का वितरण किया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत श्रीवास्तव और मुख्य मास्टर ट्रेनर डॉ.आर. के. पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन, मतदाता केंद्रों के युक्तियुक्तकरण तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारणी की जानकारी दी गई। प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार इंदौर जिले में कुल 25 लाख 36 हजार 870 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 12 लाख 75 हजार 964 पुरुष, 12 लाख 60 हजार 810 महिला तथा 96 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेशियो 988 है। जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 3,209 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

नैनो न्यूज

- **दीपावली बाद मंडी में शुरू हुआ नया कारोबार-** देवास कृषि उपज मंडी में दीपावली अवकाश के बाद गुरुवार को शुभ मूहूर्त में अनाज की खरीदी शुरू हुई। व्यापारियों ने ढोल बजाकर नए कारोबारी सत्र का स्वागत किया।
- **मंडी में सोयाबीन खरीदी पर किसानों की नजर-** आगर मालवा जिले की कृषि मंडियों में सोयाबीन और गेहूं की आवक के साथ किसानों की भावों पर नजर बनी हुई है। नई उपज के विपणन को लेकर मंडी कारोबार में गतिविधियां बढ़ रही हैं।
- **मंडी में सोयाबीन 7151 रुपये तक पहुंचा-** शाजापुर कृषि उपज मंडी में 11 नवंबर को सोयाबीन का अधिकतम भाव 7151 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। कृषि उपज के भावों में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों और व्यापारियों की बाजार पर नजर बनी हुई है।
- **सुसनेर मंडी में कृषि कारोबार की गतिविधियां-** सुसनेर क्षेत्र में सोयाबीन और अन्य कृषि उपज के विपणन को लेकर किसान मंडियों का रुख कर रहे हैं। खरीदी-बिक्री के नए सत्र में उपज के भाव और आवक कारोबार की दिशा तय करेंगे।
- **सोना-चांदी सस्ता फिर भी सराफा बाजार सुस्त-** रतलाम सराफा बाजार में सोने-चांदी के भावों में बड़ी गिरावट के बावजूद ग्राहकी कमजोर बनी हुई है। ऊंचे भाव पर खरीदारी करने वाले निवेशकों की पूंजी फंसने की चिंता से कारोबार में नकदी का प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

उज्जैन शहर के अपार्टमेंटों मे कितने सुरक्षित हैं हम? जांच मुनासिब

बहुमंजिला भवन मे लापरवाही खतरे की घंटी, 15 मीटर व उससे अधिक ऊंची रिहायशी बिल्डिंग के लिए फायर नो ओबजेक्शन सर्टिफिकेट अनिवार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर मे विगत कुछ वर्षों से महानगर की तर्ज पर अपार्टमेंट्स व मल्टी नजर आने लगी हैं। शहर के सेन्ट्रल कोतवाली के नजदीक बागडिया टावर कुछ चंद पुरानी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग मे शुमार है जहां आगजनी की घटना हुई। बाबा महाकाल की कृपा और प्रशासन व इलाके के सेवाभावी लोगों की बदोलत किसी तरह की जनहानि नहीं हुई किन्तु ये घटना एक प्रश्नचिन्ह तो है ही कि क्या शहर के बहुमंजिला अपार्टमेंट्स मे अग्निरोधी सुरक्षा उपकरण के माकूल बंदोबस्त हैं ?

इनका समय समय पर रखरखाव होता है या नहीं और इनकी मानीटरिंग भी होती है या नहीं ? सामान्यतया देखा गया है कि जब घटना याद दुर्घटना घटित हो जाती है तब संबंधित शासकीय अमला हरकत मे आता है , निरीक्षण व जांच कुछ दिन तक होती हैं और फिर वही सुस्ती का आलम। क्या आज आम व्यक्ति की जान इतनी सस्ती हो चुकी है कि हम मानव- जनित आपदा के कारण किसी घर का चिराग असमय ही बुझ जाए या किसी बूढे माता पिता की छडी छिन जाए? देवासरोड स्थित होटल श्रीगंगा हादसे को अभी शहरवासी भूल भी नहीं पाए थे कि बागडिया टावर मे कचरे के ढेर की आग ने विकराल रूप धारण कर टावर को लगभग तीन घंटे तक घेरे रखा। रहवासियों ने मौत को बहुत करीब से देखा और जब आग पर काबू पा लिया तब अंततः सुकून की सांस ली। मल्टीस्टोरी बिल्डिंग मे प्रलोभन देकर फ्लेट तो बेच दिए जाते हैं किन्तु रहवासियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए इस बाबत किसी प्रकार की ट्रेनिंग नहीं दी जाती है । ऐसे मे रहवासी दुर्घटना होने पर घबरा जाते हैं और होश खो बैठते हैं। आग लगने पर ज्यादातर मौत ,घुटन से होती हैं। धुंआ और जहरीली गैस श्वसनतंत्र को प्रभावित करता है। ऐसी स्थिति मे लोगों को नाक व मुंह पर गीला कपडा रखकर रेंगते हुए चलना चाहिए क्योंकि धुंआ ऊपर रहता है।

फायर सेफ्टी का प्रावधान और नियम

अग्नि सुरक्षा उपकरण से संबंधित बहुत से नियम का प्रावधान एन बी सी - 4 की गाइडलाइन मे हैं और स्थानीय शासन यानी लोकल म्यूनिसिपल कार्पोरेशन के बायलाज मे भी सुरक्षा के नियम स्पष्ट हैं किन्तु इनका पालन हो रहा है या नहीं इसमे झोल देखने को मिलता है। 15 मीटर व उससे अधिक ऊंची रिहायशी बिल्डिंग के लिए फायर नो ओबजेक्शन सर्टिफिकेट अनिवार्य होता है। इसके तहत मल्टीस्टोरी की प्रत्येक मंजिल पर नियमानुसार हर 22.5 मीटर पर पोर्टेबल अग्निशमन उपकरण , पूरी तरह कार्यशील वेट राइजर और हाइड्रेंट सिस्टम लगा होना चाहिए।

बहुमंजिला भवनों मे नीचे की मंजिल पर दुकानें व व्यावसायिक प्रतिष्ठान होते हैं। इन दुकानों मे क्या सामान रखा है इसकी जांच होती नहीं है और इसका खतरनाक खामियाजा रहवासियों को उठाना पडता है। दुकानों के अंदर रखा पेन्ट, आइल, थिनर जैसे ज्वलनशील पदार्थ आगजनी की घटना को विकराल बनाने के माध्यम बनते हैं।

फायर डिटेक्शन व अलार्म आवश्यक

बायलाज मे स्पष्ट दिया है कि बहुमंजिला भवन के बेसमेंट और सभी सामान्य क्षेत्रों मे स्वचालित फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम होना चाहिए। इसके अलावा फायर फायटिंग लिफ्ट का भी प्रावधान हो। मल्टी के रास्तों की सीढियों ,गलियारों और आपातकालीन निकास मार्गों पर शू रेक , साइकल , ज्वलनशील पदार्थ व अन्य रुकावट पैदा करनेवाले सामान रखना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसा होने पर सख्त कार्रवाई व जुमार्ने की व्यवस्था भी है। इतने नियम होने के बावजूद मल्टीस्टोरी बिल्डिंग मे इनका निरीक्षण व मानीटरिंग का अभाव ही आगजनी जैसी दुर्घटनाओं को आमंत्रण देता रहा है।



प्रथम पूज्य की अनदेखी पर समिति ने खोला मोर्चा

करोड़ों के प्रोजेक्ट में चिंतामण गणेश को जगह नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के लिए उज्जैन में मंदिरों के विकास पर 1124 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यूडीए 1123.52 करोड़ की लागत से मंदिरों में सुगम दर्शन व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, सड़क मार्ग और सुरक्षा जैसी आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करेगा लेकिन इस बड़ी योजना में उज्जैन के प्रथम पूज्य श्री चिंतामण गणेश मंदिर का नाम ही नहीं है। इसी बात को लेकर क्षेत्रवासियों और चिंतामन गणेश क्षेत्र विकास समिति में भारी नाराजगी है।

समिति ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत श्री चिंतामण गणेश मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र को विकास योजनाओं में सम्मिलित कर समय-सीमा में आवश्यक निर्माण एवं यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। यूडीए की टेंपल डेवलपमेंट योजना में जिन मंदिरों को शामिल किया गया है, उनमें श्री कालभैरव मंदिर, श्री मंगलनाथ मंदिर, श्री सांदीपनि आश्रम, शनि मंदिर एवं नवग्रह मंदिर, 84 महादेव मंदिर, श्री अंगारेश्वर मंदिर, श्री भूखी माता मंदिर, श्री गढ़कालिका माता मंदिर, सिद्धवट घाट एवं संबंधित विकास कार्य, श्रीकृष्ण विराट रूप, श्री बगलामुखी माता मंदिर शामिल हैं। मंदिरों के विकास के लिए राशि की व्यवस्था टेंपल बॉन्ड (200 करोड़), बैंक लोन (643 करोड़), अर्बन चैलेंज फंड अनुदान और सब्सिडी (लगभग 307 करोड़) के जरिए की जा रही है।

फिर चिंतामण गणेश क्यों छूटे?

श्री चिंतामण गणेश मंदिर मालवा क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां विवाह के शुभ लग्न लिखवाने, नए वाहन की पूजा कराने, गृह निर्माण एवं अन्य शुभ कार्यों का शुभारंभ करने की परंपरा है। उज्जैन आने वाला हर श्रद्धालु सबसे पहले चिंतामण गणेश के दर्शन करता है, तभी यात्रा पूरी मानी जाती है। समिति का कहना है कि सिंहस्थ 2028 में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसके लिए शासन-प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रो मे सड़क, यातायात और मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य किए जा रहे हैं लेकिन अत्यंत खेद का विषय है कि उज्जैन के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के केंद्र श्री चिंतामन गणेश मंदिर एवं आसपास का क्षेत्र अभी तक अपेक्षित विकास योजनाओं में पर्याप्त रूप से सम्मिलित होता दिखाई नहीं दे रहा है।

सिंहस्थ में क्या होगा...?

समिति ने चेतावनी दी है कि जब सिंहस्थ में करोड़ों श्रद्धालु चिंतामण गणेश मंदिर के दर्शन करने पहुंचेंगे, तो भीड़ संभालने के लिए स्थायी कतार, शेड, बैरिकेडिंग नहीं है, मंदिर तक सड़कें संकरी हैं, पार्किंग के लिए बड़ी जगह नहीं है, पर्याप्त शुद्ध पेयजल, शौचालय और विश्राम स्थल नहीं हैं, बाहर से आने वालों के लिए धर्मशाला, रैन बसेरा की योजना नहीं है और ना ही स्टेशन से मंदिर तक सुगम, सुरक्षित और चौड़ा मार्ग बनाने की कोई ठोस योजना सामने आई है। समिति ने मांग की है कि चिंतामण गणेश मंदिर को 1124 करोड़ वाली टेंपल डेवलपमेंट योजना में तुरंत शामिल किया जाए, मंदिर परिसर का विस्तार और सुगम दर्शन व्यवस्था बनाई जाए, बड़ी पार्किंग, चौड़े पहुंच मार्ग और स्टेशन से मंदिर तक सीधा संपर्क मार्ग बनाया जाए, पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल और छाया-शेड की व्यवस्था हो और ये सभी काम सिंहस्थ 2028 से पहले समय-सीमा में पूरे किए जाएं। समिति ने कहा है कि अगर समय रहते मंदिर के विकास पर ध्यान नहीं दिया गया तो सिंहस्थ में करोड़ों श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



मेट्रो प्रोजेक्ट का काम कर रही क्रेन की चेन गिरी बुर्जुग पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम क्षेत्र में पैदल अपने घर जा रहे एक बुजुर्ग की सिर पर लोहे की भारी चेन गिरने से मौत हो गई। जिस मार्ग से वे गुजर रहे थे, वहां मेट्रो प्रोजेक्ट का काम चल रहा था। इसी दौरान क्रेन के आगे लगने वाली चेन अचानक टूटकर 80 वर्षीय विनोद कासलीवाल के सिर पर गिर गई।

भारी-भरकम चेन की चपेट में आने से उनके सिर पर गंभीर चोट आई। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में एरोड्रम पुलिस ने क्रेन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। इस घटना ने मेट्रो प्रोजेक्ट के काम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और बरती जा रही लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 80 वर्षीय विनोद पुत्र फूलचंद कासलीवाल एयरपोर्ट रोड स्थित सीताश्री अपार्टमेंट में रहते थे। वे एयरपोर्ट रोड से पैदल अपने घर जा रहे थे। इस मार्ग पर मेट्रो के अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट का काम चल रहा है, जिसमें क्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है। काम के दौरान क्रेन से भारी सामान उठाया जा रहा था। इसी बीच क्रेन की चेन का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया और उसकी चपेट में विनोद कासलीवाल आ गए। हादसे के बाद मौके पर काम कर रहे कर्मचारी घायल विनोद को पास के बाठिया अस्पताल लेकर पहुंचे। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उन्हें जंजीरवाला मार्ग स्थित शैल्बी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

प्रसूता-नवजात की मौत के बाद बोलाई स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जांच टीम, ग्रामीणों ने किया हंगामा

प्रतिबंध के बावजूद एएनएम पर डिलीवरी कराने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिला अस्पताल में प्रसूता और उसके नवजात बच्चे की मौत के मामले ने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार को मामले की जांच के लिए सीएमएचओ डॉ. कमला आर्य जांच टीम के साथ बोलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। यहां परिजनों और ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान मृतका के पति ने रोते हुए अपनी पीड़ा बयां की और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि बोलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के दौरान लापरवाही के चलते अब तक दस नवजात बच्चों की मौत हो चुकी है। शिकायतों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने करीब एक साल पहले ही यहां प्रसव कराने पर प्रतिबंध लगा दिया था, इसके बावजूद यहां पदस्थ एएनएम मधुबाला द्वारा लगातार डिलीवरी कराए जाने का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब केंद्र पर प्रसव कराने की अनुमति नहीं है तो फिर यहां डिलीवरी कैसे हो रही है और जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की।

डिलीवरी के बाद बिगड़ी थी प्रसूता और नवजात की हालत

मामला ग्राम सिमरोल निवासी मोनिका पति हंसराज परमार से जुड़ा है। परिजन बीते सोमवार को डिलीवरी के लिए उन्हें बोलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि यहां प्रसव के बाद मोनिका को ब्लीडिंग होने लगी, वहीं नवजात को भी सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालत बिगड़ने पर दोनों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन कुछ समय बाद प्रसूता और नवजात दोनों की मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों पर भी गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि जब वे गंभीर हालत में प्रसूता और नवजात को लेकर पहुंचे तो अस्पताल का स्टाफ मोबाइल फोन चलाने में व्यस्त था और समय पर उपचार नहीं मिल पाया। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीमा पर कब्जे को लेकर विवाद

बदमाश ने युवक का कान काटकर किया अलग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के एमआईजी थाना क्षेत्र में गुरुवार रात सीमा क्षेत्र पर कब्जे को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। अनूप नगर में दो बदमाशों ने दीपेश चोरे पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात की बेरहमी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुख्य आरोपी विका ने चाकू से वार कर दीपेश का कान ही काटकर अलग कर दिया। अचानक हुई चाकूबाजी से इलाके में हड़कंप मच गया। सड़क पर युवक को लहूलुहान देख आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े।

जानकारी के मुताबिक, घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे अनूप नगर में भमोरी से आस्था टॉकीज रोड के सामने हुई। सीमा क्षेत्र पर कब्जे की बात को लेकर विका और हितेश का दीपेश चोरे से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों आरोपियों ने दीपेश पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान विका ने दीपेश के कान पर वार कर उसे शरीर से अलग कर दिया। हमले में दीपेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से भागने लगे, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने पीछा कर हितेश को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने उसकी पिटाई की और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, मुख्य आरोपी विका मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

लालपुल से भोग माता और काल भैरव मंदिर तक सुगम होगी राह

सिंहस्थ बायपास से उन्हेल रोड तक से बनेगी नई सीसी रोड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर के बुनियादी ढांचे को आधुनिक रूप देने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने एक बड़ी कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने शहर के प्रमुख धार्मिक और व्यावसायिक मार्गों को जोड़ने वाले रिवर फ्रंट सीसी रोड पैकेज दो के निर्माण शुरू कराने के लिए ठेकेदार चयन की प्रक्रिया शुरू की है। योजना 111 करोड़ 68 लाख रुपये की है, जिसके धरातल पर उतरने से सिंहस्थ बायपास से लेकर उन्हेल कनेक्टिंग रोड तक का सफर बेहद आसान और सुरक्षित हो जाएगा। योजना के अंतर्गत शहर के तीन महत्वपूर्ण हिस्सों में सीमेंट-कंक्रीट की आधुनिक सड़क बनाई जाएगी। इसमें सिंहस्थ बायपास से लालपुल तक, लालपुल से भोग माता मंदिर तक और काल भैरव मंदिर से उन्हेल कनेक्टिंग रोड तक का हिस्सा शामिल है। इन मार्गों पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों का भारी दबाव रहता है।

उखड़ने का खतरा नहीं रहेगा

उज्जैन में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे में सड़क संपर्क का विस्तार शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों, प्रमुख आवागमन मार्गों और आसपास के क्षेत्रों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित करने में सहायक हो सकता है। नई सड़क बनने से न केवल जाम की समस्या खत्म होगी, बल्कि बारिश के दिनों में सड़क उखड़ने का खतरा भी नहीं रहेगा। इस प्रोजेक्ट में केवल सड़क निर्माण ही नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अन्य बुनियादी काम भी शामिल किए गए हैं। मुख्य सीसी रोड के साथ-साथ पानी की निकासी और पेयजल या अन्य पाइपलाइन व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए 100 मिमी स्लुइस वॉल्व और स्लुइस प्लेट के लिए विशेष चैंबर बनाए जाएंगे।

रिवर फ्रंट के सौंदर्य में भी निखार आएगा

महाकालेश्वर मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर वर्षभर श्रद्धालुओं का आगमन होता है और सिंहस्थ के दौरान यह संख्या अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच जाती है। ऐसे में मंदिरों के विकास, सड़कों के विस्तार और नागरिक सुविधाओं के आधुनिकीकरण का लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था तक पहुंच सकता है। इसके अतिरिक्त मिट्टी के कार्य और आवश्यक विशेष फिटिंग्स भी की जाएंगी, ताकि सड़क बनने के बाद बार-बार खुदाई की नौबत न आए और सड़क की उम्र लंबी बनी रहे। उज्जैन विकास प्राधिकरण का लक्ष्य है कि निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही योग्य एजेंसी को जल्द से जल्द कार्यादेश जारी कर दिया जाए।

उज्जैन की धार्मिक पहचान भगवान महाकालेश्वर के ज्योतिर्लिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां स्थित प्राचीन मंदिरों और उनसे जुड़ी सदियों पुरानी मान्यताओं में भी इसकी आध्यात्मिक विरासत समाहित है। इसी दृष्टि से शहर के 84 महादेव मंदिरों में सुविधाओं के विस्तार और सुधार की योजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इन मंदिरों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व उज्जैन की प्राचीन परंपराओं से गहराई से जुड़ा है। श्रद्धालुओं के लिए इन स्थलों के दर्शन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह धार्मिक यात्रा और आध्यात्मिक अनुभूति का भी हिस्सा हैं। मंदिर परिसरों में बेहतर व्यवस्थाएं, स्वच्छता, सुगम आवागमन और श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं विकसित होने से इन धार्मिक स्थलों की उपयोगिता और आकर्षण बढ़ सकता है।

सिंहस्थ 2028 में सेवा के लिए अभी से तैयार होंगे 250 युवा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में लाखों श्रद्धालुओं की सेवा, सहायता और व्यवस्थाओं में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ 250 से अधिक स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण देकर सेवा कार्यों के लिए तैयार करेगा।

खास बात यह है कि इस प्रशिक्षण का दायरा केवल सिंहस्थ की व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं को नशामुक्ति, टीबी उन्मूलन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए 13 से 19 नवंबर तक सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। 'नशा एवं टीबी मुक्त युवा तथा सिंहस्थ 2028' विषय पर होने वाला यह शिविर देवास रोड स्थित श्री राज राजेन्द्र जयन्तसेन सूरि शिक्षा महाविद्यालय ग्राम मानपुरा में होगा।

शिविर में विश्वविद्यालय के 250 से अधिक स्वयंसेवकों के साथ सातों जिलों से एक-एक पुरुष एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला संगठक शामिल होंगे। कोर ग्रुप के सदस्यों को मिलाकर प्रतिभागियों की संख्या करीब 300 रहेगी। राज्य एवं केंद्र सरकार के उच्चाधिकारी, महाविद्यालयों के प्राचार्य और वरिष्ठ स्वयंसेवक भी प्रशिक्षण में सहभागिता करेंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक शेखर मैदमवार के अनुसार शिविर में विशेषज्ञों के व्याख्यान, समूह चर्चा और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

न्यूज कालम



मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर में 47 हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच

बड़वानी । महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर का आयोजन रोसर में किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान कुल 23 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही कुपोषण की पहचान के अंतर्गत 9 सैम एवं 15 मैम बच्चों की जांच एवं पहचान की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन एवं बीएमआई की जांच, टीकाकरण की स्थिति तथा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का वजन एवं लंबाई मापन, ग्रोथ मॉनिटरिंग, सैम-मैम बच्चों की पहचान, पूरक पोषण आहार संबंधी जानकारी एवं मातृ-शिशु पोषण शिक्षा प्रदान की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की समय पर जांच करना, कुपोषण की पहचान कर उचित उपचार एवं प्रबंधन सुनिश्चित करना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

व्रत अनुष्ठान पूर्ण करने के लिए शिवालयों में अलसुबह से ही व्रतधारियों का जमघट लगा



बाग। मनसा महादेव सोलाह सोमवार का व्रत अनुष्ठान पूर्ण करने के लिए शिवालयों में अलसुबह से ही व्रतधारियों का जमघट लगा। सूत के महादेव बनाए और शिव पार्वती का पूजन किया। इसके बाद कथा श्रवण कर आरती के बाद प्रसाद वितरण कर जोड़ों को भोजन करवाया गया। नगर मे अधिकांश शिव मंदिर में मंशा महादेव व्रत का समापन शुक्रवार को हुआ। व्रत साधक श्रीमती प्रियंका विजय भावसार ने चर्चा मे बताया कि यह व्रत श्रावण सुदी चौथ से कार्तिक सुदी चौथ तक सोलह सोमवार तक किया जाता है। व्रत पुर्ण होने के बाद इसका विधि विधान से उद्यापन अनुष्ठान हुआ। यह व्रत चार साल तक के लिए जाता है और सोलह सोमवार किया जाता है। यह व्रत मन की मनोकामना के लिए किया जाता है। इस दौरान महादेव की पूजा अर्चना की जाती है। व्रत करने वाले सुपारी व कच्चे सूत से महादेव बनाकर सोलह सोमवार तक उसकी पूजा अर्चना करते हैं। इसके बाद उद्यापन में सवा सेर आटा, सवा सेर गुड़, सवा सेर घी का चूरमा बनाकर महादेव को भोग लगाया जाता है। इसके बाद चूरमे को प्रसाद के तौर पर उपासक स्वयं ग्रहण करते हैं। व्रत करने वाले इस दिन चूरमे का प्रसादी ग्रहण कर व्रत खोलते हैं नगर के विभिन्न शिवालयों में मनसा महादेव व्रत का उद्यापन अनुष्ठान साधको के बीच सम्पन्न हुआ।

शीतला माता मंदिर के नए पीठाधीश्वर बने आचार्य सुशांत गार्गव



सनावद। नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर में गुरुवार को धार्मिक परंपराओं के अनुरूप आचार्य पं. सुशांत गार्गव का पट्टाभिषेक किया गया। संत समाज की उपस्थिति में उन्हें मंदिर का पीठाधीश्वर नियुक्त कर मंदिर की धार्मिक एवं व्यवस्थागत जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच संतों ने तिलक लगाकर तथा चादर ओढ़ाकर उनका अभिषेक एवं सम्मान किया। पीठाधीश्वर का दायित्व मिलने के साथ ही आचार्य सुशांत गार्गव अब मंदिर की नियमित पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठानों, पर्व-आयोजनों और मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे। इस अवसर पर संतों ने कहा कि धार्मिक परंपराओं का संरक्षण और उनका निरंतर निर्वहन समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आचार्य गार्गव के नेतृत्व में मंदिर की धार्मिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने के साथ आध्यात्मिक परंपराओं को भी मजबूती मिलेगी। पट्टाभिषेक समारोह में मध्यप्रदेश संत समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेंद्र गिरी महाराज (राज मंदिर, सनावद), महंत श्री रामानंद गिरी महाराज, महंत पवन चैतन्य महाराज (अन्नपूर्णा आश्रम, ओंकारेश्वर), महंत हनुमान दास महाराज (गोपाल लाल मंदिर, बड़वाह), महंत देवराम दास महाराज (कटघरा), महंत रामदास जी महाराज (रायसेन) एवं श्री सुखदेव बाबा (गंगा गौशाला, धनगांव) विशेष रूप से उपस्थित रहे। संतों ने आचार्य को शुभकामनाएं देते हुए धर्म, सेवा और मंदिर की मयार्दाओं के अनुरूप दायित्व निभाने की अपेक्षा जताई।

सनावद में पधारे दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु,16 घरों में किए कदम मुबारक

सनावद। दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब का पहली बार सनावद नगर आगमन हुआ। उनके आगमन को लेकर बोहरा समाज में विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। नगर में प्रवेश पर समाज के सैकड़ों अनुयायियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। नगर आगमन के दौरान धर्मगुरु सैयदना साहब ने समाज के अनुयायियों के करीब 16 घरों में कदम मुबारक किए। धर्मगुरु के अपने घर पधारने से परिवारों की खुशियां देखते ही बनीं। घरों में उनका आत्मीय स्वागत किया गया और परिवारजनों ने श्रद्धा के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। हर कोई धर्मगुरु की एक झलक पाने और उनका आशीर्वाद लेने को उत्सुक नजर आया। सनावद में धर्मगुरु का प्रथम आगमन और अनुयायियों के घरों में कदम मुबारक करना समाज के लिए अविस्मरणीय पल बन गया। समाजजनों ने इसे अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण अवसर बताते हुए हर्ष व्यक्त किया।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री के प्रथम खंडवा आगमन की तैयारियों को लेकर विधि प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी के प्रथम खंडवा नगर आगमन एवं प्रबुद्धजन संगोष्ठी के आयोजन को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं और अधिक से अधिक प्रबुद्धजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी १३ नवंबर, शुक्रवार को खंडवा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान शाम ५:३० बजे भंडारिया रोड स्थित मीत परिसर में प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उनके प्रथम नगर आगमन को लेकर भाजपा कार्यकताओं और विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों में उत्साह है। कार्यक्रम के आमंत्रण में भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, प्रदेश सहसंयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश देवेंद्र सिंह यादव एवं जिला संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ खंडवा मोहन गंगराड़े को आयोजक के रूप में शामिल किया गया है।

बैठक में कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। प्रबुद्धजन संगोष्ठी के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजनों को संगठन महामंत्री के विचार सुनने और संगठनात्मक विषयों पर संवाद करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर मौसम गंगराड़े, महेंद्र यादव एवं मनीष राय सहित भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के नाम भी कार्यक्रम की आयोजन सूची में शामिल हैं। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री का यह पहला खंडवा नगर प्रवास होने के कारण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

जागृत हिंदू मंच द्वारा 28 नवंबर को आयोजित होगा दीपावली मिलन समारोह

बड़वानी। जागृत हिंदू मंच बड़वानी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी 28 नवंबर को कसरावद रोड स्थित वृंदावन गार्डन में 'विशाल दीपावली मिलन सह हिंदू जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस वृहद आयोजन में मुख्य वक्ता एकलव्यसिंह गौड़ एवं अन्य प्रमुख विचारकों द्वारा सनातन धर्म तथा हिंदू समाज के समक्ष वर्तमान और आगामी चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए जन-जागरण किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर सहित अंचल से बड़ी संख्या में हिंदू बंधु एवं भगिनी सम्मिलित होंगे। बौद्धिक सत्र के उपरांत सभी के परस्पर सहयोग से सामूहिक भोज (सहभोज) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं भव्य रूप देने के लिए दायित्वों की घोषणा की गई, जिसमें कार्यक्रम संयोजक अमित उपाध्याय, सह संयोजक सुश्री स्मिता अत्रे,आय-व्यय व्यवस्था प्रमुख सुनील गुप्ता एवं डॉ. कमलेश चोयल मंच एवं प्रचार-प्रसार प्रमुख धर्मेंद्र केवत,सह व्यवस्था प्रमुखः रामदास जोशी सवानुमति से नियुक्त किये गये। बैठक में जागृत हिंदू मंच के अध्यक्ष कृष्णा गोले, राजेश राठौड़, दीपक जेमन, बालकृष्ण सोनगरा, राजेंद्र चौहान, डॉ. कमलेश चोयल, राजेंद्र देवड़े, रामदास जोशी, धर्मेंद्र केवट सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जागृत हिंदू मंच ने इस आयोजन को ऐतिहासिक व सफल बनाने के लिए सकल हिंदू समाज से तन, मन और धन से सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया है।

अलीराजपुर-खंडवा नई रेल लाइन की डीपीआर में बदलाव के विरोध में 16 को जनआंदोलन

केंद्रीय समिति अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल करेंगे आमरण अनशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



अलीराजपुर से खंडवा तक प्रस्तावित नवीन रेलवे लाइन को लेकर ताप्ती नर्मदा रेलवे लाइन समिति, निमाड़ क्षेत्र मध्यप्रदेश ने केंद्र सरकार से शीघ्र स्वीकृति एवं निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है। समिति ने आरोप लगाया है कि कुछ राजनीतिक दबावों के चलते रेलवे लाइन की तैयार डीपीआर एवं निर्धारित अलाइनमेंट में बदलाव करने का प्रयास किया जा रहा है, जो निमाड़ एवं जनजातीय अंचल के विकास को प्रभावित करेगा।

ताप्ती नर्मदा रेलवे लाइन समिति के केंद्रीय समिति अध्यक्ष श्री दामोदर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अलीराजपुर से खंडवा तक रेल संपर्क स्थापित करने की मांग क्षेत्र में लगभग 90 वर्षों से की जा रही है। इस रेल लाइन के निर्माण से गुजरात, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के निमाड़ और जनजातीय क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क मिल सकेगा। इससे क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

श्री अग्रवाल ने बताया कि जुलाई 2024 में अलीराजपुर से खंडवा रेल लाइन के फाइनल सर्वे के संबंध में निर्णय लिया गया था। सर्वे कार्य पूर्ण होने तथा डीपीआर तैयार होने के बाद अब रेलवे बोर्ड एवं रेल मंत्रालय में आगे की प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है। ऐसे समय में डीपीआर अथवा अलाइनमेंट में बदलाव का प्रयास क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को प्रभावित कर सकता है।

उन्होंने बड़वानी-खरगोन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना के पक्ष में अपनी भूमिका निभाएं तथा केंद्र सरकार के समक्ष क्षेत्र की जनता की आवाज बुलंद करें।

श्री दामोदर अग्रवाल ने घोषणा की है कि यदि अलीराजपुर से खंडवा नवीन रेलवे लाइन की तैयार डीपीआर एवं निर्धारित अलाइनमेंट को यथावत रखते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान नहीं की गई तो वे स्वयं 16 नवंबर 2026, सोमवार से बड़वानी में आमरण अनशन प्रारंभ करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता एवं समिति के कार्यकर्ता भी जनआंदोलन में भाग लेंगे। 16 नवम्बर को आयोजित हो रहे आमरण अनशन एवं आंदोलन का स्थान विजय स्तम्भ चौराहा, अंजड़ रोड, सांसद सेवा केंद्र के पास, बड़वानी रहेगा।

सांदीपनी एकेडमी में बाल दिवस पर उमंग, प्रतिभा और सीख का अनूठा संगम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

बाल दिवस के उपलक्ष्य में सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर में दो दिवसीय विशेष आयोजन का शुभारंभ हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन, शुक्रवार 13 नवंबर को आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और अभिभावकों की सहभागिता ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों एवं आत्मविश्वास से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों की रचनात्मकता और मंच पर उनकी उत्साहपूर्ण सहभागिता विशेष आकर्षण रही।



वहीं, कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर-हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रंगों, आकृतियों और आकर्षक डिजाइनों के माध्यम से अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा एवं कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने टीम भावना और आपसी सहयोग के साथ सुंदर रंगोलियाँ सजाईं। रंगों से सजे इस कलात्मक आयोजन ने विद्यालय परिसर को उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया।इस अवसर पर कॉमर्स के विद्यार्थियों द्वारा ट्रेड फेयर का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों एवं अन्य आकर्षक वस्तुओं के स्टॉल लगाए। बच्चों एवं अभिभावकों ने अपनी पसंद की चीजें खरीदकर और उनका आनंद लेकर इस आयोजन को यादगार बनाया। ट्रेड फेयर विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक शिक्षा का सशक्त माध्यम बना, जहाँ उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, खरीद-बिक्री, संवाद कौशल, टीमवर्क एवं आत्म निर्भरता का अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक हिस्सा अभिभावकों के लिए आयोजित पैरेंटिंग सेशन रहा। विद्यालय के प्राचार्य श्री कमलेश सी. जोशी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए सचेतन एवं प्रभावी पैरेंटिंग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता-पिता की भूमिका, बच्चों को समझने, उनकी भावनाओं का सम्मान करे।



आदिवासी अंचल को टीबी मुक्त बनाने की मुहिम शुरू, तीन ब्लॉकों में लगेंगे जांच शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

जनजातीय क्षेत्रों को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में टीबी मुक्त जनजाति अभियान शुरू किया है। इसके तहत सेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का शुभारंभ जिला क्षय अधिकारी डॉ. हर्ष महाजन, पिरामल स्वास्थ्य की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. रक्षा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य टीम को रवाना किया। डॉ. महाजन ने जनजातीय क्षेत्रों में टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। डॉ. रक्षा गुप्ता ने बताया सेंट्रल टीबी डिवीजन के समन्वय और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के सहयोग से पिरामल स्वास्थ्य 10 राज्यों में पायलट आधार पर यह अभियान चला रहा है।

प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. विकास जैन के अनुसार जिले के सेगांव, भगवानपुरा और झिरन्या ब्लॉक अभियान के लिए चिह्नित किए हैं। यहां गांवों में शिविर लगाकर हितग्राहियों की निःशुल्क जांच होगी। विशेष बात यह है कि शिविरों में छाती का एक्स-रे और बलगम जांच की सुविधा भी गांव में ही उपलब्ध रहेगी।

जन विश्वास शिविर में विधायक ने सूनी समस्याएं, हितग्राहियों को किया लाभांवित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

जनपद पंचायत खरगोन के ग्राम नंदगांव बगुद में जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर गुरु प्रसाद, पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा, एसडीएम सत्येंद्र बेरवा, सरपंच राधेश्याम गुर्जर और सचिव शिवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जो अभियान प्रारंभ किया है, उसी श्रृंखला में यह शिविर है। आज इस शिविर में जिले के सभी अधिकारी मौजूद हैं, जिससे जिन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या जिनकी राजस्व सहित अन्य कोई निजी समस्या है, उसका समाधान मौके पर ही हो सके। दिन भर चले इस कार्यक्रम का बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लाभ उठाया।

वक्ताओं ने पुस्तकालय को ज्ञानवर्धन और समस्या समाधान में सहायक बताया, मोबाइल पर रील्स देखने के बजाय किताबें पढ? का आह्वान किया। इस अवसर पर नवनिर्मित पंचायत भवन और मां नाग देवी ज्ञान मंदिर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। शिविर में आयुष विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सिकल सेल परीक्षण और उपचार किया।

कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस हादसा: रेलवे की मुस्तैदी से टला बड़ा नुकसान, 4 घंटे में यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य भेजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुवाहाटी

असम के डिगारू रेलवे स्टेशन पर 11 नवंबर की सुबह कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 13125) के बेपटरी होने के बाद पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (हस्नक्र) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बड़ी राहत बचाई है। हादसे में इंजन और पांच डिब्बे पटरी से उतर गए थे, लेकिन गनीमत यह रही कि किसी भी यात्री के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की कोई सूचना नहीं है। रेलवे प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया के चलते महज चार घंटे के भीतर फंसे हुए सभी यात्रियों को एक स्पेशल रिलीफ ट्रेन के जरिए उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

कैसे हुआ हादसा? यह घटना 11 नवंबर की सुबह लगभग 6.54 बजे घटी। जानकारी के अनुसार, कोलकाता सायरंग एक्सप्रेस किसी अन्य ट्रेन को पास देने के लिए लूप लाइन में प्रवेश कर रही थी, तभी ट्रेन का इंजन और शुरूआती पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। 22 कोच वाली इस लंबी दूरी की ट्रेन में उस वक्त लगभग 782 यात्री सवार थे, जिनमें से 216 यात्री प्रभावित डिब्बों में यात्रा कर रहे थे।

रेलवे का त्वरित राहत एवं बचाव अभियान हादसे की सूचना मिलते ही पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने तत्काल प्रभाव से बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया।स्पेशल ट्रेन की व्यवस्थाः घटना के मात्र चार घंटे के भीतर एक रिलीफ स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की गई, जो सुबह 11.30 बजे सभी यात्रियों को लेकर सायरंग के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर यात्रियों को तुरंत लगभग 1200 पानी की बोतलें, चाय, बिस्कुट भेजे।

नागरिकों व प्रशासन के बीच सेतु का अभियान-जन-विश्वास अभियान

जनविश्वास अभियान से शासन और नागरिकों के बीच मजबूत हो रहा विश्वास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार संचालित मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को लालबाग स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज मंगल कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को शासकीय सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ उपलब्ध कराना है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सेवाएं प्रदान करने के साथ ही नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए।

आयोजित शिविर में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता यादव, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विवेक कुमार, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि शुक्रवार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन जनविश्वास का दिन होता है। शासन प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आवास योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने नागरिकों से शासन की जनकल्याणकारी पहल में सहभागी बनने का आह्वान किया।साथ ही विधायक चिटनिस ने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं कपड़े की थैलियों को अपनाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छता के लिए कचरा गाड़ी में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने तथा कार्यों में संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर भी जोर दिया। कलेक्टर विवेक कुमार ने कहा कि जन-विश्वास अभियान नागरिकों एवं प्रशासन के बीच सेतु का अभियान है। शासन विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक पात्र हितग्राही को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।उन्होंने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया और कहा कि शिक्षित बच्चे समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार हैं।

कलेक्टर कुमार ने नागरिकों को जागरूक रहकर सही निर्णय लेने, समाज के प्रत्येक वर्ग के हित में कार्य करने तथा सकारात्मक भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग की त्वरित कार्यवाही से जुड़े अनुभव भी साझा किए।

शिविर में पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने नागरिकों को कानूनी प्रावधानों एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम पर जोर देते हुए कहा कि बालिकाओं का विवाह निर्धारित आयु से पहले नहीं किया जाना चाहिए। यदि कहीं कम आयु में विवाह होने की जानकारी मिलती है, तो इसकी सूचना प्रशासन को देवें।उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिये पुलिस थानों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें स्कैन कर नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा त्वरित रूप से कार्यवाही की जायेगी।

पंजीयक न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, जिला उज्जैन

(समक्ष : अरूण कुमार मिश्रा, उप पंजीयक)जिला उज्जैन

आव्हान-पत्र

प्र.क्र. DR/UJN/64/2025-26/00012 पंजीयन दिनांकः 21.01.2026

प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. निपानिया गोयल, शाखा घटिया द्वारा - समिति प्रबंधका -वादी

विरूद्ध

4. चन्द्रेश जोशी (मृतक) वारिसान : 4 (अ) श्रीमती कविता जोशी पति स्व. श्री चन्द्रेश जोशी,4 (ब) श्री विक्रम जोशी पिता स्व. श्री चन्द्रेश जोशी, 4 (स) श्री गौतम जोशी पिता स्व. श्री चन्द्रेश जोशी

पता - सभी निवासीगण 46/1 केवलजी मंगलजी मार्ग बुरहानपुर (म.प्र.) प्रतिवादी क्र. 04 फोत के वारिसान

विषयः आवेदन पत्र धारा 64 के अंतर्गत राशि रू. 4,67,48,187.00 की वसूली बाबत ।

वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त उल्लेखित राशि की वसूली हेतु म.प्र. सहकारी संस्थाएँ अधिनियम 1960 की धारा 64 के अंतर्गत इस न्यायालय में वाद पेश किया है। वादी के द्वारा मृतक के वैध वारिसान कायमी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 24.08.2026 अधीन आदेश 22 नियम 4 सीपीसी व धारा 151 सी.पी.सी. के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः आपको उक्त राशि मय दण्ड ब्याज वसूली के प्रकरण में पक्षकार बनाये जाने संबंधी आवेदन पत्र पर सुनवाई के लिये यदि कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 19.11.2026 को मय प्रमाण/दस्तावेज के न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, भरतपुरी देवास रोड उज्जैन में दिन के 2.00 बजे उपस्थित होवे। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही की जावेगी।

किया गया। यह आव्हान पत्र आज दिनांक 04.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एच न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी

संलग्न - 1 आवेदन की नकल

उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, जिला उज्जैन

न्यूज -कॉलम

मोहननगर और एमपीईबी कालोनी से 2 युवक लापता

उज्जैन। चिमनगंज और पंवासा थाना पुलिस ने 2 युवकों के लापता होने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के मोहननगर में रहने वाला प्रतीक उर्फ प्रिंस पिता प्रहलाद यादव 31 साल 7 नवम्बर को घर से निकला था, जिसके बाद से वापस नहीं लौटा है। परिजन उसकी सभी रिश्तेदारों के यहां तलाश कर चुके थे। इसी प्रकार पंवासा एमपीईबी कालोनी में रहने वाला संजय उर्फ संजू पिता ओमप्रकाश राठौर 32 साल 9 नवम्बर से घर नहीं लौटा है। बताया जा रहा है कि दोनों के मोबाइल भी बंद आ रहे है। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार शाम तक दोनों का पता नहीं चल पाया था।

खुले बिजली के तारों से लगा करंट, ग्रामीण की मौत

उज्जैन। खेत में खुले बिजली के तारों से ग्रामीण को करंट लग गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजन खेत पर पहुंचे तो उन्हे घटना का पता चला। ग्रामीण को अस्पताल लाया गया, डॉक्टरों ने शव पोस्टमार्टम कक्ष भेज पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। घटना माकडोन के ग्राम ढाबला हर्दू की है। ग्रामीण ईश्वर पिता करणसिंह आंजना 36 साल खेत पर पानी फेरने गया था। उसी दौरान उसे करंट लगा था। माकडोन पुलिस के अनुसार उज्जैन से मर्ग डायरी आने पर आगे की विवेचना की जायेगी।

दुकानदार और राजस्थान के श्रद्धालु परिवार के बीच विवाद

उज्जैन। राजस्थान के रामगंज मंडी स्थित आनंद विहार से महाकाल दर्शन करने आये वैष्णव परिवार का इंटरपिटिशन चौराहा सांची पाइंट पर गुरूवार-शुक्रवार रात 11.30 बजे दुकानदार से कोल्ड्रिंक खरीदने और दुकानदार से बचे पैसे मांगने की बात पर विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दुकानदार और श्रद्धालु परिवार के बीच मारपीट हो गई। मामला महाकाल थाने पहुंचने पर श्रद्धालु परिवार के कृष्णा पिता राजेन्द्र प्रसाद वैष्णव 28 साल ने शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि स्टोन कारोबार करते है। दर्शन करने आये थे, कार सांची पाइंट के पीछे खड़ी की थी। वापस लौटते समय कोल्ड्रिंक खरीदने के लिये सौ रूपये दिये थे, शेष रूपये मांगे तो दुकानदार बहस करने लगा। उसके द्वारा मां के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी गई थी। विरोध करने उसके और भाई मुरलीधर के साथ मारपीट की। दुकानदार आकाश खिंची भी शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंच गया था। उसका आरोप था कि पैसे देने में देरी हुई तो महिला कोल्डिं:क वापस कर पूरे पैसे लौटाने की बात करने लगी थी। उसके साथ 2 युवक आये तो लात-घूंसों से मारपीट की। महाकाल पुलिस के अनुसार मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

आस्था गार्डन के सामने कार और डंपर के बीच भिड़ंत

उज्जैन। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में आस्था गार्डन के सामने गुरूवार-शुक्रवार रात कार और डंपर के बीच भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई, गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोंट नहीं आई। दोनों वाहनों के चालकों में बहस हुई, डंपर चालक मौके से चला गया। कार चालक मनीष पिता ओमप्रकाश अग्रवाल 55 साल निवासी अवंतिपुरा गीता कालोनी ने नानाखेडा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि वह इंदौर से लौट रहे थे, उसी दौरान डंपर चालक ने टक्कर मारकर कार को क्षतिग्रस्त किया। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

युवक और बुजुर्ग के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी



उज्जैन। अगस्त और सितंबर माह में 2 लोगों के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधडी के मामले में नागझिरी और इंगोरिया थाना पुलिस ने ऑनलाइन शिकायत मिलने के बाद प्रकरण दर्ज किये है। नागझिरी थाना क्षेत्र के आदीनाथ कालोनी में रहने वाले सुशील कुमार पिता स्व. प्रभुनारायण उपाध्याय 75 साल के खाते से ऑनलाइन 99 हजार रूपये निकाल लिये। दूसरा मामला ग्राम पालदूना के रहने वाले संजय पिता जगदीश परमार के खाते से 1.16 लाख रूपये का अनाधिकृत तरीके से ट्रांजेक्शन किया गया। साइबर फ्रॉड होने पर दोनों व्यक्तियों ने मामले की शिकायत हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दर्ज कराई गई थी। दोनों मामलों में पुलिस ने धोखाध?ी का प्रकरण दर्ज किया है। जिले में प्रतिदिन साइबर ठगी करने वाले लोगों को अपना शिकार बना रहे है। पिछले 3-4 माह में सौ से अधिक लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधडी के मामले सामने आ चुके है।

गिरफ्तार बदमाश का निकाला जूलूस, साथियों की तलाश.....

कब्रिस्तान के पास वाहन खड़ा करने पर मांगा था हफ्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चार दिन पहले वाहन खडा करने पर 15 सौ रूपये माह हफ्ता मांगने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसका शुक्रवार को क्षेत्र में जुलूस निकाला। बदमाश के 3 साथी फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

चिमनगंज थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 8 नवम्बर को गंगानगर में रहने वाला जितेन्द्रसिंह राजपूत ईदगाह के पास कब्रिस्तान अपना वाहन खडा करने गया था। उसी दौरान कब्रिस्तान के पास रहने वाले आरिफ पिता आशिक शाह ने अपने साथी मुजफ्फर उर्फ मोना, अकिल और शाहरूख के साथ मिलकर जितेन्द्र से 15 सौ रूपये प्रतिमाह हफ्ता देने की बात कहीं। मना करने पर चारों ने मिलकर मारपीट की और धमकी देते हुये कहा कि अब वाहन खडा किया तो आग लगा देगें। जितेन्द्र की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया था। शुक्रवार सुबह एक आरोपी आरिफ शाह को पुलिस ने क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ पूर्व में 4 अपराधिक मामले दर्ज थे। बदमाश की क्षेत्र में दहशत कम करने के लिये उसका जुलूस निकाला गया। उसके फरार साथी भी अपराधिक प्रवृति के है। जिनकी तलाश जारी है। हफ्ता वसूली का मुख्य आरोपी मुजफ्फर उर्फ मोना होना सामने आया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में एसआई नितेश मिठौरे, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, आरक्षक आनंद मिश्रा, अभिषेक राठौर, रवि पटेल और जगदीश गेहलोत का सहयोग रहा।

बदमाश ने मांगा मोहल्ले में रहने का टैक्स- पंवासा थाना पुलिस ने मोहल्ले में रहने का टैक्स मांगने वाले बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बदमाश विजय उर्फ टोकन पिता गंगाराम राठौर 25 वर्ष निवासी तलाई की पाल एक माह बाद पुलिस की गिरफ्त में आ गया। बदमाश को उसके मोहल्ले में ले जाकर रहने का टैक्स मांगने और परिवार के साथ मारपीट करने पर जुलूस निकाला गया।

टीआई गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि बदमाश के खिलाफ 11 प्रकरण दर्ज है। बदमाश ने अपने साथियों के साथ एक माह पहले सोना सोलंकी के घर जाकर मोहल्ले में रहने पर 500 रूपये प्रतिमाह मांगे थे, नहीं देने पर पूरे परिवार के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। बदमाश पूर्व में भी एक अवैध वसूली के मामले में फरार था उक्त मामले में भी उसकी गिरफ्तारी की गई है। पंवासा थाने में ही उसके खिलाफ 9 मामले दर्ज है। बदमाश को गिरफ्तार करने में एएसआई संतोष राव, प्रधान आरक्षक अब्दुल रहीम, शेखर हरियाला, आरक्षक अमर, पंकज, बृजेंद्र भारती, और योगेश मालवीय का सहयोग रहा।

बदमाशों ने 3 ट्रेनों में यात्रियों के चुराये मोबाइल- मंगलसूत्र

शिकायत मिलने पर जीआरपी ने दर्ज किये प्रकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ट्रेनों में भीड और यात्रियों की नींद का फायदा बदमाश लगातार उठा रहे है। एक दिन में अलग-अलग ट्रेनों में हुई 3 चोरी की वारदात की शिकायत जीआरपी को मिली तो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये गये।

जीआरपी से मिली जानकारी अनुसार तीनों चोरी की वारदात 10 नम्बर की है। पहला मामला इंदौर निवासी अजय कुमार की पत्नी के साथ हुआ। वह ट्रेन 20156 के जनरल कोच में नागदा से इंदौर की यात्रा कर रही थी। परिवार भी साथ में था। ट्रेन के उज्जैन से रवाना होते ही अजय की पत्नी के पर्स से अज्ञात बदमाश ने सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। नागदा पहुंचने पर जीरो पर शिकायत दर्ज कराई, जहां से मामला जांच के लिये आया है। दूसरी वारदात भोपाल के रहने वाले संदीप साहू के साथ ट्रेन 20846 बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में हुई।

जनरल कोच में उज्जैन से भोपाल की यात्रा करते समय अज्ञात बदमाश ने मक्सी के पास चार्जिंग पर लगा मोबाइल चोरी कर लिया। तीसरा मामला ट्रेन 17602 काचीगुडा एक्सप्रेस के कोच एस-5 में सीट नंबर 45 पर यात्रा कर जाट परिवार का मोबाइल खाना खाने के दौरान सीट पर रखा था। तभी अज्ञात बदमाश ने मोबाइल चोरी कर लिया। दूसरी और तीसरी वारदात के मामले भोपाल जीआरपी में दर्ज कराये गये थे, जहां से जांच के लिये उज्जैन जीआरपी के पास पहुंचे है।

पुलिस ने तीनों मामले में प्रकरण दर्ज किये है। मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है वहीं मंगलसूत्र चोरी करने वाले बदमाश के मामले में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। पिछले कई महिनों से उज्जैन से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों के साथ लगातार चोरी होना सामने आ रहा है। उज्जैन स्टेशन पर यात्रियों की भीड अधिक होने और यहां से यात्रियों के आने-जाने के दौरान बदमाश भी सक्रिय दिखाई दे रहे है।

अभियान प्रहार- फिर 2 युवकों को गांजे के साथ पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल लोगों की धरपकड के लिये पुलिस अभियान प्रहार चला रही है। एक बार फिर 2 युवकों को गांजे के साथ पकडा गया।

जिले का नशामुक्त बनाने के प्रयास पुलिस द्वारा लगातार किये जा रहे है। अवैध कारोबार में शामिल लोगों की धरपकड के लिये थाना पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम लगातार आरोपियों का पता लगाकर उनकी धरपक? में लगी है। गुरूवार को क्राइम टीम को खबर मिली कि तराना के 2 युवक मादक पदार्थ गांजा लेकर आने वाले है।

क्राइम टीम और तराना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुये युवकों को पकडने के लिये घेराबंदी शुरू की। मुखबीर की सूचना पर बिना नम्बर की यामाहा बाइक से आ रहे 2 युवकों को तराना-बगोदा रोड स्थित नाटाखे?ी तिराहे पर रोका गया। जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास थैली में रखा 5 किलो 312 ग्राम गांजा बरामद हो गया। पूछताछ करने पर युवक तराना थाना क्षेत्र के ग्राम गोलवा निवासी चेतन पिता विक्रम परमार और रवि पिता प्रहलाद थे। दोनों से हजारों का गांजा बरामद होने पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

लर्निंग लाइसेंस टेस्ट परीक्षा में फर्जीवाड़ा शुरू

उज्जैन। लर्निंग लाइसेंस की ऑनलाइन परीक्षा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए परिवहन विभाग की नई व्यवस्था को भी एजेंटों ने चकमा देने का रास्ता निकाल लिया है। अब वीडियो कॉल के जरिए आवेदक का चेहरा वेबकैम के सामने दिखाकर उसकी जगह एजेंट खुद परीक्षा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में लर्निंग लाइसेंस के लिए कैमरे के सामने परीक्षा देने की व्यवस्था लागू की थी, लेकिन अब इसमें भी गड़बड़ी सामने आई है। एजेंट आवेदक को वीडियो कॉल पर जोड़ते हैं। इसके बाद कॉल पर उसका चेहरा कंप्यूटर के वेबकैम के सामने इस तरह दिखाया जाता है कि वह परीक्षा देते हुए नजर आए। जबकि कंप्यूटर पर बैठकर एजेंट खुद सवालों के जवाब देता है। लर्निंग लाइसेंस के टेस्ट में यातायात नियमों से जुड़े 20 सवाल पूछे जाते हैं, जिनमें 14 सही करना जरूरी है। एजेंटों को सवालों के जवाब पता होने से वे आसानी से परीक्षा पास करवा देते हैं।

पहाड़ी क्षेत्र में शुरू बर्फबारी, पश्चिमी विक्षोभ की आहट

उज्जैन। उत्तर-भारत के पहाडी क्षेत्रों में बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो चुका है। रात के तापमान में कमी आ रही है। बंगाल की खाडी में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बड रही है। आगामी कुछ दिनों बाद दिन के तापमान में गिरावट आने के साथ ठंड का असर बड जायेगा।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-भारत के पहाडी क्षेत्रों में बर्फबारी की शुरूआत हो गई है। हिमाचल और उत्तराखंड के साथ लद्दाख-कश्मीर में बर्फबारी की रफ्तार बड रही है। जिसका असर मध्यप्रदेश जल्द दिखाई दे सकता है। पश्चिमी विक्षोभ का नया सिस्टम भी सक्रिय है। जिसके चलते हवा नीचे की ओर बहने लगी है। आगामी दिनों में दिन का तापमान भी कम होने लगेगें। इसी माह के तीसरे सप्ताह में नया चक्रवात भी उठ सकता है। जो श्रीलंका से आगे बडकर बंगाल की खाडी आ सकता है। जिसके आगे बढ़ने पर हवा की गति ओर तेज हो जायेगी। उत्तर भारत के कई राज्य इसके घेरे में होगें। अधिकतम तापमान में गिरावट क्रम शुरू हो जायेगा और ठंड बढ़ने लगेगी। वैसे कुछ दिनों से उज्जैन में रात का तापमान कम हो रहा है। गुरूवार-शुक्रवार रात 14 डिग्री दर्ज किया गया था। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री रहा था। हवा 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही थी। रात का तापमान कम होने से सुबह की आर्द्रता का प्रतिशत 80 रहा था। मौसम विभाग की माने तो आगमी दिनों में आसमान हल्के बादल से भर सकता है। लेकिन बारिश की संभावना कम दिख रही है। दिसंबर माह में अधिकतम तापमान 22 से 25 डिग्री के बीच आ सकता है। न्यूनतम 10 डिग्री के नीचे होने की संभावना है। शहर में सिंहस्थ से जुडे निर्माण कार्य चल रहे है। चारों ओर धुल का गुब्बार उठ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हवा की तेज होती गति ओर परेशानी बडा सकती है।

दिल्ली पुलिस की 3 क्षेत्रों में दबिश, युवकों को पकड़ा

उज्जैन। दिल्ली घूमने गये उज्जैन के 3 युवक शोरूम से लाखों की डायमंड पैंडल लगी सोने की चेन चुराकर भाग निकले थे। सुराग तलाशते हुये दिल्ली पुलिस उज्जैन पहुंची और 3 क्षेत्रों में दबिश देकर तीनों को गिरफ्तार करने के बाद अपने साथ दिल्ली लेकर रवाना हो गई।

साउथ दिल्ली के मालाबार आभूषण शोरूम से कुछ दिनों पहले लाखों की सोने की चेन डायमंड पैंडल लगी चोरी हो गई थी। शोरूम संचालक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और चेन चोरी करने वालों के फुटेज सामने आने पर उनकी तलाश शुरू कर मोबाइल लोकेशन ट्रेस की थी। जिसके आधार पर साउथ दिल्ली की पुलिस टीम उनकी तलाश में उज्जैन पहुंची। टीम ने मक्सीरोड स्थित लक्ष्मीनगर के पास कालोनी से अंगद पिता संजय यादव को हिरासत में लिया। वहीं उसके दो साथियों की तलाश में नीलंगगा थाना क्षेत्र की जबरन कालोनी और विवेकानंद पहुंची। यहां से अर्पित मंडेरिया और एक अन्य को गिरफ्तार किया। तीनों को न्यायालय में पेश करने के बाद पूछताछ के लिये दिल्ली ले जाया गया है। तीनों की दिल्ली पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी की पुष्टि माधवनगर टीआई और नीलगंगा टीआई द्वारा की गई है।

महाकाल मंदिर में विधायक के बेटे ने बनाई रील

सुरक्षाकर्मी रोकने के बजाय करते रहे खातिरदारी कंपनी पर 5 लाख रूपए का जुर्माना, 3 को हटाया







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में मोबाइल से फोटो वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन उसके बावजूद भी विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला ने महाकाल मंदिर में चांदी द्वार तक मोबाइल से रील बनाई। मंदिर में मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने के बजाय प्रोटोकॉल के तहत अच्छे से दर्शन कराते है और हाथ मिलाते है तथा उनकी आवभगत में लगे रहते है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला सामने आया। मामले में एक्शन लेते हुए मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली कोर कंपनी पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया है। तथा चार सुरक्षाकर्मियों को कार्य मुक्त कर दिया है। यह वीडियो एक हफ्ता पुराना बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद महाकाल मंदिर की दर्शन व्यवस्था पर लोग कमेंट्स कर कई तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं।

वायरल वीडियो में विधायक गोलू शुक्ला का बेटा रुद्राक्ष शुक्ला जैसे ही नीलकंठ द्वार से मंदिर में एंट्री करता है तो उसे तुरंत ई-कार्ट उपलब्ध करवा दी जाती है और ई-कार्ट गाड़ी में बैठकर वह पूरे रास्ते में मोबाइल से रील बनाते हैं यही नहीं मंदिर में जाते समय सुरक्षा गार्ड उससे हाथ भी मिलाते हैं और सुरक्षाकर्मी उसकी आवभगत में लग जाते हैं। मंदिर के अंदर चांदी द्वार तक मोबाइल से रील बनाई जाती है ।

चांदी द्वार पर दर्शन पूजन व अभिषेक करते हुए भी रील बनाई जाती है। लेकिन सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने टोकने के बजाय उनकी आवभगत में लगे रहते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मंदिर की सुरक्षा संभालने वाली कोर कंपनी पर जरूर गाज गिरी है। कंपनी पर 5 लाख का जुर्माना लगाया है वही तीन सुरक्षाकर्मियों को नौकरी से हटा दिया है।

दर्शन व्यवस्था पर सवाल

जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोग इस वीडियो को देखने के बाद कई तरह के कमेंट्स कर रहे हैं और महाकाल मंदिर की दर्शन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है इसके पहले भी कई बार रुद्राक्ष शुक्ला ने महाकाल मंदिर में दर्शन के दौरान नियम तोड़े हैं। महाकाल मंदिर में एक तरफ आम श्रद्धालु कई घंटे लाइन में खड़े रहकर दर्शन करते हैं। लेकिन कुछ खास लोगों की मंदिर में इस कदर आवभगत हो रही है कि वह मंदिर के सारे नियम तोड़कर दर्शन करते हैं और उसके बाद भी उनको बक्शा जा रहा है।

नगर निगम ने 3 संस्थानों पर 75 हजार का जुर्माना किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शुक्रवार को एक बार फिर से नगर निगम उज्जैन ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता को लेकर कार्रवाई का दौर शुरू कर दिया। फ्रीगंज स्थित बनाना लीफ, इंदौर रोड स्थित सागर रेस्टोरेंट एवं मठ भोला गुरु का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर निगम अधिकारियों द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर संबंधित होटल के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 75 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त एवं एसबीएम नोडल अधिकारी रविकांत मगरदे, स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौर एवं स्वच्छता निरीक्षक राजेश लौट, इदरीश खान उपस्थित रहे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अंतर्गत निर्धारित मानकों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की गई।

ये मिली खामियां

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि होटल परिसर में चार प्रकार के कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण नहीं किया जा रहा था। जैविक कचरे के प्रसंस्करण के लिए कम्पोस्टिंग व्यवस्था एवं अन्य संसाधन खराब स्थिति में मिले तथा कम्पोस्टर बिन में मिश्रित कचरा पाया गया। इसके अतिरिक्त दैनिक अपशिष्ट प्रबंधन का रिकॉर्ड एवं लॉगबुक उपलब्ध नहीं थी। सूखे एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरे के उचित भंडारण तथा उससे संबंधित रिकॉर्ड का भी अभाव पाया गया। बायोमेडिकल कचरे का निर्धारित नियमों के अनुसार प्रबंधन नहीं किया जा रहा था। होटल का एसटीपी प्लांट भी संतोषजनक स्थिति में नहीं मिला। एसटीपी से निकलने वाले पानी के निस्तारण की व्यवस्था उचित नहीं थी तथा वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराई गई।

75 हजार का जुर्माना वसूला

मौके पर पंचनामा तैयार कर संबंधित होटल के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 75 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को पंचनामे में दर्ज करते हुए संबंधित प्रतिष्ठान को अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने तथा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बालक और ज्ञानी एक समान



किसी ने मुझसे पूछा है, कहा जाता है कि ज्ञानी सबके साथ पूर्ण समत्व का व्यवहार करते हैं। क्या यह सही है? ऐसा संभव है?

हां! मैत्री, करुणा, मुदिता, क्षमा जैसे भाव उनका स्वभाव बन जाते हैं। भले लोगों के प्रति स्नेह, दुखी, असहाय लोगों के प्रति करुणा, अच्छे काम करने में सुख का अनुभव, दुष्टों के प्रति क्षमा का भाव- ये सब ज्ञानी के स्वाभाविक लक्षण हैं। (पतंजलि के योगसूत्र)

आप ज्ञानियों के बारे में पूछ रहे हैं : वे किसी भी अवस्था या हालात में समान रहते हैं, क्योंकि वे सत्य को जानते हैं। खाने, घूमने इत्यादि अपनी सारी क्रियाओं में केवल दूसरों के लिए उद्युक्त (तत्पर) होते हैं। कोई काम वे अपने लिए नहीं करते। मैंने कई बार कहा है कि जैसे कुछ लोग शुल्क लेकर दूसरों के लिए शोक प्रदर्शनार्थ रोते हैं, यही उनका व्यवसाय है, उसी तरह ज्ञानी संसारासक्त जीवों के लिए काम करते हैं, किंतु स्वयं अनासक्त और अप्रभावित रहते हैं। ज्ञानी गाने वालों के साथ ताल मिलाते हैं, रोने वालों के साथ रोते हैं, हंसने वालों के साथ हंसते हैं और खेलने वालों के साथ खेलते हैं। उनका क्या नुकसान है? उनकी स्थिति शुद्ध दर्पण जैसी होती है। दर्पण बिंब को ठीक वह जैसा होता है, वैसा ही प्रतिबिंबित करता है। वह लिप्त नहीं होता। वैसे ही ज्ञानी व्यक्ति कर्मों से लिप्त नहीं होता। दर्पण और तिपाई जिस पर रखा गया है, वे दोनों प्रतिबिंबों से भला किस तरह प्रभावित हो सकते हैं, वे तो आधार मात्र हैं। अतः किसी भी वस्तु का उन पर असर नहीं होता। दूसरी ओर, जो लोग जगत में कार्यरत हैं एवं सभी प्रकार के कर्म करते रहते हैं, उन अज्ञानियों को यह अवश्य निश्चित करना पड़ता है कि कौन सा गाना गाया जाए, कौन से कर्म शास्त्रसम्मत, व्यवहार्य और जगत के हित में हैं।

ज्ञानी की अवस्था केवल ज्ञानी ही जान सकता है। ज्ञानी को समझने के लिए स्वयं हमें ज्ञानी बनना चाहिए। किसी ज्ञानी महात्मा के चारों ओर के वातावरण में आपको शांति का अनुभव होता है। यही एक साधन है, जिससे कोई साधक किसी महात्मा की महानता को जान सकता है। उसकी वाणी, कार्य तथा बाह्य रूप उसकी महानता के चिह्न नहीं हैं, क्योंकि वह साधारण लोगों की समझ से परे है।

ग्रंथों में कहा गया है कि ज्ञानी बालक जैसे होते हैं। ऐसा क्यों? बालक और ज्ञानी एक दृष्टि से समान हैं। घटनाओं में बालक का रस तभी तक होता है, जब तक वे समाप्त नहीं होतीं। समाप्त होने के पश्चात वे उनके विषय में विचार नहीं करते। बालक पर घटनाएं कोई प्रभाव नहीं छोड़तीं। वह मानसिक रूप से उनसे अछूता रहता है। ज्ञानी के विषय में भी ऐसा ही होता है।

सम्पादकीय

गैंगस्टर पर निशाना

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी को मिली कथित धमकी गंभीर चिंता जगा रही है। पार्टी के एक प्रमुख विधायक के पास यह धमकी फोन कॉल और वाट्सएप के जरिये पहुंची है। धमकी की पूरी तहकीकात होनी चाहिए। इसमें कितना बल है या केवल मजाक किया गया है? मकसद चाहे जो हो, जांच पूरी होनी चाहिए। एक पूर्व मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी देना साधारण बात नहीं है। सात करोड़ की फिरौती मांगी गई है और फिरौती न मिलने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पंजाब में शिकायत दर्ज हुई है और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार को जल्द से जल्द पड़ताल को अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। संदिग्ध के कॉल रिकॉर्ड, आईपी लॉग और लोकेशन की पुख्ता जांच होनी चाहिए। क्या यह जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की साजिश है? यह गैंगस्टर आए दिन हाई-प्रोफाइल हस्तियों को निशाना बनाने लगा है। लोग भूले नहीं हैं, पिछले महीने मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर तीन हमलावरों द्वारा गोलीबारी के बाद पूरे देश में सनसनी फैल गई थी।

बिश्नोई गिरोह लगातार खतरा बन रहा है। क्या फिल्म स्टार, उद्योगपतियों के बाद यह गिरोह राजनेताओं को निशाने पर लेना चाहता है? अगर ऐसा है, तो अरविंद केजरीवाल को मिली धमकी आखिरी नहीं है। गौर करने की बात है, महाराष्ट्र के राजनेता बाबा सिद्दीकी की अक्तूबर 2024 में हत्या कर दी गई थी। इस गिरोह की बढ़त बेहद गंभीर आपराधिक मामला है। इसके तार विश्व स्तर पर फैल चुके हैं। खासकर अमेरिका में इसकी मजबूती ध्यान खींच रही है। अमेरिका में रहने वाले अनिल पंडित ने टाइगर श्रॉफ पर हमले की जिम्मेदारी ली थी, तो अमेरिका में ही रह रहे सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बरार को अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई खोज रही है। जिस गिरोह को अमेरिका भी गंभीरता से निशाना बना रहा है, क्या हमारी सुरक्षा एजेंसियां भी उतनी ही गंभीर हैं? बिश्नोई गिरोह विदेश में अब भारतीय शूटरों का ही नहीं, वहां के स्थानीय शूटरों का इस्तेमाल करने लगा है। विडंबना ही है, गिरोह का मुखिया भारतीय जेल में बंद है, तब उसकी साजिशों में कमी नहीं दिख रही है। दूसरी ओर, यह स्वागतयोग्य है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी अर्थात एनआईए ने पाकिस्तान स्थित शहजाद भट्टी और अन्य आईएसआई एजेंटों द्वारा भारतीय युवाओं को ऑनलाइन कट्टरपंथी बनाने के मामले में जांच शुरू की है।

बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता

बाल दिवस पर बच्चों के स्वास्थ्य की बात



निर्लेश तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

बाल स्वास्थ्य के संदर्भ में उज्जैन जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित बोहरा समाज द्वारा प्रायोजित बच्चों का अस्पताल प्रदेश में भविष्य के सम्भावित पी.पी.पी. मॉडल्स का एक उत्कृष्ट उदाहरण हो सकता है जबकि इन्दौर के प्रतिष्ठित चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय जो कि प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में स्थित है से संबद्ध चिकित्सकों द्वारा क्लिनिकल ट्रायल्स व ड्रग ट्रायल्स विवादित हो चुका है।

वर्षभर में होने वाले चिकित्सकों की राष्ट्रीय बैठक / पेडिकॉन को प्रदेश सरकार द्वारा होस्ट किया जाना निश्चित ही नवजात एवं शिशुरोग विशेषज्ञों संदर्भित मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है, क्योंकि इस स्तर की कार्यशाला में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के उद्बोधन, व लाइव डिमॉस्ट्रेशन भी एक हिस्सा होते हैं। चिकित्सकों के शिक्षा के दौरान नियोनेटोलॉजी-पीडियाट्रिक्स (नवजात एवं शिशुरोग विशेषज्ञ शाखा) एक महत्वपूर्ण एवं सबसे ज्यादा मान्य रहने वाली शाखा मानी गई है। यहां उल्लेखनीय है कि इससे जुड़े प्रायवेट प्रेक्टिस कर रहे चिकित्सकों का मरीजों के प्रति समर्पणभाव, डायग्नोसिस, ईलाज का वृहद अनुभव द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य लाभ जल्दी प्राप्त होता है ।

शासकीय चिकित्सालयों में नियुक्त नवजात एवं शिशुरोग विशेषज्ञ कठिनतम प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर नियमानुसार साक्षात्कार द्वारा अपनी योग्यता के कारण सेवा में आते हैं तब उन्हें अपनी शैक्षणिक योग्यता तथा मासिक तनख्वाह, भत्ते आदि को बेहतर ईलाज द्वारा न्यायोचित किया जाना उचित होगा।तथ्य एवं आँकड़ों के आधार पर वर्तमान समय में औसत के हिसाब से प्रति लाख में 47 बच्चे अपना पहला जन्मदिन नहीं मना पाते । यह आंकड़ा अपने आप में काफी चीजें स्पष्ट करता है ।

औसत के हिसाब से प्रति लाख मरीजों पर 6 चिकित्सक की पदस्थापना की गई है। इसके अंतर्गत नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना में कमतरी के चलते अन्य विशेषज्ञों द्वारा इस विभाग की खानापूर्ति की जा रही है। चेचक व पोलियो का उन्मूलन एक बड़ी कार्ययोजना की वर्षों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। ठीक इसी तरह मेनेन्जाइटिस (मस्तिष्क ज्वर), मलेरिया, डेंगू, डायरिया व एनिमिया के लिए भी कड़े कदम उठाने चाहिए । नवजात के लिए मिल्क पॉर्लर व पृथक अमृत कार्नर (स्तनपान कक्ष) को शौचालय निर्माण जैसी प्राथमिकता देना आवश्यक है। टीकाकरण के दस्तावेजों का डिजिटलाईजेशन भविष्य के लिए उपयोगी रहेगा । सुपोषित- स्वस्थ्य बच्चे भविष्य में देश की एक स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में महती भूमिका अदा कर सकते है। पौष्टिक आहार की उपलब्धता शासन प्रशासन के साथ ही परिजनों/पालकगण की भी नैतिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर जनजातीय प्रक्षैत्र में पोषण-आहार व स्वास्थ्य को प्राथमिक दर्जा देना बेहद आवश्यक है।

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तथा निश्चित समयावधि में आयरन-टेबलेट्स के वितरण द्वारा संपूर्ण पोषण आहार का प्रयास सतत जारी है, परन्तु शरीर में लौह तत्व के अलावा, विटामिन्स, मिनरल्स, केल्शियम आदि भी जरूरी होते हैं। अतः मात्र आयरन टेबलेट्स से पुर्ति नहीं होगी, संपूर्ण विकास के लिये मल्टीविटामिन्स टेबलेट्स व हैल्दी डाइट-चार्ट के हिसाब से प्रतिदिन का मेनू द्वारा सुधार लाया जा सकता है। मध्यान्ह भोजन में ई-टेंडर प्रक्रिया में भी आवश्यक बदलाव जरूरी हैं। निम्नतम दर से जारी किये जाने वाले टेंडर्स में फुड-क्वालिटी, भोजन-सामग्री की उपलब्धता भी प्रभावित होती है। इस संदर्भ में ज्यादा कड़ी प्रतिस्पर्धा के स्थान पर एक समाज-सेवा का समभाव भी प्रबल होना ही चाहिए । महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग को उच्चतम लक्ष्य तय करते हुए संयुक्त प्रयासों द्वारा समस्या उन्मूलन संबंधी कार्यक्रम निरंतर होना चाहिए ।

बेहद खेद का विषय है कि पूर्व में मध्यान्ह भोजन व पोषण आहार कार्यक्रम में बड़े स्तर पर काफी अनियमितताएं हुई हैं, जिनकी जांच व आवश्यक कार्यवाही से निश्चित रूप से अच्छा संदेश जायेगा । वहीं भविष्य में इस प्रकार से गड़बड़ियाँ नहीं होंगी ।

बच्चो को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाना किसी भी सरकार का मुख्य एजेंडा होना चाहिए । वर्तमान सरकार के वचन-पत्र में इसे समाहित किया गया है तो पूर्णतः लागू भी होना चाहिए । जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों का समय-समय पर कार्य निष्पादन का रिपोर्ट कार्ड सार्वजनिक किया जाना श्रेयस्कर होगा। जहाँ अच्छे कार्य को प्रोत्साहित किया जावे, वहीं नाकारा कर्मचारी वर्ग को निंदा प्रेषित कर विभागीय कार्यवाही तो होना ही चाहिए ।

टीकाकरण का अपना बेहद महत्व है और सामान्यतः नवजात के अस्पताल में जन्म लेने के समय से आयु-वर्ष 10-12-15 तक टीकाकरण फाईल का संभाले रखना माता-पिता व परिजनों दायित्व है। क्योंकि कोई भी टीका छूटने पर उसके अभाव में उग्र-व्याधियों की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।भोजन में अच्छी क्वालिटी का आयोडिन-युक्त नमक हमेशा से ही जरूरी माना जाता है ताकी शरीर व मस्तिष्क का सही विकास हो, इसका तो प्रचार-प्रसार भी गाँव-गाँव तक पहुंच चुका है। वहीं सरलतम उपलब्ध गुड-चना/दाना भी पौष्टिकता से भरपूर होता है व रक्तअल्पता (एनिमिया) को दूर रखता है। समय-समय पर हिमोग्लोबिन लेवल चेक करवाना अब सस्ता है । शासकीय अस्पतालों से इसकी मदद लेनी चाहिए जहाँ यह निःशुल्क सेवा है।

अब जबकि शासकीय चिकित्सालयों में न्यूनतम दर पर डायलिसिस जैसी सुविधा उपलब्ध है, तो फिर बालिकाओं के लिए निःशुल्क सेनेटरी पेड्स भी उपलब्ध होने चाहिए । अनियमित माहवारी के दौरान भी रक्तअल्पता (एनिमिया) की संभावना रहती है। स्वच्छता व गंभीर बिमारियों से बचाव का कारगर तरीका यही है कि वेडिंग मशीन द्वारा इससे ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध करवाया जाकर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों, नगर परिषदों को भी इसकी पहल में सक्रियता से भाग लेना चाहिए । इसी विषय पर ग्राम संगोष्ठी व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन होना चाहिए। एनजीओ., सामाजिक संस्थाऐं भी बाल स्वास्थ्य पर कार्यशालाऐं, सेमिनार आयोजित करती है । इनकी संख्या तुलनात्मक रूप से बढ़ना चाहिए । इनकी मॉनीटरींग भी आवश्यक है।

नन्हे कदम, बड़ा आसमान

नन्हे कदमों में छिपा है, सपनों का संसार,
बच्चों की मुस्कान से, महके हर परिवार।
आँखों में हैं लाखों सपने, मन में नई उड़ान,
बच्चे ही तो कल लिखेंगे, भारत का सम्मान।
किलकारी से गूँज उठे जब, घर-आँगन और द्वार,
नन्ही-सी मुस्कान कम कर दे, जीवन का हर भार।
कभी किताबों में खो जाएँ, कभी खेल का मैदान,
ज्ञान, कला और खेलों से, बढ़ता उनका मान।
रंगों से तस्वीर सजाएँ, गीतों की झंकार,
नृत्य, कविता, खेल और विज्ञान–हर क्षेत्र में अधिकार।
मेहनत को अपना साथी मानें, लक्ष्य रखें महान,
हार मिले तो फिर उठ जाएँ, यही बने पहचान।
कोई डॉक्टर, कोई शिक्षक, कोई बने वैज्ञानिक,
कोई सैनिक बनकर रखे, देश की सीमा सुरक्षित।
कोई बने कलाकार महान, कोई रचे विज्ञान,
हर बच्चे के भीतर छिपा है, प्रतिभा का भंडार महान।
गुरु के ज्ञान को शीश नवाएँ, माता-पिता का मान,
संस्कारों की नींव पर ही, बनता श्रेष्ठ इंसान।
भेदभाव की दीवार गिराएँ, सबको मिले समान,
हर बच्चे को शिक्षा मिले और, मिले नया आसमान।
चाचा नेहरू को याद करें हम, बच्चों के प्रिय महान,
उनके सपनों का भारत बनाएँ, यही हमारा मान।
नन्हे हाथों में कलम हो, आँखों में अरमान,
ज्ञान की ज्योति लेकर बच्चे, रोशन करें जहान।
आज की हँसी, आज की खुशियाँ, कल का गौरव बन जाएँ,
इन नन्हे-नन्हे कदमों से, भारत आगे जाए।
बच्चे केवल आज नहीं हैं, कल की नई उड़ान,
इनसे ही तो जगमग होगा, भारत का आसमान।

- मुकेश चौरसिया नलखेड़ा

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14नवंबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:39सूर्यास्त 17:41
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:0 से 10:30 तक
तिथि -? पंचमी 20:11उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - पूर्वाषाढा. 18:32उपरांत उत्राषाढा.
योग - शूल 05:24उपरांत गण्ड
करण - भद्रा
चन्द्रमा - धनु में है।01:11 पर मकर में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादुस्सानी 04मास तारिख

मेष- कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा निखर कर सामने आएगी। व्यापार में नए सौदों से भारी मुनाफा हो सकता है।

वृषभ- जीवनसाथी के साथ संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे। वित्तीय लाभ की अच्छी स्थिति बनेगी, धन बढ़ेगा।

मिथुन- सेहत उत्तम रहेगी, ताजगी और ऊर्जा बनी रहेगी। मां लक्ष्मी के सामने घी का दीपक जलाएं।

कर्क- दफ्तर में अपने काम पर ही ध्यान केंद्रित रखें। व्यापार में पैसों के लेन-देन में सतर्कता बरतें।

सिंह- बच्चों के साथ समय बिताने से खुशी मिलेगी। अनपेक्षित खर्चों पर लगाम लगाना आवश्यक है।

कन्या- मानसिक तनाव से बचें, योग करें। श्री सूक्त का पाठ करें या सुनें।

तुला- दफ्तर में आपकी बातों को तवज्जो मिलेगी, पद बढ़ेगा। व्यापार में नए अनुबंधों से अच्छा आर्थिक लाभ होगा।

वृश्चिक- जीवनसाथी के साथ संबंध काफी सुखद रहेंगे। धन आगमन का मार्ग प्रशस्त होगा, लाभ होगा।

धनु- स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, ऊजार्वान रहेंगे। इत्र या इत्र की शीशी मंदिर में दान करें।

मकर- वरिष्ठ अधिकारियों की मदद से प्रोजेक्ट पूरा होगा। व्यापार में नई योजनाओं से मुनाफा बढ़ेगा।

कुंभ- पारिवारिक जीवन में खुशहाली और सौहार्द रहेगा। संपत्ति से जुड़ा लाभ हो वित्तीय स्थिति मजबूत होगी।

मीन- सेहत सामान्य रहेगी, वॉक करें। शनि देव के सामने सरसों के तेल का दीया जलाएं। बड़ा मुनाफा होगा।

समसामयिक

उज्जैन को नंबर -1 का स्वच्छता पुरस्कार

अपने घर से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालकर स्वच्छता का संदेश देने का संकल्प ले। और नगर निगम, नगर परिषद की गाड़ियों में सही तरीके से डालें। आपका सहयोग स्वच्छता अभियान को और मजबूत बनाएगा।साफ- सफाई का संदेश और जागरूकता लाना हर इंसान का कर्तव्य है।हालांकि नगर निगम,नगर पालिका परिषद द्वारा कचरा ढोने हेतु वाहन की व्यवस्था है जो बेहतर तरीके से संचालित हो रही है।नागरिकों को गिला कचरा सूखा कचरा को अलग -अलग डाले जाने का कार्य करना चाहिए।इसको एक साथ डालने से सफाई कर्मचारियों को ट्रेंचिंग ग्राउंड में छटनी करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।साफ नगर -स्वच्छ नगर बीमारीयो ,प्रदूषण को मुक्त रख कर स्वास्थ्य का लाभ से हमें एक नई दिशा प्रदान कर सकता है। साफ सफाई करने हेतु आपस में सहयोग की भावना को बढावा देकर स्वस्थ गाँव -शहर समाज का निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा ताकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य को पूरा करने में हम सभी मिलकर सहयोग कर स्वच्छ नगर बनाने में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से अदा कर सके। और हर गांव शहर नम्बर वन के लक्ष्य को पा सकें।वर्तमान में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उज्जैन को नंबर -1 का स्वच्छता पुरस्कार प्रदान किया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 - 2026 के परिणामो में उज्जैन ने 3 लाख से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। घर-घर कचरा संग्रहण, गीले व सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबंधन, वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निस्तारण और 'वेस्ट टू वेल्थ' (कचरे से उपयोगी उत्पाद व बिजली निर्माण) के नवाचारों ने इस सफलता में बड़ी भूमिका निभाई। इस उपलब्धि का श्रेय सफाई मित्रों, निगम कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और शहर वासियों के सामूहिक प्रयासों से सफल हुआ है। इसी तरह के सफल प्रयासों से गाँव -शहर को स्वच्छ रख कर स्थान पा सकते है।



संजय वर्मा दैनिक अवन्तिका

स्वच्छता के स्लोगन

प्रदूषण से पीड़ित लगते गाँव -शहर बेजान
स्वच्छता से होगी अब गाँव -शहर की पहचान
गंदगी न फैलाएं बताओ सबको साफ -सफाई के गुर
साफ-सफाई करते रहो नहीं तो हो जाओगे रोने को मजबूर
कचरे से भरा हो यदि रास्ता हमारा
सफाई से सुंदर बनेगा नगर न्यारा
साफ-सफाई के लिए हुआ ये केसा अजब कमाल
स्वच्छता के लिए हटाया सबने प्रदूषण का जाल
आइये साफ- सफाई करके दिखाए
नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए
कचरा गाँव -शहर फैलाने से मच्छर सुनाएंगे राग
बीमारियां पनपती ,लग जायेगा प्रदूषण का दाग
सफाई करने से नगर में उजियारा छाया
कचरे से मुक्त नगर सबके मन को भाया
गाँव -शहरों में लग गए साफ -सफाई के काम
स्वच्छता के लिए होगा नगर का रोशन नाम
रखे स्वच्छता यही स्वास्थ्य का आधार है
सुन्दर गाँव -शहर बनने के यही तो आसार है
स्वच्छता सुंदरता के लिए साफ -सफाई करते रहो
नगर हो प्रदूषण से मुक्त कुछ ऐसा काम करते रहो

कैंसर मरीजों के आंसू सूखे नहीं, सरकारी जश्न शुरू हो गया

कैंसर के मरीज के लिए दवा की कीमत केवल पैसों का सवाल नहीं, जिंदगी बचाने की उम्मीद होती है। किसी अपने को बचाने के लिए जूझ रहे परिवार के लिए 40 हजार रुपये की दवा मजबूरी बन जाती है और 40 रुपये की बचत भी मायने रखती है। ऐसे में वर्षों से आसमान छू रही कैंसर की दवाओं की कीमतों में 50 से 96 प्रतिशत तक की गिरावट बड़ी राहत है। लेकिन सवाल है कि जब सरकार के पास कीमतों पर लगाम लगाने का अधिकार पहले से था, तो मरीजों को इस राहत के लिए इतने साल क्यों इंतजार करना पड़ा? क्या सरकार को आम आदमी की पीड़ा तब तक दिखाई नहीं देती, जब तक अदालत को हस्तक्षेप कर सवाल उठाने न पड़ें और व्यवस्था की नींद न टूटे?



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने 137 गैर-अनुसूचित कैंसर दवाओं पर ट्रेड मार्जिन 30 प्रतिशत तक सीमित किया है। 9 नवंबर 2026 से लागू इस फैसले से कई दवाओं की कीमतें 50 से 96 प्रतिशत तक घटी हैं। कभी 40-45 हजार रुपये में बिकने वाली कुछ दवाएं अब दो-तीन हजार रुपये में मिल रही हैं। सरकार/मंत्रालय के अनुसार, इससे मरीजों को सालाना करीब 3,540.38 करोड़ रुपये की बचत का अनुमान है। 85 कंपनियों ने 121 दवाओं की कीमतें संशोधित की हैं और 1,364 फॉर्मूलेशन प्रभावित हुए हैं। फैसला राहत देने वाला है, लेकिन इसे सरकारी उपलब्धि के रूप में प्रचारित करना उन मरीजों और परिवारों की पीड़ा भुलाना होगा, जिन्होंने महंगी दवाओं के लिए जमा-पूंजी, संपत्ति और अपनों तक को खो दिया।

आखिर कैंसर की दवाएं इतनी महंगी क्यों थीं? दवा की वास्तविक कीमत और मरीज तक पहुंचते-पहुंचते उसकी खुदरा कीमत में इतना बड़ा अंतर कैसे पैदा हो गया कि एक इंजेक्शन या कैप्सूल के लिए कई गुना रकम वसूली जाने लगी? ऊंचे ट्रेड मार्जिन ने दवा कंपनियों, वितरकों, थोक विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों के मुनाफे बढ़ाए, लेकिन इसकी कीमत मरीजों ने चुकाई। कैंसर से जूझता मरीज न दवा छोड़ सकता था, न कीमत पर सवाल उठा सकता था। बीमारी से टूटे परिवारों पर महंगे इलाज का आर्थिक बोझ भी लदता गया। शोध और विकास पर खर्च तथा कारोबारी मुनाफे के अपने तर्क हैं, लेकिन जीवनरक्षक दवाओं के कारोबार में मुनाफे की इतनी खुली छूट आखिर कैसे उचित ठहराई जा सकती है?

इस महंगाई की सबसे बड़ी कीमत उन परिवारों ने चुकाई, जिन्होंने अपनों को बचाने के लिए जीवनभर की कमाई लगा दी। किसी ने बेटी की शादी की रकम खर्च की, किसी मां ने गहने गिरवी रखे, तो किसी पिता ने घर-जमीन बेच दी। इसका कोई सरकारी हिसाब नहीं है। मध्यवर्ग की बचत खत्म हुई और गरीबों के लिए इलाज शुरू करना भी मुश्किल हो गया। अगली खुराक के पैसे न होने से इलाज अधूरा छूटा, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई और परिवार कर्ज में डूबे। गांवों और छोटे शहरों में अनेक लोगों ने आर्थिक मजबूरी में इलाज की उम्मीद छोड़ दी। महंगी दवाओं ने कैंसर की मार और बढ़ा दी। यह केवल स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता नहीं, गंभीर सामाजिक त्रासदी थी।

दवाओं की कीमतें नियंत्रित करने के अधिकार सरकार और एनपीपीए के पास पहले से थे, फिर भी मरीज वर्षों तक महंगी दवाओं का बोझ उठाते रहे। ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के तहत सरकार असाधारण परिस्थितियों में कीमतें घटा सकती थी। वर्ष 2019 में 42 गैर-अनुसूचित कैंसर दवाओं पर भी ट्रेड मार्जिन 30 प्रतिशत तक सीमित किया गया था। इससे 526 ब्रांड प्रभावित हुए और सरकार ने सालाना 984 करोड़ रुपये की बचत का अनुमान जताया था।

धर्म-आस्था

आस्था के महाकाव्य का विकृतीकरण: 'रामायण: भाग 1' और सांस्कृतिक विमर्श

भारतीय कालगणना और सांस्कृतिक चेतना में 'रामायण' केवल अक्षरों में बंधा कोई ग्रंथ या अतीत की कोई कथा नहीं है। यह भारतवर्ष की सनातन प्राणवायु, धर्म का साक्षात विग्रह और युगों-युगों से मानवता को मर्यादा के सूत्र में पिरोने वाला आध्यात्मिक महामंत्र है। जब-जब समाज में कर्तव्य और अधिकार के बीच द्वंद्व उत्पन्न हुआ, तब-तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पावन चरित्र एक ध्रुवतारे की भांति हमारा पथप्रदर्शन करता रहा है। किंतु विडंबना देखिए कि आज के व्यावसायिक सिनेमा ने 'रचनात्मक स्वतंत्रता' के नाम पर हमारी इस अक्षुण्ण आध्यात्मिक धरोहर को प्रयोगशाला की वस्तु बना दिया है। हाल ही में प्रदर्शित फिल्म 'रामायण: भाग 1' इस वैचारिक भटकाव का सबसे ज्वलंत प्रमाण है। लगभग 4,000 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट और आधुनिक वीएफएक्स (श्रृ) की चकाचौंध के बीच यह कृति अपने मूल आध्यात्मिक तेज और शास्त्रीय सत्य से कोसों दूर भटक गई है।



राजेश कुमावत (दैनिक अवन्तिका)

किसी भी धर्मग्रंथ पर आधारित सृजन की पहली कसौटी उसकी प्रामाणिकता और भाव-शुद्धता होती है। इस फिल्म में महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण और गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस के स्थापित तथ्यों को दरकिनार कर अनेक मनगढ़ंत प्रसंग गढ़े गए हैं। फिल्म में रावण की माता कैकसी को एक प्रतिशोधी योद्धा के रूप में चित्रित किया गया है जो इंद्र के विरुद्ध युद्ध लड़ती हैं, जबकि शास्त्रों के अनुसार वे महर्षि विश्रवा की धर्मपत्नी थीं। इसी प्रकार, यक्षराज कुबेर को फिल्म में एक आलसी और स्वार्थी शासक दिखाया गया है जिनसे रावण लंका छीनता है, जबकि शास्त्रीय सत्य यह है कि धर्मात्मा कुबेर ने पिता की आज्ञा और धर्म की मर्यादा का पालन करते हुए स्वेच्छा से लंका अपने सौतेले भाई को सौंप दी थी। इसके अतिरिक्त, सीता हरण का उद्देश्य, विभीषण-कुंभकरण की तपस्या को हटाना और जनकपुर में शांत स्वभाव वाले श्रीराम व परशुराम जी के मध्य तीखी बहस दिखाना मूल ग्रंथ के सर्वथा विपरीत है।

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता धर्म और अधर्म के बीच की स्पष्ट नैतिक विभाजन रेखा है। इस फिल्म की सबसे गंभीर वैचारिक त्रुटि यह है कि इसमें अधर्म के प्रतीक रावण को एक नायक या 'एंटी-हीरो' की तरह अधिक प्रभावशाली, बौद्धिक और सहानुभूतिपूर्ण दिखाने का प्रयास किया गया है। रावण के दस सिरों को उसके मस्तिष्क के भीतर दस अलग-अलग व्यक्तित्वों के रूप में चित्रित कर उसे एक आधुनिक मनोवैज्ञानिक नायक जैसा रूप दे दिया गया है। दूसरी ओर, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के दैवीय तेज, करुणा और गंभीरता को सीमित कर उन्हें एक साधारण, भावहीन और नीरस पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। जब कला के माध्यम से अधर्म को महिमामंडित किया जाता है, तो यह समाज के शाश्वत जीवन-मूल्यों की जड़ों को कमजोर करता है।

रामायण की वास्तविक शक्ति उसके गहन दर्शन, त्याग और भक्ति-भाव में निहित है, न कि केवल कृत्रिम दृश्यों के प्रदर्शन में। इस फिल्म में सीजीआई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अत्यधिक प्रयोग से पात्रों की स्वाभाविक संवेदनाएं दब गई हैं। भरत मिलाप जैसे अत्यंत मार्मिक और आध्यात्मिक प्रसंग को बेहद जल्दबाजी में निपटा दिया गया है, जबकि राक्षसों की सेना को भारतीय पौराणिक परिवेश के बजाय पाश्चात्य फिल्मों के पात्रों की भांति चित्रित किया गया है।

यह भी अत्यंत विचारणीय विषय है कि इस फिल्म के प्रचार-प्रसार के लिए निर्माताओं ने योगगुरु बाबा रामदेव और प्रख्यात कवि कुमार विश्वास जैसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व आध्यात्मिक चेहरों का सहारा लिया। स्वयं इस फिल्म के गीत लिखने वाले कुमार विश्वास ने जहां एक ओर आदिपुरुष (2023) के समय मर्यादा और शास्त्रीय शुद्धता की दुहाई देकर संवाद लेखकों पर तीखे कटाक्ष किए थे, वहीं इस फिल्म में हो रहे शास्त्रीय तथ्यों के विकृतीकरण पर उनकी चुप्पी और इसका पुरजोर बचाव दोहरे मापदंडों को दर्शाता है।

इसी प्रकार, नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुए प्रमोशन कार्यक्रम के दौरान बाबा रामदेव और कुमार विश्वास की उपस्थिति तथा मंच पर हुए हंसी-मजाक ने एक गंभीर आध्यात्मिक विषय को व्यावसायिक इवेंट में बदल दिया।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से

वोट बचाओ देश बचाओ कार्यक्रम में वोट चोरी नहीं होने देने का कांग्रेस ने लिया संकल्प

शाजापुर। राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में पूरे देश में वोट बचाओ - देश बचाओ अभियान चल रहा है इसी कड़ी में शाजापुर में भी जिला कांग्रेस के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम आजाद चौक में शाम 7 बजे आयोजित हुआ जिसमें जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व में संविधान सभा की प्रस्तावना पढ़ी गई ओर सभी कांग्रेस कार्यकताओं को सपत दिलाई गई की जिले में किसी भी नागरिक का वोट नहीं कटने देंगे। संविधान में प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार है लेकिन बीजेपी कांग्रेस समर्पित वोटरों के वोट काट रही हे या वोट हटा रही है। कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और दलों के सदस्यों द्वारा संविधान शपथ द्वारा प्रत्येक नागरिक के वोट के अधिकार के लिए सहयोग करेगी और किसी भी नागरिक का वोट नहीं कटने देंगे की शपथ ली गई।

मौलाना आजाद की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

शुजालपुर। शहर में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उन्हें नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं योगदान को याद किया। कुरैशी ने कहा कि मौलाना आजाद ने शिक्षा और हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौर ने उनके जीवन और पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ उनके योगदान पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर शहर अध्यक्ष रईस पठान, पार्षद हाजी सिद्दीक पठान, विष्णु शर्मा, एडवोकेट शुजाउर रहमान, सादिक पठान, सूरज सिंह मीणा, मांगीलाल कीर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बच्चे उपस्थित रहे।

श्रीराम मंदिर में 15 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव

शुजालपुर। श्रीराम मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 15 नवंबर रविवार को अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शाम 7 बजे भगवान को भोग अर्पित कर आरती की जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को दर्शन एवं दोना प्रसादी का वितरण किया जाएगा। मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाने की परंपरा लगभग 95 वर्ष पुरानी है। समिति द्वारा बिना किसी व्यवधान के प्रतिवर्ष इस आयोजन की परंपरा निभाई जा रही है। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

खेत के कुएं में फंदे पर मिला 40 वर्षीय व्यक्ति

आगर मालवा। आगर-मालवा जिले के ग्राम महारुंडी में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने खेत पर स्थित कुएं में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से व्यक्ति को कुएं से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पीरूलाल पिता पर्वत सिंह (40), निवासी ग्राम महारुंडी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची थी। ग्रामीणों के सहयोग से उसे कुएं से बाहर निकाला गया। शुक्रवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसबीआई बैंक की पार्किंग से बाइक चोरी

शुजालपुर। एसबीआई बैंक के सामने बनी पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। वाहन मालिक बैंक से काम निपटाकर बाहर आया तो बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के साथ बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर भी खोजबीन की, लेकिन बाइक का पता नहीं चला। पुलिस के अनुसार ग्राम बुडलाय निवासी अशोक परमार वर्तमान में ब्रह्मपुरी कॉलोनी शुजालपुर मंडी में रहते हैं।

मथुरा के बाद शाजापुर में जीवित अनूठी परंपरा

सोमवारिया चौराहे पर सजा कंस का दरबार, 19 नवंबर को मनेगा 276वां वधोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



सोमवारिया बाजार स्थित कंस चौराहे पर कंस का पुतला विराजमान होने के साथ ही नगर में 275 साल पुरानी ऐतिहासिक परंपरा का उत्साह शुरू हो गया है। मथुरा के बाद देश में केवल शाजापुर ही ऐसा शहर है, जहां कंस वधोत्सव का यह अनूठा आयोजन आज भी निरंतर जारी है। आगामी 19 नवंबर कंस दशमी को नगर में इस परंपरा का 276वां वर्ष मनाया जाएगा। इसके लिए उज्जैन के कलाकारों द्वारा तैयार किया गया कंस का पुतला शाजापुर पहुंच चुका है, जिसे चौराहे पर भव्य मंच बनाकर स्थापित कर दिया गया है।

कंस वधोत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि शाजापुर में 275 वर्षों से कंस वधोत्सव मनाया जा रहा है और इस बार 276वां आयोजन होगा। हर साल की तरह इस वर्ष भी उज्जैन के कलाकार ने कंस का पुतला तैयार किया है। निर्माण पूरा होने के बाद इसे शाजापुर लाकर मंच पर विराजित किया गया।

गवली समाज के युवा लाठियों से पीटेंगे पुतला

प्रतीकात्मक वध के बाद कंस के पुतले को मंच से नीचे गिराया जाएगा। इसके बाद गवली समाज के युवा परंपरा के अनुसार पुतले को लाठियों से पीटते हुए आगे ले जाएंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने के लिए हर साल नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

देव-दानव के वाकयुद्ध के बाद रात 12 बजे होगा वध

कंस दशमी पर 19 नवंबर की रात 8:30 बजे स्थानीय श्री बालवीर हनुमान मंदिर परिसर से भव्य चल समारोह निकलेगा। यह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रात करीब 11 बजे कंस चौराहे पर पहुंचेगा। यहां देव और दानव का रूप धारण किए कलाकारों के बीच परंपरागत वाकयुद्ध होगा। इसके ठीक बाद रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण किए कलाकार कंस का प्रतीकात्मक वध करेंगे।



सोयाबीन का मुहूर्त भाव 8325, गेहूं 4501 और डॉलर चना 10151 रुपए प्रति क्विंटल रहा, पहले दिन 4260 क्विंटल उपज की आवक

शुजालपुर। दीपावली के सात दिवसीय अवकाश के बाद गुरुवार को कृषि उपज मंडी में अनाज की नीलामी का कार्य शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हुआ। प्रतिवर्षानुसार मुहूर्त की खरीदी के साथ मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार सहित बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी और मंडी कर्मचारी उपस्थित रहे। लॉटरी के माध्यम से चयनित भाग्यशाली किसानों का तिलक लगाकर पुष्पमाला, शॉल, श्रीफ ल और साफ । बांधकर सम्मान किया गया। इसके बाद आतिशबाजी के साथ मिलन समारोह संपन्न हुआ। मुहूर्त में गेहूं की खरीदी कृषक निर्मल निवासी बमौरा जागीर से भारती ट्रेडर्स ने 4501 रुपए प्रति क्विंटल में की। इसी प्रकार कृषक अनवर निवासी जामनेर की सोयाबीन पंखिल ट्रेडर्स ने 8325 रुपएए कृषक जितेंद्र निवासी बेहरावल का डॉलर चना आनंद कुमार अजय कुमार फ र्म ने 10151 रुपए तथा कृषक अंबाराम निवासी धतुरिया का चना जैन बंधु ट्रेडर्स ने 7291 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा। पहले दिन मंडी में कुल 4260 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। इसमें सोयाबीन 2700, चना सफेद 900 और गेहूं 580 क्विंटल शामिल रहा। मंडी प्रशासन के अनुसार 13 नवंबर को सब्जी मंडी में शुभ मुहूर्त में नीलामी प्रारंभ होगी। वहीं 14 व 15 नवम्बर को मंडी में निलामी कार्य दुसरा शनिवार व रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने से बंद रहेगी।

सामान लाने के रुपए मांगने पर दुकानदार पर लकड़ी से हमला, दुकान में भी तोडफोड़

शुजालपुर। बस स्टैंड क्षेत्र में सामान लाने के लिए दिए गए 200 रुपए को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने पान दुकान संचालक पर लकड़ी से हमला कर दिया। हमले में दुकानदार के हाथ और सिर में चोटें आईं, वहीं आरोपी ने दुकान के काउंटर और उसके कांच में भी तोडफ ोड़ कर नुकसान पहुंचाया। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों के सामने आरोपी जान से खत्म करने की धमकी देते हुए मौके से चला गया। पुलिस के अनुसार चौबे स्कूल के पास निवासी राजेश सोनी बस स्टैंड पर पान की दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने दो दिन पहले कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी राजू मालवीय को सामान लाने के लिए 200 रुपए दिए थे, लेकिन वह सामान लेकर नहीं आया। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे राजू उनकी दुकान के सामने पहुंचा तो राजेश ने उससे रुपए लेकर सामान नहीं लाने की बात पूछी। इसी बात पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने पास में पड़ी लकड़ी उठाकर राजेश पर हमला कर दिया। हमले में उनके दोनों हाथों और सिर में चोटें आईं। इसके बाद आरोपी ने लकड़ी से दुकान के काउंटर और कांच को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

दीपावली मुहूर्त में पहली बोली ज्वार पर लगी, एक क्विंटल 12,251 प्रति क्विंटल में बिकी



देवास। देवास की कृषि उपज मंडी में दीपावली के अवकाश के बाद गुरुवार को कारोबार शुरू हुआ। शुभ मुहूर्त में छोटे किसान की एक क्विंटल ज्वार की पहली बोली 12,251 रुपए प्रति क्विंटल लगी। सोयाबीन 8,585 और गेहूं 5,151 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा गया। सुबह से मंडी में व्यापारियों की चहल-पहल शुरू हो गई थी। मां अन्नपूर्णा मंदिर में पूजा के बाद आतिशबाजी हुई। फिर ढोल की थाप पर व्यापारियों ने नए कारोबारी सत्र की शुरूआत की। शुभ मुहूर्त की खरीदी में व्यापारियों ने अनाज की बोली सामान्य बाजार भाव से कई गुना ऊंची लगाई। पहली बोली छोटे किसान की उपज पर लगाने के बाद अन्य किसानों की उपज की बोली भी लगाई गई। मंडी सचिव अरविंद परिहार ने भी शुभ मुहूर्त में बोली लगाई। दीपावली के बाद मंडी खुलने के पहले दिन किसान और व्यापारी मौजूद रहे। परंपरा के अनुसार शुभ मुहूर्त में खरीदी के साथ नए सत्र की शुरूआत हुई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार कारपेंटर की इलाज के दौरान मौत

देवास। देवास में कचनारिया पहाड़ी के पास गुरुवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 56 वर्षीय राधेश्याम पांचाल की मौत हो गई। वे इंदौर के रहने वाले थे और मूल रूप से अमोना, तहसील टोंकखुर्द के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, राधेश्याम गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे सोनकच्छ से सामान लेकर बाइक से खजुरिया स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। वहां बोरिंग का काम हुआ था और वे उससे जुड़ा सामान ले जा रहे थे। इसी दौरान कचनारिया पहाड़ी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। राधेश्याम कारपेंटर का काम करते थे। उनके दो बच्चे हैं। परिजनों के मुताबिक, हादसे के समय वे बाइक पर अकेले थे।

प्रसूता-नवजात की मौत पर हंगामा, सीसीटीवी बंद मिलने पर नाराजगी

बोलाई में लापरवाही के आरोप पर सीएमएचओ बोले-दो कर्मचारियों का निलंबन करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



शाजापुर जिले के बोलाई स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूता मोनिका परमार और उनके नवजात की मौत के बाद शुक्रवार दोपहर 2 बजे परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा किया। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की।

मामला 9 नवंबर 2026 की शाम करीब 7 बजे का है। हंगामे की सूचना पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. कमला आर्य स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। उन्होंने परिजनों से बात की और मामले की जांच के लिए टीम भी मौके पर पहुंची।

सीएमएचओ ने नर्सिंग ऑफिसर अनसुरिया और एएनएम मधुबाला को निलंबित करने का आश्वासन दिया। साथ ही बीएमओ को कारण बताओ नोटिस देने की बात कही। जांच टीम परिजनों और डॉक्टरों से घटनाक्रम की जानकारी ले रही है।

बातचीत के दौरान सीएमएचओ ने कहा कि मोहन बड़ोदिया ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने जिले में प्रसव के मामलों में अब तक 10 मौतें होने और बोलाई में 2 मौतों की जानकारी दी।

पति ने आरोप लगाया कि लापरवाही के आरोपों के बावजूद एएनएम मधुबाला को बचाया जा रहा है। उसने पुलिस से एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

सीसीटीवी बंद मिलने पर भड़के परिजन

परिजनों ने घटनाक्रम की जानकारी के लिए अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग दिखाने की मांग की। कैमरे बंद होने की बात सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसी दौरान सीएमएचओ मृतका के पति से बात कर रही थीं। पत्नी और नवजात की मौत का जिक्र होने पर वह रोने लगा। उसने हाथ में रखा कांच का गिलास फोड़ दिया, जिससे उसके हाथ में चोट लग गई और खून निकलने लगा।



कार की टक्कर से बच्चों से भरा टेंपो पलटा

सात बच्चे और चालक घायल, झालावाड़ रेफर कार ड्राइवर फरार

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा के सोयतकलां थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज रफ्तार अज्ञात कार ने स्कूली बच्चों से भरे टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से टेंपो सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में करीब सात बच्चे और टेंपो चालक घायल हो गए। चालक को गंभीर चोटें आई हैं।

ग्राम सालिया खेड़ी निवासी टेंपो चालक पूरीलाल गुर्जर रोज बच्चों को स्कूल पहुंचाने के लिए सोयतकलां ले जाते हैं। शुक्रवार को भी वे बच्चों को लेकर सोयतकलां जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टेंपो को टक्कर मार दी।

चालक झालावाड़ रेफर, बच्चों को घर भेजा

हादसे की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को सोयतकलां के सरकारी और निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को घर भेज दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक पूरीलाल गुर्जर को झालावाड़ रेफर किया गया। पुलिस अज्ञात कार और उसके चालक की तलाश कर रही है।

खेत के रास्ते के पुराने विवाद में दो पक्षों में मारपीट, कई लोग घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

ग्राम मेहरखेड़ी में खेत पर जाने के रास्ते को लेकर चल रहा पुराना विवाद गुरुवार सुबह मारपीट में बदल गया। हनुमान मंदिर के सामने हुए विवाद में दोनों पक्षों के बीच लकड़ी के डंडों और पत्थरों से हमला करने के आरोप लगे हैं। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। घायलों ने शुजालपुर मंडी के सरकारी अस्पताल में उपचार कराया। मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस थाने में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एक पक्ष के फ रियादी अर्जुन राजपूत ने पुलिस को शिकायत में बताया कि गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे वह खेत पर जा रहा था। इसी दौरान हनुमान मंदिर के सामने कुंदन राजपूत और आलोक राजपूत ने गाली-गलौज करते हुए लकड़ी से हमला कर दिया। इसके बाद समंदर सिंह राजपूत भी वहां पहुंचा और उसके हाथ की अंगुली पर पैर रखकर चोट पहुंचाई। शोर सुनकर पिता चांदसिंह बचाने आए तो जसमत सिंह और योगेन्द्र राजपूत ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि आलोक, कुंदन और समंदर सिंह ने भी लकड़ी से हमला किया, जिससे चांदसिंह के सिर और कंधे पर चोटें आईं। बीच-बचाव में अर्जुन की मां सोरमबाई को भी चोटें आईं।

स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम आने पर देवास में 'दीपावली मिलन एवं स्वच्छता सम्मान समारोह

देवास। स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक कीर्तिमान रचते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वर्ग में संपूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में नगर निगम देवास द्वारा स्थानीय मंडी धर्मशाला में भव्य 'दीपावली मिलन एवं स्वच्छता सम्मान-2026' समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए 11 नवंबर को नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा देवास को सम्मानित किया गया था। समारोह की सबसे आत्मीय और प्रेरक झलक तब देखने को मिली जब महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना एवं नगर निगम आयुक्त श्री दलीप कुमार ने मंडी धर्मशाला में सैकड़ों सफाई कर्मियों एवं सफाई मित्रों के साथ एक ही पंक्ति में बैठकर स्नेहभोज किया।

कलेक्टर मीना ने आंगनवाड़ी केंद्र अरनिया जागीर का किया निरीक्षण

बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता परखी, पोषण, उपस्थिति और योजनाओं के लाभ की ली जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



सोनकच्छ के पीपलरावां में आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर से पूर्व कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने आंगनवाड़ी केंद्र अरनिया जागीर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से 6 वर्ष तक के दर्ज बच्चों की संख्या, उनकी नियमित उपस्थिति तथा नाश्ता एवं पूरक पोषण आहार वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बच्चों को मिलने वाला भोजन चखकर गुणवत्ता परखी।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पंजीयन सहित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। केंद्र में कुपोषित बच्चों की स्थिति पूछने पर कार्यकर्ता ने बताया कि केंद्र में वर्तमान में एक भी बच्चा सेम श्रेणी में नहीं है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण पर निरंतर विशेष ध्यान रखा जाए ताकि आगे भी कोई बच्चा गंभीर कुपोषण की श्रेणी में न आए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से भोजन की जानकारी लेते हुए आत्मीय सम्वाद किया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक कलेक्टर श्रीमती मीना को कविताएं सुनाईं। कलेक्टर श्रीमती मीना ने अपने समक्ष बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर उपकरणों और रिकॉर्ड की जांच की।

दो बाइकों की टक्कर में पशु चिकित्सक घायल

शाजापुर। दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में पशु चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार को 65 वर्षीय पशु चिकित्सक सय्यद शगीर अली पशु का इलाज करने के लिए सतगांव जा रहे थे। इसी दौरान बिजाना जोड़ के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। एक अन्य समाचार के अनुसार बाइक फिसलने से महिला घायल हो गई। जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय सकीना पति ताहिर अली, निवासी मीरकला बाजार गुरुवार सुबह 9.30 बजे अपने पति के साथ बाइक से जा रही थीं, तभी कसेरा बाजार क्षेत्र में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।

शाजापुर में सेवा कार्यों के साथ मनाई गई स्व. टेलर की जन्म जयंती

- राम मंदिर आंदोलन में उनके योगदान को किया याद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

90 के दशक के राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी योद्धा, बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक एवं ओजस्वी समाजसेवी स्वर्गीय हेमंत टेलर की जन्म जयंती पर शाजापुर में विभिन्न सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय अखंड आश्रम में निराश्रितों एवं निशक्तजनों को ससम्मान भोजन कराया गया, तत्पश्चात जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों को फल एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिको ने स्व टेलर को किया याद किया। कार्यक्रम के पश्चात आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं समाज जनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्व. हेमंत टेलर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्व. टेलर के पुत्र एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि हम सब मेरे पिता के बताए हुए सेवा के मार्ग पर पूरी निष्ठा से चल रहे हैं। आज उनकी जन्म जयंती पर उनकी प्रेरणा को याद करते हुए, हम उनके द्वारा शुरू किए गए सामाजिक और जनहित के सेवा कार्यों को और आगे बढ़ाने का संकल्प ले रहे हैं।



कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री उमेश टेलर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष हर्ष मंडलोई, महेश भावसार, अशोक सोलंकी, अशोक पांचाल, अशोक जाधव, दीपक चौहान, भूपेंद्र मेढ़ा, विकास श्रीवास्तव, प्रशांत चौहान, मुकेश सोलंकी, रामचंद्र भावसार सहित जनप्रतिनिधि, माँ हरसिद्धि भक्त मंडल के सदस्य, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, परिजन और बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी विक्रेता मेसर्स बालाजी ड्रीमलेण्ड एलएलपी द्वारा भागीदार 1 नितेश अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल निवासी इंदौर 2 दिनेश सिंघल पिता वेदप्रकाश सिंघल निवासी इंदौर 3 श्रीमति रिया शामनानी पति मनीष शामनानी निवासी भोपाल 4 भारत कुमार धनवानी पिता तेजुमल धनवानी निवासी भोपाल से उनके स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नंबर 102/1/2 रकबा 0.0400 हेक्टर (व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित) सर्वे नंबर 102/1/10 रकबा 0.1000 हेक्टर (अव्यपवर्तित) कुल रकबा 0.1400 हेक्टर भुमि जो कि ग्राम ढेढिया तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है क्रय कर अनुबंध पत्र का निष्पादन किया है और आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है केवल रजिस्ट्री करवाना शेष है।

उक्त भुमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त भुमि की रजिस्ट्री करवा लेवेंगे। इति दिनांक-13.11.2026 उज्जैन

प्रेमलता शर्मा एडवोकेट
कार्यालय- भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन
मोबा. 9826354843

एमबीबीएस में सफलता हासिल कर कुशाल गुर्जर ने

नीमच। जिले के छोटे से गांव रातडिया निवासी कुशाल पिता सरदारसिंह गुर्जर ने पहले ही प्रयास में एमबीबीएस की परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर अपने गांव, पंचायत और जिले के साथ गुर्जर समाज का नाम रोशन किया है। कुशाल इस ग्रामीणांचल के पहले युवा हैं जिन्होंने पहले ही प्रयास में यह उपलब्धि हासिल करने का गौरव अर्जित किया है। कुशाल गुर्जर की इस शानदार सफलता से परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों एवं समस्त गुर्जर समाज में खुशी की लहर है। कडी मेहनत, लगन, संघर्ष और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। अपनी सफलता का पूरा श्रेय उन्होंने अपने परिजनों और मार्गदर्शक गुरुजनों को दिया है। कुशाल का कहना है परिवार के निरंतर प्रोत्साहन ने उन्हें डॉक्टर बनने के सपने को साकार करने की प्रेरणा दी।

उग्रवादियों की फायरिंग में 4 की मौत, 2 महिलाएं

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, हमला इम्फाल-उखरुल रोड पर न्यू हेवन इलाके में हुआ। दोनों गाड़ियों में सवार दो पुरुष और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ियों के आगे के शीशों पर गोलियों के निशान मिले हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नगा समुदायों के बीच हुई झड़पों में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं।

पीएम मोदी ने बेंगलुरू मेट्रो में सफर किया, टिकट खरीदा

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कर्नाटक के एक दिन के दौरे पर पहुंचे। पीएम ने सुबह बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन किया। उन्होंने काउंटर से टिकट खरीदा और डीके शिवकुमार के साथ मेट्रो में सफर किया। शाम को प्रधानमंत्री ने मैसूरु में कॉसमॉस प्लेनेटोरियम का उद्घाटन किया। मोदी ने राज्य में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु 100 किमी से ज्यादा मेट्रो नेटवर्क वाला देश का तीसरा शहर बन गया है।इससे पहले मोदी ने प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि कर्नाटक सदियों से योग का केंद्र रहा है। यहां कई योग गुरु और विद्वान हुए हैं।

कांग्रेस की दो दिन की भारत समिट शुरू, राहुल होंगे शामिल

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शुक्रवार से दो दिन की भारत समिट शुरू हो गई है। इसमें 70 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इसमें वैश्विक चुनौतियों और मौजूदा मुद्दों पर चर्चा हो रही है। राहुल गांधी समिट समिट में कल शामिल होंगे। तेलंगाना के ड्ढञ और इंडस्ट्रीज मंत्री डी श्रीधर बाबू के मुताबिक भारत समिट 2026 का उद्देश्य राज्य में निवेश और रोजगार लाना है। इसमें वैश्विक नेता, नीति विशेषज्ञ और प्रोग्रेसिव विचारक शामिल आएंगे। समिट तेलंगाना को अपना इंडस्ट्रियल और इकोसिस्टम दिखाने का मौका देगी।

वांगचुक का दावा-घर में नजरबंद, बाहर जवान तैनात

लेह। क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया है। उन्होंने गुरुवार रात वीडियो जारी कर कहा कि उनके घर के बाहर भारी पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात है। पुलिस उन्हें घर से बाहर जाने नहीं दे रही है।दूसरी तरफ लद्दाख पुलिस का कहना है कि यह हाउस अरेस्ट नहीं है। यह चुनाव के दौरान लागू निषेधाज्ञा का पालन है। वांगचुक और लद्दाख के संगठन 4 दिसंबर को होने वाले पहाड़ी परिषद चुनाव को सर्दियों में कराने का विरोध कर रहे हैं।पुलिस ने एक दिन पहले ही वांगचुक को प्रदर्शन स्थल से हटाया था। इसके बाद पुलिस उन्हें उनके घर लेकर गई थी। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक एक आदेश में उनके लेह आने-जाने पर 60 दिन की रोक लगा दी गई है। वांगचुक ने कहा कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के खिलाफ मजिस्ट्रेट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे।

एनवीडिया के नए सीईओ की रेस में 7 नाम

कैलिफोर्निया। चिप बनाने वाली दुनिया की दिग्गज कंपनी एनवीडिया के नए की तलाश शुरू हो गई है। कंपनी के को-फाउंडर जेन्सन हुआंग ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। दरअसल, चीनी कारोबारी और कथित जासूस एलिस हुआंग के साथ उनके संबंधों का खुलासा हुआ था, जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया। जेन्सन के पद छोड़ने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि एनवीडिया की कमान कौन संभालेगा। इस रेस में एपल के पूर्व टिम कुक का नाम भी चर्चा में है। खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनका नाम सुझाया है। इसके अलावा टेक जगत की दिग्गज कंपनियों जैसे एनवीडिया, एपल और ब्रॉडकॉम से जुड़े छह और बड़े अधिकारियों के नाम भी संभावित उम्मीदवारों के तौर पर सामने आए हैं।

मेघावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं का होगा सम्मान

नागदा। सर्व ब्राह्मण महासभा का 20वां वार्षिक उत्सव एवं अन्नकूट महोत्सव 29 नवंबर 2026, रविवार को उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर श्रीजी अस्पताल परिसर में महासभा अध्यक्ष डॉ. अनिल दुबे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा निर्धारित करने के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए समितियों का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्षिक उत्सव प्रकाश नगर स्थित सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित होगा।

शहर में रेंगते हुए चल रहा यातायात, चौराहे पर जाम

जिम्मेदारों का ध्यान नहीं, शहर की यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव की जरूरत

दैनिक अवन्तिका ›› गुना



शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों बदहाल नजर आ रही है। शहर की प्रमुख सड़कों से लेकर चौक-चौराहों तक वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं। सुबह से शाम तक कई स्थानों पर जाम जैसे हालात बने रहते हैं, जिसके चलते आम शहरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि कुछ दूरी का सफर तय करने में भी लोगों को काफी समय लग रहा है।

दरअसल शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके अनुरूप यातायात व्यवस्था में बदलाव नजर नहीं आ रहा। वाहन चालक बार-बार जाम में फंस रहे हैं। दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ-साथ भारी वाहनों की आवाजाही भी कई स्थानों पर यातायात को प्रभावित कर रही है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कोई प्रभावी पहल होती दिखाई नहीं दे रही। सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनती है, जब जाम में आपातकालीन एंबुलेंस वाहन फंस जाते हैं। एंबुलेंस में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों के लिए जाम का हर मिनट भारी पड़ सकता है। बीमार और जरूरतमंद लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती है। इसके अलावा नौकरीपेशा, व्यापारी, विद्यार्थी और रोजमर्रा के काम से निकलने वाले नागरिक भी इस अव्यवस्था से परेशान हैं।

यातायात व्यवस्था में बदलाव की दरकार- शहरवासियों का मानना है कि अब यातायात व्यवस्था को पुराने ढर्रे पर चलाने के बजाय नए सिरे से योजना बनाने की जरूरत है। चूंकि लंबे समय से पदस्थ रहने के बाद भी यातायात प्रभारी अजय प्रताप सिंह शहर की यातायात व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हो रहे हैं। वर्तमान हालात यह है कि प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस की नियमित तैनाती, अतिक्रमण पर नियंत्रण, पार्किंग की समुचित व्यवस्था और व्यस्त मार्गों पर यातायात के दबाव के अनुसार आवश्यक बदलाव किए जाने चाहिए। साथ ही एंबुलेंस एवं अन्य आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता सुनिश्चित करने की व्यवस्था भी जरूरी है। अब सवाल यह है कि आखिर शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कब गंभीर होंगे? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही व्यवस्था सुधारने की पहल की जाएगी या शहरवासियों को इसी तरह रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा। इस संबंध में जब शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए उप पुलिस अधीक्षक मुकेश दीक्षित से विस्तार पूर्वक मोबाइल के माध्यम से दो कॉल करके जानकारी लेना चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाएगा मन स्पेशल स्कूल का छात्र भानु गोस्वामी



दैनिक अवन्तिका ›› गुना

मन स्पेशल स्कूल, गुना के प्रतिभाशाली छात्र भानु गोस्वामी अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने जा रहे हैं। भानु 14 नवंबर 2026 से गांधीनगर गुजरात में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल कोचिंग कैंप में शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण शिविर के उपरांत चयनित टीम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए रवाना होगी। विशेष बात यह है कि इस कैंप के लिए गुना जिले से एक कोच दुर्गेश सक्सेना का भी चयन हुआ है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मन स्पेशल स्कूल परिसर में भानु गोस्वामी के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मन समिति की सचिव श्रीमती संगीता सिंह भाटी द्वारा शुभकामनाएं दी गई और समारोह में मन समिति के कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव एवं डॉ. संध्या श्रीवास्तव द्वारा भानु को पुष्पमाला पहनाकर एवं टी-शर्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मन समिति के समस्त सदस्यों, मन कॉलेज एवं मन स्पेशल स्कूल के शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्यों ने भानु को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। भानु की यह उपलब्धि न केवल उनके कठिन परिश्रम, लगन एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है, बल्कि पूरे गुना जिले एवं मन संस्थान के लिए गौरव का विषय है। संस्थान परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि भानु अपनी प्रतिभा से देश एवं जिले का नाम रोशन करेगा।

ग्राम सोवत से सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के 20 वें दिन की पदयात्रा शुरू



गुना/अशोकनगर। गुना और अशोकनगर जिले की सीमा से सटे ग्राम सोवत से 20वें दिन शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का शुभारंभ हुआ। पदयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व धर्मरथ में स्थापित पवित्र नदियों के जल से सुशोभित कलशों, रथ में विराजमान प्रभु श्रीरामलला सरकार एवं पार्थिव शिवलिंग का विधि-विधान से पूजन-अर्चन, अभिषेक एवं आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रभु का आशीर्वाद लेकर पदयात्रा की शुरुआत की।

इस अवसर पर राष्ट्रध्वज तिरंगे को ससम्मान सलामी दी गई। यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में पदयात्रियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता, संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यात्रा के उद्देश्य को लेकर आयोजकों ने कहा कि यह पदयात्रा वोट चोरी और प्रभु श्रीराम के नाम पर चंदा चोरी के विरुद्ध सत्य एवं न्याय की आवाज बुलंद करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। साथ ही सनातन धर्म के वास्तविक मूल्यों की रक्षा और समाज में प्रेम, भाईचारा, सद्भाव एवं समानता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह यात्रा लगातार विभिन्न गांवों और कस्बों से गुजरते हुए अपने संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के नाम पर संत रविदास सामुदायिक भवन बनकर तैयार

दैनिक अवन्तिका ›› गुना

शहर के अंबेडकर नगर, हड्डिमिल वार्ड क्रमांक 21 में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के नाम से संत रविदास सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इस भवन के तैयार होने से क्षेत्र के लोगों को सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।

इस संबंध में नगर पालिका परिषद गुना के पार्षद रामवीर जाटव ने बताया कि यह सामुदायिक भवन समाज की एकता, संगठन, भाईचारे और सामाजिक विकास के लिए एक नए केंद्र के रूप में उपयोगी साबित होगा। अब समाज के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुविधाजनक स्थान मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि इस भवन को उनकी वार्ड में बनाने के लिए पार्षद रामवीर जाटव ने काफी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अपने विचारों और संदेशों के माध्यम से समाज को समानता, समरसता और भाईचारे का मार्ग दिखाया है। उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। सामुदायिक भवन के निर्माण पर पार्षद रामवीर जाटव ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन सामाजिक एकजुटता और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

आलौकिक चातुर्मास की धर्मसभा में समझाया पुरुषार्थों के संतुलन का महत्व

उज्जैन। मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, इन चारों पुरुषार्थों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। धर्म और मोक्ष के पुरुषार्थ ही अर्थ एवं काम को नियंत्रित करते हैं। जब व्यक्ति धर्मपूर्वक अर्थ का अर्जन और मर्यादित रूप से काम (इच्छाओं) का उपभोग करते हुए मोक्ष की दिशा में आगे बढ़ता है, तभी जीवन की वास्तविक सफलता सिद्ध होती है।

यह प्रेरणादायी उद्बोधन आचार्यदेव श्रीमद् विजय जितेन्द्रसूरीश्वरजी महाराजा एवं मालव विभूषण पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वरजी महाराजा के दिव्य आशीष तथा आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वरजी महाराजा के शुभ सान्निध्य में आयोजित धर्मसभा में पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी महाराजा ने व्यक्त किए। साध्वी श्री भक्तिरेखा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा भी उपस्थित थे। धर्मसभा में गुरुदेव ने मनुष्य जीवन के तीन प्रमुख दोषों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि तन में व्याधि (रोग) का दोष, मन में मद (अहंकार) का दोष और धन में मोह का दोष होता है। इन तीनों दोषों को त्यागकर धर्म के मार्ग पर अग्रसर होने से ही यह दुर्लभ मानव जीवन अमूल्य बनता है और आत्मा मोक्ष पुरुषार्थ की ओर बढ़ती है। चातुर्मास समिति के संयोजक अभय जैन मामा और मनीष कोठारी ने बताया कि प्रवचन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं से एक प्रश्न पूछा गया कि उजाला होने पर कौन-सी चीज उपस्थित नहीं रहती? इसका उत्तर अंधकार आया। गुरुदेव ने इस उदाहरण के माध्यम से समझाया कि जिस प्रकार प्रकाश के आते ही अंधकार स्वत: समाप्त हो जाता है, उसी प्रकार जीवन में ज्ञान का उदय होते ही अज्ञान रूपी अंधकार नष्ट हो जाता है। अत: प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में ज्ञान की आराधना कर अज्ञान को दूर करना चाहिए।

कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन
// जाहिर सूचना//

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की अलकनंदा नगर आवासीय योजना के अंतर्गत भवन / भूखण्ड क्र. 16/28 ईडब्ल्यूएस श्रीमती प्रिया सकलेचा पति श्री अनुभव सकलेचा निवासी 64, आदर्श नगर, ग्राम कायथा, जिला उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर दर्ज है। आवंटी द्वारा उक्त सम्पति के विकय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का अंतरण श्रीमती कामिनी जैन पति श्री राजीव जैन एवं श्री राजीव जैन पिता श्री अमोलकचन्द्र जैन निवासी 11, वसंत विहार, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अत: आवंटी / मु.आ. द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विकय / अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विकय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड म्यु क्रमांक 04 डी-ए पुराना क्रमांक 3/1733 न्यु क्रमांक 04 भाग स्थित बिलोटीपुरा वीर दुर्गा दास मार्ग गली नं 08 वार्ड नं 12 तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 134.43 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मं- मकान और विक्रेता की खुली भूमि, पश्चिम में- आम रास्ता, उत्तर में- खुली भूमि और विक्रेता का मकान, दक्षिण में- जगन्नाथ का मकान व मकान हुकुमसिंह पंजाबी स्थित है। उक्त संपत्ति श्री मोहम्मद हुसैन ने पूर्व स्वामी से विक्रय पत्र क्रमांक 619 दिनांक 21/05/1984 के माध्यम से क्रय की थी तथा मोहम्मद हुसैन की मुत्यु हो जाने के पष्चात उनके पुत्र मोहम्मद उमर उक्त संपत्ति के स्वामि हुए तथा मोहम्मद उमर की मुत्यु दिनाक 13/12/2023 को हो जाने से उक्त संपत्ति के स्वामि उनकी पत्नि रईसा बी एंव उनकी पुत्रिया नफिसा बी पति जाकिर अनीसा बानो पति इरषाद एहमद फरीदा बी पति उस्मान एंव उनके पुत्रगण मो.जफर, मो.अशफाक ने उक्त सपत्ति पर कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण नं. 432/2024/7 पीटी दिनाक 30/01/2025 को अपना नाम दर्ज करा लिया है तथा श्रीमती रईसा बी पति स्व मुंशी मोहम्मद उमर आदि ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुंबध श्री सन्नी पिता जवाहरलाल कोटवानी से किया है एवं श्री सन्नी पिता जवाहरलाल कोटवानी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार सजन सिंह पिता श्री लक्ष्मण सिंह निवासी ग्राम लिमबा पीपलिया तहसील व जिला उज्जैन ने दिनांक 05.11.2026 को एक ट्रेक्टर स्वराज कंपनी का मॉडल 855 Pro Tech 10,25,000/- रूपये में कय किया है। जिसमें 1,11,000/-रूपये नगद अदा कर दिए है तथा शेष राशि 9,14,000/- रूपये आरटीओं व बीमा के कागज देगा अदा कर देगा। प्रार्थी ने पूर्व में एक ट्रेक्टर इसी कम्पनी से मॉडल 963 एफई दिनांक 19.10.2022 को स्वराज कम्पनी का खरीदा था पूर रूपये अदा कर दिए है। परन्तु आरटीओं व बीमा के कागज मेरे पक्षकार को आज दिनांक तक नहीं दिए है। दिनांक 05.11.2026 को दो कोरे चेक बैंक ऑफ इंडिया शाखा पंथपिपलाई के चेक क्रमांक 052359 व 052360 के सिक्योरिटी पेटे दिए है। जिसका दुरूपयोग राजू मशीनरी एण्ड ट्रेक्टर्स कर सकता है। हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि, राजू मशीनरी एण्ड ट्रेक्टर्स के प्रोप्रा. जब तक मेरे पक्षकार को पुराने व नए ट्रेक्टर के आरटीओ व बीमा के कागज नहीं देता है और यदि दोनों चेक बैंक में लगाता है तो, दोनों चेकों का भुगतान नहीं किया जावे। राजू मशीनरी एण्ड ट्रेक्टर्स के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

इति दिनांक 13.11.2026

ठाकुर मनोहर सिंह सोलंकी, एडव्होकेट

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी मोहम्मद अखलाक खान पिता श्री यासीन खां निवासी 11/1, राजाभाऊ महाकाल मार्ग, गली नंबर 02, उज्जैन (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 1/1 का भाग स्थित यंत्र महल मार्ग क्रमांक 01, गली नंबर 03, शांति नगर (सुदर्शन नगर) (झु.झो.) उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 62-73 वर्गमीटर हैं जिसके पूर्व दिशा में अन्य की भूमि, पश्चिम दिशा में रास्ता है, उत्तर दिशा में विक्रेता की शेष भूमि तथा दक्षिण दिशा में श्री मनोज का भूखण्ड मिला हैं। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार श्रीमती मीना मिश्रा पति श्री सागर मिश्रा निवासी 384, प्रकाश नगर, गली नं. 04, शिव मंदिर के पास, नागदा जंक्शन, जिला उज्जैन ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर सौदे चिट्ठी का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया है। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, बोझ, हित अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 20 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

सो सूचित हो। इति दिनांक 13-11-2026

गुंजेश मण्डोरिया, एडवोकेट
05, नगारची बाखल, उज्जैन
मो. 9111175790

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार धीरज सिंह पिता रणजीत सिंह निवासी पवांसा मक्सी रोड उज्जैन ने कृषि भूमि स्वामी बद्रीलाल पिता गौरीशंकर जी निवासी डकाच्या जिला इन्दौर (म.प्र.) के स्वामित्व, स्वत्व एवं अधि ात्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 14 (एस) रकबा 0.87 हैक्टेयर स्थित ग्राम डिगरोदा तहसील टोकखुर्द जिला देवास म.प्र. में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर मेरे पक्षकार ने क्रय सौदा चिटठी का निष्पादन कर बयाना राशि भूमि स्वामीगण को अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का ई पंजियन करवाना शेष रहा है। उक्त कृषि भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति संस्था समूह वित्तिय निकाय बैंक पेढी शासकिय व अर्द्धशासकिय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया गया हो अथवा स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार बोझ दान विक्रय वक्शीष बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे अथवा मेरे पक्षकार के समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय अनुबध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । इति दिनांक 13/11/2026

अजय शंकर तिवारी एडव्होकेट
कार्यालय चकोर पार्क के सामने, मक्सी रोड, उज्जैन
(म.प्र.) मो. 9827068234

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्रीमती चंदाबाई चौहान पति श्री कैलाशचन्द्र चौहान, निवासी-24/2, कमल कॉलोनी, आगर रोड़, उज्जैन (म. प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक एम-73 का भाग मध्य तरफ का होकर स्थित गायत्री नगर सेक्टर ए , आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) पर निर्मित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 46.48 वर्गमीटर को क्रय करने का सौदा भवन स्वामी से तय किया है तथा बयाना / टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भवन के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्त्यार नामा आम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार द्वारा भवन स्वामी से अपने पक्ष में करवा लेगा। सूचित हो। इति दिनांक 14/11/2026

डॉ.एस.के. शर्मा एडव्होकेट
उज्जैन ऑ.नं. 15, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9300707767

न्यूज-कॉलम

192 श्रमिक परिवारों को 4 करोड़ 26 का लाभ वितरित

मंदसौर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना संबल के हितग्राहियों के बैंक खातों में लाभ राशि अंतरित की 13 नवंबर को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत सिंगल क्लिक से प्रदेश के 7 हजार श्रमिकों को 175 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया। इस अवसर पर मंदसौर जिले के 192 श्रमिक परिवारों को 4 करोड़ 26 लाख का लाभ वितरण हुआ। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला एन आईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में श्रम निरीक्षक ज्योति तोतला, आदि उपस्थित रहे।

लूडो खेलने के दौरान विवाद में चले बेल्ट और पत्थर

मंदसौर। शहर के जनकूपुरा क्षेत्र में गुरुवार रात लूडो खेलने के दौरान उपजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने एक युवक के साथ बेल्ट, लात-घूंसों और पत्थरों से मारपीट की। अशोक टॉकीज और गणपति चौक के बीच रात करीब 11ववबजे हुई इस घटना में नयापुरा रोड निवासी निलेश पिता भोजराज देबाना (35) घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ युवक पत्थरबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित निलेश देबाना की रिपोर्ट पर पियूष गंधर्व, नीनू गंधर्व, प्रेम सोनी, भावेश और एक अन्य आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

अष्टान्हिका महापर्व पर होगा नंदीश्वर द्वीप महामण्डल विधान

मंदसौर। श्री महावीर जिनालय नया मंदिर एवं श्री दिगम्बर जैन महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर 17 से 24 नवंबर तक आठ दिवसीय श्री नंदीश्वर द्वीप महामण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। महावीर जिनालय ट्रस्ट के अध्यक्ष जयकुमार बडजात्या व सचिव डॉ. संजय गांधी ने बताया कि कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ माह में आने वाले इस महापर्व में की जाने वाली अष्टान्हिका पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। संगठन अध्यक्ष डॉ. चंदा भरत कोठारी ने जानकारी दी कि जैन धर्म और भूगोल के अनुसार नंदीश्वर द्वीप मध्यलोक का आठवां अत्यंत पवित्र द्वीप है, जहां 52 अकृत्रिम जिन मंदिर हैं और प्रत्येक मंदिर में 108 पद्मासन प्रतिमाएं विराजमान हैं। अष्टान्हिका महापर्व पर चारों प्रकार के देव वहां अखंड पूजा करते हैं और इसी भाव से पृथ्वी पर श्रद्धालु अष्टदिवसीय विधान पूजन रचाते हैं। महोत्सव के दौरान विद्वत श्री आनंद जैन शास्त्री भैयाजी के निर्देशन में साज-संगीत के साथ प्रतिदिन प्रातः 7.15 बजे से अभिषेक, शांतिधारा व विधान पूजन तथा शाम 7.30 बजे से आरती, भक्ति और स्वाध्याय के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कायस्थ समाज ने मनाया चित्रगुप्त दूज पूजन

नीमच। कायस्थ समाज नीमच द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज का दूज पूजन कार्यक्रम बुधवार, ११ नवंबर २०२६ को विकास नगर स्थित वैभव सुखधाम मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी. (डीजल) पश्चिम रेलवे, रतलाम- 457001 द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से वेबसाइड **www.ireps.gov.in** पर खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त का विवरण निम्नानुसार है: **ई-निविदा क्रं. M-DL-EL91-721043-R1 Closing Date: 30.11.2026. कार्य का नाम:** Repair and rehabilitation/ overhauling of auxiliary motors of conventional Lcoomotive at LCC-RTM for 2 years. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,34,99,164.60 (सभी करों के साथ) रु. एक करोड़ चौंतीस लाख निन्यानवे हज़ार एक सौ चौंसठ एवं साठ पैसे। **बयाना राशी:** रु.2,70,000/- रु. दो लाख सत्तर हजार। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** निशुल्क। **कार्य की अवधि:** 24 माह। **आफर की वैधता:** 60 दिन। **निविदा फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 30.11.2026 11:00 बजे तक। **निविदा खोलने की तिथि:** 30.11.2026 11:30 बजे तक। यह टेंडर वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिये साथ ही निविदाकार का ireps पोर्टल पर पंजीकृत अनिवार्य है। उक्त ई-टेण्डर की प्रक्रिया में केवल पंजीकृत निविदाकार ही भाग ले सकते है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेते समय निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज एवं आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। SPAN/3/1/329

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

भगवान बिरसा मुंडा क्रांतिकारी ही नहीं समाज सुधारक थे-मंत्री काश्यप

जनजातीय गौरव सप्ताह को लेकर पत्रकार-वार्ता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



भारतीय जनता पार्टी भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के उपलक्ष्य में 11 से 18 नवंबर तक पूरे प्रदेश में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाएगी। इस दौरान भाजपा संगठन, प्रदेश सरकार और जन जातीय समाज मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय नायकों के शौर्य, संघर्ष, बलिदान और गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की ऐतिहासिक शुरूआत की है, जो जनजातीय समाज के नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान और पहचान दिलाने की महत्वपूर्ण पहल है।

जनजातीय गौरव सप्ताह को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही। पत्रकार वार्ता में अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दिलीप मकवाना, जिलाध्यक्ष गोविन्द डामर, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, सह प्रभारी निलेश बाफना एवं नीरज बरमेचा मंचासीन रहे। श्री काश्यप ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में देश, समाज और जनजातीय अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज में स्वाभिमान, स्वतंत्रता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की अलख जगाई। ऐतिहासिक उदाहरण है। केन्द्र, राज्य सरकार सहित अन्य स्थानों पर भी जनजातीय समाज महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा है।

मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा क्रांतिकारी ही नहीं समाज सुधारक थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध ही संघर्ष नहीं किया अपितु जल, जंगल और जमीन पर जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान किया। जनजातीय समाज के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता केवल भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन के कार्यों, राजनीतिक नेतृत्व में भागीदारी और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं में स्पष्ट दिख रही है। भाजपा ने जनजातीय समाज को सम्मान देने का संकल्प पूरा करके दिखाया है। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर जनजातीय समाज की बेटी महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का होना समाज के सम्मान, सशक्तिकरण और भागीदारी का ऐतिहासिक उदाहरण है। केन्द्र, पहचान नहीं दी।

न्यूज कालम



भूतेडा ग्राम से चोरी हुआ ट्रक हरियाणा से मिला, आरोपी फरार

जावरा । समीप ग्राम ग्राम भूतेडा से 9 नवंबर को एक आयशर ट्रक चोरी गया था ।ट्रक ड्राइवर अकंलेश्वर पिता प्रभु लाल भिल 22 ने औद्योगिक क्षेत्र में ट्रक चोरी की रिपोर्ट पंजीबद करवाई। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी सुमित मिश्रा ने सक्रियता से तुरंत अपनी टीम के साथ चोरी गया आयशर ट्रक आर जे 9 जीइ 5978 के लिए सीसीटीवी कैमरे खगाले टोल बैरियरों पर वाहनों की आवाजाही संबंधी जानकारी एकत्रित की। ट्रक 8 लेन एक्सप्रेस से मुंबई की तरफ रवाना हुआ है चोरों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए किया फिर ट्रक को दिल्ली की तरफ टर्न दिया और उधर भागे। सीसीटीवी कैमरे से पुलिस ने दिल्ली रूट पर तलाश प्रारंभ की तो 8 लेन एक्सप्रेसवे पर ट्रक डिटेक्ट होने के बाद पुलिस ने संबंधित थानों एवं चौकिया को सूचना दी पुलिस को जब जानकारी मिली कि हरियाणा के नूह कालिंजर टोल के पास ट्रक खराब होने के कारण उसे छोड़कर आरोपी फरार हो गए ।जयसिह पूरा पुलिस द्वारा चोरी गया ट्रक जप्त किया। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की तलाश एवं विवेचना जारी है। ट्रक की कीमत 27 लाख रुपए बताई गई। उक्त धर पकड़ में थाना प्रभारी मिश्रा, उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा ,प्रधान आरक्षक बालकृष्ण चंदेल, वीरेंद्र सिंह, एवं जय सिह पूरा पुलिस चौकी प्रभारी बलबीर सिंह एवं शमीम की सराहनीय भूमिका रही।

लायंस क्लब मन्दसौर गोल्ड की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न



मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के तत्वावधान में आधिकारिक यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष लायन रमेश मूंदड़ा ने प्रांतपाल लायन निशान जैन के वर्ष भर के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्ययोजना से सदस्यों को अवगत कराया। वहीं, क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन संजय पारीख ने क्षेत्र में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समारोह में स्वागत भाषण क्लब अध्यक्ष मनोज मित्तल ने दिया। लायन महेश राठी मनासा, रीजन सचिव नेमीचंद पाटीदार एवं लायन डॉ. अनूप व्यास का स्वागत सुदीप दास, पंकज सुराणा, दिनेश बाबानी व वीरेंद्र सिंह चौहान ने किया। नए सदस्य महेंद्र दूरग को संभागीय अध्यक्ष द्वारा पिन लगाकर क्लब की सदस्यता प्रदान की। संचालन सचिव लायन रितेश गर्ग ने किया।

पुलिस ने नाकाबंदी कर लग्जरी कार से 89 किलो 300 ग्राम अवैध डोडाचूरा पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



जिले के थाना अफजलपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी कर रहे पंजाब के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 लाख 80 हजार रु. कीमत का कुल 89 किलो 300 ग्राम अवैध डोडाचूरा तथा तस्करी में महिन्द्रा एक्सयूवी 500 कार जब्त की है।

जानकारी के अनुसार अफजलपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दलौदा-बिलांत्री आम रोड स्थित हाई स्कूल के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध महिन्द्रा एक्सयूवी 500 कार क्र. यूपी 16 बीए 6768 को घेराबंदी कर रोका गया, जिस पर चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल व पंचों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम वरिन्दर सिंह (35) पिता हरजिन्दर सिंह जट सिक्ख निवासी जर्ग, जिला लुधियाना (पंजाब) बताया। कार की डिक्की की तलाशी लेने पर 7 प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 89 किलो 300 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने उक्त डोडाचूरा जीवन निवासी भाटरेवास से लाना बताया है, जिसे प्रकरण में फरार आरोपी के रूप में नामजद कर तलाश की जा रही है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति तथा पात्र हितग्राहियों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

मातृ स्वास्थ्य एवं गर्भवती महिलाओं की जांचः प्रत्येक गर्भवती महिला की प्रसव अवधि के दौरान कम से कम चार बार प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित की जाए। सेक्टर मेडिकल ऑफिसर एएनसी पंजीयन, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं उनके समुचित प्रबंधन की नियमित समीक्षा करें। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निगरानीः सभी हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की संभावित प्रसव तिथि से 15 दिन पूर्व ही प्रतिदिन ट्रैकिंग प्रारंभ की जाए तथा उनका प्रसव उच्च स्वास्थ्य संस्थान में ही करवाना सुनिश्चित करें। अनमोल पोर्टल पर जानकारी अपडेट करेंः गर्भवती महिलाओं की जांच होने के तत्काल बाद संबंधित जानकारी अनमोल पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें।पूर्ण टीकाकरण अभियानः पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को उनकी आयु के अनुसार निर्धारित समस्त टीके समय पर लगवाना सुनिश्चित करें।

मलेनी के बैराज से पानी की अवैध सिंचाई की शिकायत, डेम हो रहा था खाली

जावरा । नगर में पेयजल का एकमात्र स्त्रोत मलेनी नदी है ।यहां बना बैराज इसका जलस्तर तेजी से गिर रहा है लगातार जलस्तर गिरता जा रहा मलेनी नदी से खेतों में सिंचाई के लिए चोरी छिपे मोटर लगाकर सिंचाई की जा रही ।इस पर शक्ति से रोक लगाना आवश्यक है। शिकायत के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आया है। पानी चोरी की शिकायत सीधे कलेक्टर को गोपनीय रूप से की गई तो कलेक्टर अजय कटेसरिया ने तुरंत डब्लयू आरडी (जल संसाधन विभाग) को जांच के आदेश दिए। एसडीएम से भी कार्रवाई के लिए कहा गया। इस बार क्षेत्र में कम वर्षा होने के कारण कलेक्टर ने विभिन्न डेम एवं जलाशयों से सिंचाई प्रतिबंधित कर रखी है। इससे पेयजल के लिए दिक्कत ना हो । मलेनी पर बने बैराज में संग्रहित पानी का उपयोग केवल आवश्यक जरूरत के लिए सुनिश्चित करना जरूरी है ।यदि इस तरह पानी का अनाधिकृत उपयोग और सिंचाई जारी रही तो आने वाले समय में नगर वासियों को पेयजल संकट का गंभीर सामना करना पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि जल संसाधन विभाग की जांच में अवैध सिंचाई की शिकायत कितनी सही पाई जाती है। और बैराज के पानी को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है।

गांधी सागर में कैबिनेट बैठक की तैयारियां तेज : कमिश्नर व एडीजीपी ने लिया सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

जिले के गांधी सागर में आगामी 18 नवंबर को आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश कैबिनेट की बैठक की तैयारी का निरीक्षण उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह तथा उज्जैन एडीजीपी राकेश गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान कलेक्टर मंदसौर दिव्यांक सिंह, विधायक गरोठ चंदरसिंह सिसोदिया, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्र, डीआईजी रतलाम रेंज निमिष अग्रवाल, एसपी मंदसौर विनोद कुमार मीना, जिला पंचायत मंदसौर सीईओ अनुकूल जैन, नीमच सीईओ अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एसडीएम राहुल चौहान तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उज्जैन कमिश्नर श्री सिंह तथा एडीजी श्री गुप्ता द्वारा आगामी कैबिनेट आयोजन की तैयारी की बारीकी से समीक्षा की विभिन्न स्थानों पर जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा हिंगलाजगढ़ रिजॉर्ट तथा टेंट सिटी पहुंचकर तैयारी देखी गई। मंत्रिमंडल की बैठक व्यवस्था, प्रेस वार्ता कक्ष, मीटिंग हॉल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने हेलीपैड पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी। कैबिनेट आयोजन स्थल पर पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इस दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर तैयारी से अवगत कराया गया।

कमिश्नर आशीष सिंह ने वी आई पी के आगमन पर उनके लिए विभिन्न व्यवस्थाओं तथा एडीजी द्वारा सुरक्षा संबंधी विषय पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। दोनों अधिकारियों ने बैठक लेकर कैबिनेट आयोजन संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर स्थानीय जिला प्रशासन को दिशा निर्देशित किया।

तीसरे दिन का मैच पत्रकार संघ के आतिथ्य में हुआ शुभारंभ



पिपलिया मंडी। आईपीएल की तर्ज पर वी-२७ प्रीमियर लीग सीजन-1 का 12 टीमों के 156 खिलाड़ी के बीच होने वाला क्रिकेट टूनार्मेंट तीसरे दिन स्थानीय पत्रकारो के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय गांधी चौराहे के पीछे स्थित जिनिंग फैक्ट्री परिसर में बुधवार सुबह पांच दिवसीय वी-27 प्रीमियर लीग सीजन-1 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें प्रतिदिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष ललित कसेरा एवं वी-27 क्रिकेट एकेडमी के संचालक विनय नेकाड़ी ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 जिलों की 12 टीमें भाग ले रही हैं। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए करीब 300 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 156 खिलाड़ियों को बोली लगाकर विभिन्न टीमों ने खरीदा। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ९० हजार रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार 60 हजार रुपये रखा गया है। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन एवं बेस्ट बॉलर को भी आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। तीसरे दिन वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर, प्रेस क्लब सचिव जेपी तेलकार, शंभू मेक, नरेंद्र राठौड़, लोकेश राठौर, सांसद प्रतिनिधि दिलीप गोयल, विधायक प्रतिनिधि लोकेश करड़ा

विधायक विपिन जैन ने प्रशासन की उदासीनता पर जताई नाराजगी, जल्द धरने पर बैठेंगे



मंदसौर। शिवना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए चलाया जा रहा शुद्धिकरण अभियान शुक्रवार को 151वें दिन भी जारी रहा। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में श्रमदानियों ने भगवान पशुपति नाथ मंदिर की छोटी पुलिया और दोनों घाटों के आसपास सफाई अभियान चलाकर एक ट्रॉली कचरा बाहर निकाला। इस दौरान नदी किनारे फैली प्लास्टिक थैलियों, गाद, कचरा, पानी की काई तथा घाटों पर फेंके गए कपड़ों को साफ किया गया, वहीं धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए किनारे मिली तस्वीरों और मूर्तियों को व्यवस्थित स्थान पर रखवाया गया। अभियान के दौरान विधायक विपिन जैन ने नदी की बदहाल स्थिति और प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 151 दिनों के निरंतर श्रमदान के बावजूद लोग नदी में कचरा डाल रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। गंदे नाले आज भी सीधे शिवना में मिल रहे हैं, जिन्हें रोकने के लिए प्रशासन के पास कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है और पूर्व की योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। जैन ने चेतावनी दी कि अब केवल श्रमदान से काम नहीं चलेगा, बल्कि शिवना की दुर्दशा के खिलाफ वे जल्द ही आमजन को साथ लेकर धरने पर बैठेंगे।

पूज्य सिंधी जनरल पंचायत का दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

मंदसौर। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत मंदसौर के तत्वावधान में दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह श्री झूलेलाल सिंधु महल में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, समाज के आशीर्वाददाता दृष्टानन्द नैनवानी, वासुदेव खेमानी, संयोजक नन्दूभाई आडवानी, मोहन रामचंदानी, पुरूषोत्तम शिवानी, विनोद शर्मा, समाज अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, महासचिव राजेश चाहूजा, वरूणदेव संचालन समिति अध्यक्ष प्रमोद ककनानी, लाड़ी लोहाणा पंचायत प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र चंदवानी, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, किन्नर गुरू अनीता दीदी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, भाजपा नेता अनिल कियावत, विनय दुबेला, नरेश चंदवानी, कांग्रेस नेता मनजीतसिंह मनी, इष्टा भाचावत, नपा सभापति निर्मला चंदवानी, दीपमाला मकवाना, शांति फरक्या, पार्षद भावना पमनानी, डॉ. सुरेश पमनानी, डॉ. डी.डी. संगतानी, मोनू चंदवानी, युवा संगठन अध्यक्ष नीतेश सतीदासानी, मुकेश होतवानी तथा धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष ज्योति ककनानी मंचासीन रहे। अतिथियों का स्वागत ब्रजलाल नैनवानी, गिरीश भगतानी, कैलाश मनवानी, अनिल लालवानी, प्रीतम खेमानी, रमेश लवानी, दयाराम जैसवानी, विजय कोठारी, दुर्गेश बेलानी, उमेश ज्ञानानी, मोहन मनवानी, गिरधारी जजवानी, ताराचंद जैसवानी आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन पुरूषोत्तम शिवानी ने किया, आभार अध्यक्ष वासुदेव सेवानी ने माना।

विकास कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता सुनिश्चित करें -सांसद श्री गुप्ता

सांसद श्री गुप्ता की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



सांसद सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा जिले में संचालित विकास गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की गई। सांसद श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रत्येक पात्र हितग्राही तक उनका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। विकास कार्यों की नियमित निगरानी एवं स्थल निरीक्षण करें तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।

सांसद श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में लाभान्वित एवं प्रतीक्षारत हितग्राहियों की सूची पंचायत भवन की दीवारों पर प्रदर्शित की जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में हितग्राहियों की स्थायी पंजी संधारित कर उसे आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध कराया जाए, ताकि योजना की जानकारी में पारदर्शिता बनी रहे और पात्र हितग्राहियों को अपनी स्थिति की जानकारी मिल सके।

सांसद ने जिले के सभी नगरीय निकायों में शासकीय योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग एवं प्रचार सामग्री लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत योजना, सीवरेज परियोजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नागरिकों को उपलब्ध कराई जाए। सभी नगरीय निकाय आगामी १० दिनों में प्रचार-प्रसार के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित कर कार्ययोजना प्रस्तुत करें। बैंक एवं नगर पालिका आपसी समन्वय से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाएं।योजनाओं के प्रचार-प्रसार में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अरुणसिंह पिता जगनाथसिंह चौहान क्रेता- 1- श्रीमती रचना साहू पति गिरीज साहू 2- गिरीज साहू पिता राधेश्याम साहू पता- भूखंड क्रमांक 23 बजरंगपुरा इन्दौर पिन- 9000029104 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अरुण पिता भैयालाल चौहान क्रेता- नीतू खालोदिया पति नीतिन खालोदिया पता- भूखंड 44 श्याम नगर एनेक्स इन्दौर पिन- 1000928492 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। दिनांक 8.10.2026 इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

श्रीमती सावित्री बाई सक्सेना का देवलोक गमन

ब्यावरा। राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ तहसील स्थित कुरावर के समीप ग्राम मोईलीकला निवासी



स्वर्गीय बृज मोहन सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई सक्सेना का 12 नवंबर गुरुवार को देवलोक गमन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थी। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाई है। आप हंसमुख स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण समाज में अत्यधिक लोकप्रिय रही। उन्होंने अपने भरे पूरे परिवार को आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और भावनात्मक सुरक्षा देकर जीवन की हर चुनौतियों का सामना करना सिखाया। स्वर्गीय श्रीमती सावित्री बाई सक्सेना की शवयात्रा प्रमुख मार्ग से होते हुए विश्राम घाट पहुंची जहा समाजबंधुओ एवं प्रबुद्धजनों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को असीम धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई, 7 प्रकरण दर्ज

राजगढ़-ब्यावरा। राजगढ़ जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा संदिग्ध स्थलों, होटल एवं ढाबों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। ये प्रकरण ग्राम बोडपुरा, वृत्त नरसिंहगढ़, वृत्त राजगढ़, भेसवा माता सारंगपुर, वृत्त खिलचीपुर एवं वृत्त ब्यावरा में कायम किए गए। इस दौरान लगभग 30.52 बल्क लीटर मदिरा जप्त कर आबकारी विभाग के कब्जे में ली गई तथा प्रकरणों को विवेचना में लिया गया। अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई के तहत संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी, रात्रिकालीन गश्त, रोड चेकिंग एवं आबकारी केंद्रों पर सतत निगरानी की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

एक व्यक्ति के विरुद्ध की जिला बदर की कार्रवाई

राजगढ़-ब्यावरा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के अंतर्गत हाफिज उर्फ सोल्जर पिता युसुफ उस्ताद, निवासी हाट मोहल्ला, सारंगपुर, थाना सारंगपुर, जिला राजगढ़ के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित व्यक्ति को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला राजगढ़ सहित उससे लगे सीमावर्ती जिलों गुना, शाजापुर, आगर मालवा, विदिशा, सीहोर एवं भोपाल की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा लोक व्यवस्था के मद्देनजर वैधानिक प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है।

चिकन शॉप से चिकन फ्राई एवं टमाटर सॉस के नमूने लिए

राजगढ़-ब्यावरा। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा सारंगपुर स्थित सदर बाजार की अबूजर चिकन शॉप (शोरमा चिकन) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकन फ्राई एवं टमाटर सॉस के नमूने जांच हेतु लिए गए। उक्त नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठान में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

महिदपुर मंडी के बड़े प्रांगण की आवश्यकता

सीजन में सोयाबीन-गेहूँ के भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के कारण मुख्य मार्ग का यातायात हो रहा प्रभावित

■ सात दशक में दो प्रांगण छोटे पड़ने लगे हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

महिदपुर कृषि उपज मंडी की स्थापना सन् 1953 की 26 जुलाई को हुई थी। मंडी की स्थापना के साथ नागौरी बाजार के किराये से भवन में मंडी कार्यालय प्रारंभ किया गया था। उस समय शुद्ध घी, ज्वार व कपास की फसलें इस क्षेत्र में होती थीं और वर्तमान जवाहर चौक व शहीद भटनागर चौक में मंडी की नीलामी हो जाती थी। गिनती की बैलगाड़ियों में कपास, ज्वार आठ था। मंडी की स्थापना के साथ ही मध्यभारत शासन में राज पत्र में प्रकाशित कर 25 ग्रामों के क्षेत्र को मंडी में घोषित कर नगर पालिका से रामलाल छजलानी, राजमल बांठिया, रखबचंद सोनी, मांगीलाल पाटनी को तथा कृषक क्षेत्र से चम्पालाल मूणत, नेमीचन्द कासलीवाल, इन्द्रमल सकलेचा, प्रतालमल ओस्तवाल को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया था।

मंडी की स्थापना के साथ मंडी कार्य व खेती की फसलों से बढ़ता गया और वर्तमान मंडी के उत्तर दिशा का प्रांगण, जो कॉटन जिनिंग फैक्ट्री को शासन ने लीज पर दिया था, जिनिंग कार्य बंद होने से यह भूमि कृषि उपज मंडी के लिये शासन ने दी। इस प्रांगण में चोपड़े के पास भवन में कृषि उपज मंडी का कार्यालय प्रारंभ हुआ।

सन 1966-67 में मंडी अध्यक्ष नाथूसिंह परिहार खेड़ा मद्द की ड्राइंग को स्वीकृत कर नया भवन बनाया गया। स्मरणीय है नाथूसिंह परिहार ने तत्कालीन समय में मशहूर फिल्म कलाकार दिलीप कुमार के साथ एक दो फिल्मों में अभिनय भी किया। नए भवन में मंडी कार्यालय अध्यक्ष भेरूसिंह केलवा के कार्यकाल में शुरू हुआ। इस प्रांगण में जगह कम होने के से शासन ने वर्तमान मंडी प्रांगण की भूमि कन्हैयालाल कानूनगो रावला वाले से शासन ने मंडी को अंतरित की।

सन 1973 के बाद हरित क्रांति व नई गेहूँ की किस्मों सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि होने के साथ सोयाबीन व गेहूँ की प्रमुख मंडी का दर्जा महिदपुर मंडी को मिला। 50 वर्षों में फसलों के उत्पादन में वृद्धि होने से मंडी प्रांगण छोटा होने लगा। गेहूँ और सोयाबीन के सीजन में मंडी के बाहर एक किलोमीटर लंबी कतारें ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, मेटाडोर, बैलगाड़ियों की लगने लगीं। ट्रैफिक जाम होने लगा और किसानों को असुविधा होने लगी।

महिदपुर के आसपास की निजी भूमियों के भाव इतने ज्यादा हैं, जिसके कारण शासन की स्वीकृति मिलने में भी कई कठिनाइयाँ आएंगी। शासकीय भूमि के प्रस्ताव को जल्दी मूर्त रूप मिल सकता है

क्षेत्र के व्यापारियों, कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या के निराकरण में अपनी अहम भूमिका निभाना चाहिए, जिससे समस्या का हल हो सके।

मंडी प्रांगण के लिए 50 बीघा जमीन की जरूरत

वर्तमान में मंडी बोर्ड भंग होकर प्रशासनिक व्यवस्था है। प्रशासक के रूप में अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे कार्यरत है। इस समस्या का समाधान इनके कार्यकाल में आसानी से हो सकेगा अब मंडी प्रांगण के लिए 50 बीघा जमीन की आवश्यकता है। राजस्व विभाग के प्रमुख होने के नाते महिदपुर के आसपास शासकीय भूमि कहा कहा पर है इसको देखकर नए प्रस्ताव शासन को भेजा जाए, जिससे इस समस्या का स्थायी हल निकल सके।



पेंशनर समाज का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

बड़नगर। पेंशनर समाज बडनगर का गुरुवार को गीता भवन में दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुवा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज अध्यक्ष भरतलाल शर्मा, मुख्य अतिथि हरगोविंद मेलवाणी, प्रेम कुमार खिची, विशेष अतिथि जगदीश मेघवंशी, सतीश रघुवंशी एवं कन्हैयालाल मुंशी थे।मंचासीन अतिथियों का स्वागत बालकृष्ण पोरवाल व नटवर लाल पटवारी द्वारा किया गया। समस्त पेंशनरों द्वारा एक दुसरे को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाये व बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में रामेश्वर नागल, लालसिंह ठाकुर, रमेश कछावा, मोहनलाल , शंकरलाल पंवार , सुरेश राणे , तोलाराम परमार , रमेश राठौड़, कांतिलाल जोशी , रणछोड़लाल टांडा , बालकृष्ण पांचाल , गोविन्दसिंह पंवार , गजेन्द्र सिंह राणावत, दिनेश पोरवाल , बाबूलाल राठोड , शंकरलाल जोशी , सुभाष गुप्ते , दिनेश शर्मा , रामप्रसाद राठोड , ओमप्रकाश राठोड , विष्णु राम जोशी, रतनलाल आदि पेंशनर साथी उपस्थित थे। पेंशनर समाज की महिला संयोजक के रूप में कुमारी मंजू जायसवाल को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष पंडया द्वारा किया गया व आभार विरेन्द्रसिंह राठौड़ द्वारा माना गया।

समेकित व एकीकृत निर्वाचन सूची का प्रकाशन किया



जगोटी। गुरुवार को जगोटी के चारों मतदान केंद्रों पर विशेष संक्षिप्त 2027मतदाता पुनरीक्षण प्रारूप का प्रकाशन किया गया, बारह नवंबर तक तक प्रकाशित समेकित व एकीकृत निर्वाचन सूची का प्रकाशन गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बीएल ओ शंकरलाल यादव, ममता राजपूत, आशा बैरागी गोकुल चौहान ने किया। इस अवसर पर अनंत शर्मा, रजनीश तिवारी, रवि बोडाना, जगदीश डाबिया सहित पंचगण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

तराना मंडी में हुए मुहूर्त के सौदे, नए सत्र का हुआ श्री गणेश



तराना। दीपावली की 6 दिन की छुट्टी के बाद गुरुवार को कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य शुरू हुआ। शुभ मुहर्त में व्यापारियों द्वारा किसानों की उपज खरीदी इसके साथ नए सत्र श्री गणेश भी हुआ।

मंडी सचिव मानसिंह यादव ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति में मण्डी प्रांगण स्थिति श्री गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर सुबह 11.15 बजे को दीपावली के शुभ मुहूर्त के सौदे किये गए।जिसमे किसान मोड सिंह निवासी लसूड़ियाबेचर उपज सोयाबीन शुभमाला ट्रेडर्स से 8680 भाव मे हुआ। रामप्रसाद निवासी ग्राम मुण्डली उपज सोयाबीन प्रदीप ट्रेडिंग कंपनी 7551,किसान लक्ष्मीनारायण निवासी ग्राम आबादखेड़ी उपज सोयाबीन सांवरिया ट्रेडर्स 7477, दिनेश निवासी तराना सोयाबीन स्काईलार्क प्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड 7477 में महूर्त की खरीदी की गई। दीपावली के शुभ मुहूर्त के अवसर पर व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण नरेन्द्र सोनी,आकाश बोडाना,प्रहलाद जाजू, गौरव जायसवाल,निमिष जिंदल, जानकीलाल प्रजापति, राजेश राठौर, कैलाशचन्द्र जायसवाल, मनीष राठौर, पवन अग्रवाल, आशीष जिंदल, जितेन्द्र मालवीय, ओम जायसवाल, मुन्ना राठी, पियूष जायसवाल, प्रवीण अग्रवाल, प्रियांशु जायसवाल, पुनीत राठी, श्याम सोनी, पुष्पराज सिंह, महेश राठौर, नंदकिशोर जायसवाल, आदि व्यापारीगण, कृषक भाई, तुलवाटी एवं हम्मालगण दिलीप कड़ोदिया मण्डी निरीक्षक, लोकेन्द्र कछावा एवं मण्डी स्टाफ, कृषकों की कृषि उपज खरीदी के शुभ मुहूर्त पर उपस्थित रहे।

बैंक खाते से 1,65,807 रु की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

ब्यावरा। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय एवं राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ऑपरेशन सेफ क्लिक -2.0 संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत साइबर धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से धोखाधड़ी की राशि होल्ड कराने तथा साइबर अपराधों में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों, बैंक खातों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस एवं साइबर शाखा राजगढ़ द्वारा 1,65,807 रु की साइबर धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार कर 90,000 रु की राशि रिकवर की गई तथा एनसीआरपी४ पोर्टल के माध्यम से लगभग 66,000 रु की राशि होल्ड कराई गई। फरियादिया गंगाबाई पति गोपीलाल सोंधिया 55 वर्ष ग्राम लाडनपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते में लगभग 3.50 लाख रु जमा थे। जब फरियादिया अपने खाते से 50 हजार रु निकलवाने बैंक पहुंचीं तो बैंक स्टेटमेंट देखने पर पता चला कि उनके खाते से उनकी जानकारी एवं सहमति के बिना अलग-अलग समय पर कुल 1,65,807 रु निकाल लिए गए हैं। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध क्रमांक 695/2026, धारा 318(4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपियों की पहचान एवं धोखाधड़ी की राशि रिकवर करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा साइबर तकनीकी का उपयोग कर जांच की गई, जिसमें सामने आया कि फरियादिया के बैंक खाते में एक अन्य मोबाइल नंबर लिंक था, जिसकी जानकारी स्वयं खाताधारक को भी नहीं थी।

शिवनारायण शर्मा को तीसरी बार मिली बड़ी जिम्मेदारी

शर्मा बने म.प्र. कांग्रेस मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ के दोबारा प्रदेश अध्यक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को और अधिक धार देने तथा पुजारियों के हितों को मजबूती से उठाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। पार्टी ने अनुभवी नेता शिवनारायण शर्मा को एक बार फिर मध्य प्रदेश कांग्रेस मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा श्री शर्मा पर लगातार तीसरी बार जताया गया यह अटूट विश्वास उनकी सांगठनिक क्षमता सक्रियता और समर्पण की बड़ी मिसाल बन गया है।

राजनीतिक सफर और नेतृत्व का निरंतर भरोसा शिवनारायण शर्मा का यह सफर सांगठनिक बदलावों और हर बार पार्टी नेतृत्व के बढ़ते भरोसे की एक खास दास्तान रहा है ।

प्रथम गठन (कमलनाथ कार्यकाल)- राज्य में मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ के पहली बार गठन का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ को जाता है, जिन्होंने सबसे पहले श्री शर्मा की कार्यशैली को परखते हुए उन्हें प्रथम प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। दूसरा और तीसरा चरण प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के कार्यकाल में हुए बदलावों के बाद भी शर्मा का नेतृत्व कौशल सर्वोपरि रहा । कुछ समय पूर्व सभी प्रकोष्ठों के भंग होने के बाद, अब राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताते हुए लगातार तीसरी बार यह कमान सौंपी है।

मंडी में दीपावली पर हुई मुहूर्त नीलामी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

12 नवम्बर को कृषि उपज मंडी समिति महिदपुर में दीपावली के अवकाश के पश्चात प्रातः 10:15 बजे शुभ मुहूर्त में मंडी के प्रांगण क्रमांक 1 में स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजा अर्चना आरती के पश्चात बैलगाड़ियों की पर्ची डालकर ड्रा के माध्यम से नीलामी प्रारंभ की गई जिसमें प्रथम नंबर के कृषक श्री बंटी निवासी खजुरिया मंसूर की सोयाबीन मेसर्स महावीर एंटरप्राइजेज के प्रो. श्री वर्धमान गादिया द्वारा मुहूर्त नीलामी रुपए 16501 की उच्चतम बोली लगाकर क्रय की गई इसी प्रकार द्वितीय कृषक श्री हटेसिंह निवासी चिरमिया की सोयाबीन श्री एग्रो के प्रो. आशीष चोपड़ा द्वारा नीलामी रुपए 9001 की उच्चतम बोली लगाकर क्रय की गई तृतीय कृषक श्री नरेंद्र निवासी कढ़ाई की सोयाबीन मेसर्स जयचंद रखबचंद चोपड़ा के प्रो. अजय चोपड़ा द्वारा नीलामी रुपए 10111 की उच्चतम बोली लगाकर क्रय की गई। अलबेली गाड़ी श्री सांवरिया सेठ सोयाबीन अनुमानित वजन 60 किलोग्राम में मेसर्स यामिनी ट्रेडर्स के श्रीपाल भाटिया द्वारा उच्चतम नीलामी बोली रुपए 17121 में क्रय की गई ।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य श्री प्रतापसिंह आर्य, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री शंभूसिंह तंवर, भाजपा जिला मंत्री श्री निरंजन मेहता, नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती उमा पांडे एवं प्रशासनिक अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/ मंडी भारसाधक अधिकारी अजय हिंगे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रामसिंह भाभोर, मंडी सचिव प्रीतमसिंह चौधरी एवं समस्त व्यापारीगण तुलावटीगण हम्मालगण, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

होटल से 1.80 लाख का सोने का हार चोरी, आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक मंजू मखेनिया के निर्देशन में पुलिस द्वारा चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया एवं चोरी गया हार बरामद किया। फरियादी गोवर्धन पिता मांगीलाल दांगी 42 वर्ष कालीपीठ हाल निवासी तिलक मार्ग राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा जब वह दिवाली के दिन शाम करीब 7.30 बजे नाका न 03 पर स्थित उनकी दूध डेयरी पर पूजा करने हेतु परिवार सहित आए थे तो उन्होंने अपना एक बैग पड़ोसी चाय नाश्ते की होटल पर रख दिया था जिसमें एक तमन्या (गले का हार), कपड़े एवं पटाखे रखे हुए थे। पूजा के बाद वह चाय नाश्ते की होटल पर रखे अपने बैग को घर ले गए जहां देखा कि बैग में तमन्या (गले का हार) नहीं है ।

संदिग्ध हिरासत में

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी रामबाबू पिता बालू गुर्जर 21 वर्ष ग्राम रूघनाथगढ़ कोतवाली राजगढ़ के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

नागदा-चंबल का पानी उद्योगों को देने के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

पिपलोदा बागला बांध के गेट बंद कर नर्मदा लाइन से पानी देने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

नागदा के समीप पिपलोदा बागला गांव में मंगलवार दोपहर किसानों ने उद्योगों को चंबल नदी का पानी दिए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने बांध के गेट बंद कर दिए। किसानों का कहना है कि चंबल के पानी पर सबसे पहला अधिकार खेती और किसानों का है। जब किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है, तो ऐसे में उद्योगों को चंबल का पानी देना उचित नहीं है। आंदोलन के समर्थन में मोतीसिंह शेखावत एवं पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत भी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि उद्योगों को चंबल



के बजाय नर्मदा पाइपलाइन से पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। आंदोलन में वीरम सिंह गुर्जर, जीवन अंजना, मिथुन भाटी और दिनेश जाट सहित कई लोग किसानों के समर्थन में पहुंचे।

मोतीसिंह शेखावत ने उद्योगों को दिए जा रहे पानी की दरों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार बिड़ला समूह के उद्योगों को 1000 लीटर पानी मात्र 10 पैसे में उपलब्ध करा रही है, जबकि आम नागरिक को यही पानी एक रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदना पड़ रहा है।

नियमों के तहत ले रहे पानी कंपनी

किसानों के आंदोलन के संबंध में ग्रेसिम उद्योग की नागदा इकाई के पीआरओ कमल सेठी ने कंपनी का पक्ष रखते हुए कहा कि ग्रेसिम उद्योग द्वारा जितना भी पानी लिया जा रहा है, वह सभी निर्धारित नियमों के अनुसार है। नियमों के तहत कंपनी को 1.4 एमसीएफटी पानी लेने की अनुमति है, जबकि वर्तमान में कंपनी केवल 0.6 से 0.7 एमसीएफटी पानी ही ले रही है।

चिल्लर की कमी से छोटे कारोबारियों के सामने रोज खडा हो रहा संकट

सारंगपुर। चिल्लर की कमी का सबसे ज्यादा असर उन कारोबारियों पर पड रहा है, जिनका पूरा व्यवसाय छोटे-छोटे लेन-देन पर निर्भर है। सुबह से देर रात तक चाय, नाश्ता, दूध, किराना और सब्जी खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या लगातार बनी रहती है। इन दुकानों पर ज्यादातर भुगतान नकद में होता है। ग्राहक 50 या 100 रुपए का नोट देकर 15, 25 या 40 रुपए का सामान खरीदते हैं तो दुकानदार को शेष राशि लौटाने के लिए 2, 5, 10 और 20 रुपए के सिक्कों की जरूरत पडती है। लेकिन चिल्लर उपलब्ध नहीं होने से कई बार बिक्री के दौरान ही लेन-देन अटक जाता है। छोटे दुकानदारों के लिए यह स्थिति ज्यादा परेशानी वाली है, क्योंकि उनके पास बडी मात्रा में खुले पैसे जमा रखने की व्यवस्था भी नहीं होती। दिनभर की बिक्री के बाद जो थोडी चिल्लर मिलती है, वह भी कुछ ही घंटों में खत्म हो जाती है।

बैंक से उम्मीद, लेकिन वहां भी नहीं मिल रही राहत

चिल्लर के लिए 10 रुपए तक छोड रहे व्यापारी

बाजार में खुले पैसों की कमी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि व्यापारी अब चिल्लर जुटाने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। 100 रुपए का नोट देकर 90 रुपए के सिक्के लिए जा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि 10 रुपए का नुकसान उठाना मजबूरी बन गया

व्यापारियों का कहना है कि चिल्लर की समस्या का स्थायी समाधान बैंकों से ही संभव है,

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन 13 दिसंबर को

महिदपुर। नगर पालिका परिषद् महिदपुर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत 13 दिसंबर को सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्मेलन हेतु पात्र वर-वधुओं के पंजीयन की प्रक्रिया नगर पालिका कार्यालय महिदपुर में प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक पात्र परिवार 27 नवम्बर तक अपने आवेदन बीपीएल राशनकार्ड, कन्या के मूलनिवासी प्रमाण पत्र के साथ नगर पालिका कार्यालय में जमा कर सकते हैं। नियमानुसार विवाह तिथि को वर 21 वर्ष एवं कन्या 18 वर्ष की आयु पूर्ण होना अनिवार्य है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री राजा यादव ने चर्चा में बताया कि शासन के निदेर्शानुसार योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह/ निकाह सम्मेलन में विवाह करने वाली प्रत्येक पात्र वधु को 49,000/- (उनचास हजार रुपये) की राशि नगद प्रदान की जाएगी। सम्मेलन के आयोजन हेतु न्यूनतम 11 पात्र जोड़ों के आवेदन प्राप्त होना आवश्यक है।

मंडी में दीपावली मुहूर्त धूमधाम से संपन्न, लहसुन की लगाई सबसे ऊंची बोली

■ सोयाबीन 10107, डॉलर चना 11205, रुपये क्विंटल बिका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

कृषि उपज मंडी समिति बड़नगर में गुरुवार को दीपावली मुहूर्त बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। दीपावली के पावन पर्व पर मंडी प्रांगण में सुबह से ही किसानों, व्यापारियों और मंडी कर्मचारियों की चहल-पहल देखने को मिली। मुहूर्त की नीलामी का शुभारंभविधायक जितेन्द्र उदयसिंह



पण्ड्या, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्रसिंह राजावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़ एवं तहसीलदार रूपाली जैन के कर कमलों से हुआ।

शुभारंभ के अवसर पर मंडी परिसर में पूजन-अर्चन किया गया। अतिथियों ने सबसे पहले मंडी में आई कृषि उपज का पूजन किया और नीलामी का शुभारंभ कराया। इस दौरान पूरा मंडी प्रांगण दीपावली के उत्साह और खुशी के माहौल में नजर आया।

इस अवसर पर विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या ने मंडी प्रांगण में उपज विक्रय हेतु आए कृषकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के लिए नववर्ष मंगलमय होने की कामना की। उन्होंने किसानों से कहा कि मंडी में उन्हें हमेशा उचित मूल्य और पारदर्शी व्यवस्था मिलेगी। किसानों और व्यापारियों के सहयोग से ही मंडी का विकास संभव है। मंडी दीपावली मुहूर्त में सोयाबीन सहित अन्य कृषि उपजों की आवक लगभग 09 हजार बोरी रही। सोयाबीन, चना, डॉलर चना, गेहूं, उड़द, मक्का, मेथीदाना, लहसुन और प्याज सहित सभी प्रमुख जिंसों की खरीदी मुहूर्त के दिन हुई। मुहूर्त के समय बड़ी संख्या में मंडी व्यापारी, कृषक व मंडी कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान

ग्रेन मर्चेंट एसो. व व्यापारी संघ द्वारा नीलाम बोली में उद्घोषक के रूप में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारी मनोहरलाल परमार सहा. ग्रेड-1, राजेन्द्र भावसार उपनिरीक्षक एवं राकेश राठौड़ स्थाई कर्मी को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडी में तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया गया।

7 क्रिएटिव तरीके, बच्चे को अनुशासन सिखाने के



बच्चों को डिसिप्लिन यानी अनुशासन सिखाना हर पैरेंट्स का सिरदर्द होता है, खासकर इस पीढ़ी के बच्चों को। जहां हमारी पीढ़ी को अनुशासन सिखाने के लिए पैरेंट्स बोलते कम थे, उनके हाथ-पैर ज्यादा चलते थे, अब तो अगर बात बनती है तो केवल बातचीत से ही बनती है। अनुशासन सिखाने की पुरानी परंपरा अब बच्चों को बागी बना देती है। यहां हम बच्चों को अनुशासित करने के पॉज़िटिव तरीके बता रहे हैं, जिससे वे न केवल अनुशासन में रहेंगे, बल्कि अदब और प्यार भी सीखेंगे। हम यह बताएंगे कि उनके किस नखरे को किस तरह हैंडल करना है।

अगर वह खाने में नखरे करता हो

जब बच्चे खाने में नखरे करते हों तो उन्हें ठीक करने के लिए ह्यवन बाइट रूलह्ल सबसे कारगर नियम है। अमूमन बच्चे खाने को टेस्ट करने से पहले ही नखरे करने लगते हैं। उनसे प्यार से आग्रह करें कि वे पहले एक कौर खाना खाकर देखें, अगर उसके बाद पसंद न आए तो नहीं खाएंगे तो चलेगा। हां, बदले में उन्हें दूसरा खाना टेस्ट करना होगा। ऐसा करते समय आपको दो-तीन चीजें बनानी पड़ेंगी, ताकि वे भूखे न रह जाएं। इस तरीके को अपनाने से तीन अच्छी बातें होंगी-पहली बात यह कि वे भूखे नहीं रहेंगे, दूसरी बात-वे कई चीजें टेस्ट करेंगे तो उनके टेस्ट बड्स डेवलप होंगे और तीसरी बात-वे खाने के नाम पर नाटक नहीं करेंगे।

अगर उसको होमवर्क कराना बड़ा टास्क हो

ज्यादातर बच्चे होमवर्क करने के नाम पर ही दूर भागने लगते हैं। ऐसे में उनके पैरेंट्स उन्हें जबर्दस्ती स्टडी टेबल पर बिठा देते हैं। कई बार बच्चे अनमने ढंग से होमवर्क जैसे-तैसे पूरे कर ही लेते हैं और उससे भी बुरा यह होता है कि वे घंटों बिना कुछ किए बैठे रहते हैं। कई पैरेंट्स उन्हें पढ़ने में अच्छे बच्चों से कंपेयर करके प्रोत्साहित करना चाहते हैं, जिससे बच्चे और भी चिढ़ जाते हैं। आपको चाहिए कि बच्चे के साथ जोर-जबर्दस्ती या उनकी तुलना करने के बजाय पढ़ाई में उनकी रुचि जगाएं।

अगर बच्चे समय के महत्व को नहीं समझते हों

समय का महत्व बच्चे का बड़े भी नहीं समझते। ह्यहां, दो मिनट में आता हूंह्ल कहकर वे घंटों खेलने लगते हैं। इस तरह की आदतें अगर बचपन में ही नहीं सुधारी गईं तो बच्चे ज़िंदगीभर ढीले और समय को लेकर अस्तव्यस्त बन जाते हैं। अगर बच्चे ऐसा करें तो उन्हें सबक सिखाने के लिए उनके फेवरेट काम के टाइम को कम कर दें। जब उन्हें अपनी पसंदीदा गतिविधि के लिए समय नहीं मिलेगा, तो वे बाकी कामों में समय के महत्व को समझ जाएंगे।

अगर बच्चे सबकुछ बिखेर देते हों...



ज्यादातर बच्चों को गेम्स पसंद होते हैं। अगर वे अपनी चीजों को ठिकाने पर नहीं रखते। यहां-वहां फेंकते-फैलाते रहते हैं तो उन्हें चीजें जगह पर रखने की सीख खेल-खेल में ही दें। टाइमर लगाकर उन्हें चीजों को व्यवस्थित रखने के लिए कहें। इसे एक रियल लाइफ गेम की तरह ट्रीट करें। उनके द्वारा समय पर काम पूरा करने के बाद उन्हें रिवॉर्ड भी दें। देखें, आपके बच्चे किस तरह खेल-खेल में चीजों को व्यवस्थित रखना सीख जाते हैं।




अगर बच्चा कुछ ज्यादा ही रौब दिखाता हो

अक्सर बच्चे अपने से छोटों या अपनी बात सुनने वालों पर रौब झाड़ना शुरू कर देते हैं। ऐसे में आपको क्या करना चाहिए? रौब छाड़ने वाले बच्चों पर अधिकार जमाना उन्हें और उत्तेजित कर सकता है। उन्हें अपना सहायक बनाकर देखें। उन्हें थोड़े अधिकार देकर उन्हें महत्वपूर्ण फील कराएं। उसके बाद किसी काम, जो आमतौर पर उनकी उम्र के बच्चे आसानी से न करें, को करने की ज़िम्मेदारी उन्हें दें। वे पूरे लगन से उस काम को करने में जुट जाएंगे। आप देखेंगे कि किस तरह ज़िम्मेदारी उन्हें एक अच्छे बच्चे में बदल देती है।

अगर बच्चे नखरे करते हों

बच्चों द्वारा नखरे करना यह बताता है कि वे मेंटली अपसेट हैं। वे या तो बहुत ज्यादा क्रोध में होते हैं या या बहुत ही अधिक दुखी होते हैं। ऐसे में उन्हें डांटना-मारना सही नहीं होगा। आप उनके साथ जादू की झप्पी वाला ट्रीटमेंट आजमाकर देखें। आपके स्नेह और प्यार से उनका भावनात्मक उतार-चढ़ाव तुरंत संतुलित हो जाता है। वे पलभर में ही नॉर्मल न हो जाएं तो कहना।



बच्चों की लत कैसे छुड़ाएं?

देखा जाए तो यह हेडिंग टेक्निकली गलत है। गलत इसलिए क्योंकि एडिक्शन यानी लत को छुड़ाना चुटकी बजाकर होने जैसा काम नहीं है। गलत इसलिए भी है, क्योंकि इससे आपको यह लग सकता है कि यह छोटा-सा आर्टिकल पढ़कर आप अपने बच्चे की किसी लत को छुड़ाने में कामयाब हो जाएंगे। आपने जीवन का इतना अच्छा खासा अनुभव लिया है तो आप इस बात से वाकि फ ही होंगे कि लत एक मनोवैज्ञानिक समस्या है। इसे छुड़ाने के लिए हम फि ज़िकल तरीकों की मदद नहीं ले सकते। मनोवैज्ञानिक समस्या का समाधान बातचीत से निकलता है। तो अगर आपने अपने बच्चे की किसी लत को छुड़ाने का निश्चय किया है और इस बारे में बातचीत करने का फैसला किया है तो यह अपने आप में एक हिम्मती निर्णय है, क्योंकि पैरेंटिंग काउंसिलर्स यही कहते हैं कि समस्या नजर आने पर उसे इग्नोर न करें, बल्कि बातचीत द्वारा तुरंत सुलझाना शुरू कर दें। चलिए जानें, समस्या के समाधान का पहला कदम बढ़ाते समय यानी बातचीत की शुरूआत करते समय आपको कौन-सी सावधानियां बरतनी चाहिए।

डायरेक्ट हिट करने से बचें, उदाहरणों की मदद से समस्या के बारे में बताएं - बेशक, आप बच्चे की समस्या जानते हैं, पर बातचीत की शुरूआत टू द पॉइंट करने की जरूरत नहीं है। यह आपके ऑफि स का प्रेजेंटेशन नहीं है कि कुछ ही मिनटों में आपको अपनी बात रखनी है। आप अपना समय लें। उसकी जिस लत को छुड़ाना चाहते हैं, उसकी समस्या की भूमिका बनाएं। कुछ उदाहरणों या कहानियों के माध्यम से बताएं कि इस तरह की गलत आदतों का क्या दुष्परिणाम हो सकता है। मसलन यदि उसकी जंक फूड की लत सुधारने का इरादा है तो जंक फूड के तमाम साइडइफेक्ट्स के बारे में बताएं। या टीवी देखने या मोबाइल गेम खेलने की उसकी लत पर भी इसी तरह समझाने वाला अप्रोच रखें।

Sport

भारत का आठवीं बार 100 से कम स्कोर; विराट ने गुरनूर को बहस करने से रोका

रोहित-कोहली दूसरी बार वनडे में जीरो पर आउट

एजेंसी ▸▸ माउंट माउंगानुई

न्यूजीलैंड ने चौथे वनडे में भारत को 244 रन से हरा दिया। यह वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार है। इससे पहले टीम 2000 में शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ 245 रन से हारी थी।

भारतीय टीम माउंट माउंगानुई में 89 रन पर ऑलआउट हो गई। यह वनडे में भारत का आठवां 100 से कम का स्कोर है। मैट हेनरी ने पहले ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर को आउट किया। भारत ने पहली बार वनडे में बिना खाता खोले 3 विकेट गंवाए। रोहित और कोहली दूसरी बार वनडे मैच में शून्य पर आउट हुए। टिम साइफर्ट के आउट होने के बाद गुरनूर बरार उनसे बहस करने लगे। विराट कोहली ने बीच में आकर गुरनूर को वहां से हटाया। भारत को 11 साल बाद 200 से ज्यादा रन की हार का सामना करना पड़ा। टीम को आखिरी बार 2015 में साउथ अफ्रीका ने 214 रन से हराया था। भारत वनडे में 200 या इससे ज्यादा रन से सबसे अधिक मैच हारने वाली टीमों की सूची में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गया है। भारत को अब तक 6 बार 200+ रन से हार मिली है।



भारत ने पहली बार बिना रन बनाए 3 विकेट गंवाए

वनडे में पहली बार भारत ने बिना खाता खोले शुरूआती तीन विकेट गंवा दिए। मैट हेनरी ने पारी के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर को आउट कर दिया।

ओवरऑल टीम इंडिया ऐसा करने वाली पांचवीं टीम बनी। इससे पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भी बिना रन बनाए 3 विकेट गंवा चुकी हैं। भारत ने 9 रन तक पहुंचने से पहले ही 4 विकेट गंवा दिए। वनडे में दूसरी बार ऐसा हुआ, जब भारत के शुरूआती 4 विकेट 10 रन से कम पर गिरे। इससे पहले 1983 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ टनब्रिज वेल्स में टीम ने 9 रन पर 4 विकेट गंवाए थे। रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों इस मैच में खाता नहीं खोल सके। वनडे में यह दूसरी बार है, जब दोनों एक ही मैच में शून्य पर आउट हुए।

मोहम्मद सिराज को वनडे में क्यों नहीं मिल रहा मौका

नई दिल्ली। मोहम्मद सिराज टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के भरोसेमंद तेज गेंदबाज हैं, लेकिन वनडे में उनकी जगह पहले जैसी मजबूत नहीं रही। न्यूजीलैंड दौरे पर वे शुरूआती तीन वनडे में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं बने। वर्ल्ड कप 2023 के बाद से उन्होंने सिर्फ 10 वनडे खेले हैं और 9 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 47.44 रहा। अब टेस्ट सीरीज से पहले उनके वनडे में नहीं खेलने और तैयारी के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज 19 नवंबर से शुरू होगी। पहला टेस्ट वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 27 नवंबर से क्राइस्टचर्च में होगा। टेस्ट टीम में जसप्रीत बुमराह के बाद सिराज प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उनके लिए टेस्ट सीरीज से पहले मैच प्रैक्टिस अहम हो सकती है। नेट्स में गेंदबाजी करना और असली मैच में बल्लेबाज के सामने गेंद डालना अलग अनुभव होता है।

यूथ ओलिंपिक में बॉक्सिंग के 2 गोल्ड

नई दिल्ली। यूथ ओलिंपिक में भारत को बॉक्सिंग के 2 गोल्ड मेडल मिले। डकार में मणिपुर के एल अंबेकर मीतेई ने पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी को 3-2 से हराया। इसके कुछ घंटे बाद 17 साल की गुंजन ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में अल्जीरिया की बुथैना बेन्सलाह को 5-0 से शिकस्त दी।

नैनो न्यूज

- **युथ ओलंपिक में बॉक्सिंग गोल्ड:** भारत के लेरेंलाकपम अंबेकर मीतेई ने यूथ ओलंपिक 2026 में बॉक्सिंग में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।
- **आईपीएल 2027 से पहले बड़ा ट्रेड:** हार्दिक पंड्या पंजाब किंग्स में शामिल हो सकते हैं, जबकि अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस से जुड़ सकते हैं; दोनों की फीस 18-18 करोड़ रुपये बताई जा रही है।
- **ऋषभ पंत फिट घोषित:** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और वे न्यूजीलैंड दौरे के लिए रवाना हो गए हैं।
- **अंडर-19 एशिया कप फाइनल:** अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराकर भारतीय युवा टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है, जहां उनका मुकाबला पाकिस्तान से होगा।
- **पाकिस्तान-श्रीलंका टेस्ट मैच शिफ्ट:** स्मॉग और खराब एयर क्वालिटी के चलते पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच लाहौर से रावलपिंडी शिफ्ट कर दिया गया है, जो 17 नवंबर से खेला जाएगा।
- **शूटिंग में रजत पदक:** विश्व चैंपियनशिप की ट्रैप स्पर्धा में भारतीय निशानेबाज विवान कपूर ने रजत पदक जीता और ओलंपिक कोटा भी पक्का किया।

ख्वाजा के आरोपों पर भड़के कमिंस:बोले-

पूरी टीम को सैंडपेपर की जानकारी थी, यह गलत

एजेंसी ▸▸ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने 2018 के सैंडपेपर विवाद में पूरी टीम की भूमिका होने के दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें मैदान पर सैंडपेपर ले जाने की जानकारी नहीं थी। सिडनी में 68 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमिंस ने पूर्व साथी उस्मान ख्वाजा के आरोपों पर नाराजगी जताई। ख्वाजा ने अपनी नई किताब में दावा किया है कि मार्च 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के सभी खिलाड़ियों को सैंडपेपर से गेंद की स्थिति बिगाड़ने की जानकारी थी। इस पर कमिंस ने कहा कि पूरी टीम को इसकी जानकारी होने का दावा 100% गलत और बकवास है। उन्होंने यह भी कहा कि ख्वाजा ने उन्हें और अन्य खिलाड़ियों को बॉल टेंपरिंग की योजना बनाने वालों में शामिल बताया है, जो पूरी तरह गलत है।



कमिंस ने बताया कि इस हफ्ते उन्हें पता चला कि ख्वाजा ने खुद कैमरून बैनक्रॉफ्ट को सैंडपेपर इस्तेमाल करते समय सावधान रहने की सलाह दी थी। यह जानकर उन्हें हैरानी हुई। उन्होंने कहा, उस्मान मेरे दोस्त हैं, लेकिन दोस्त एक-दूसरे की जिंदगी और प्रतिष्ठा के साथ इस तरह लापरवाही नहीं बरतते। उन्होंने अपनी किताब में मेरी, कई अन्य खिलाड़ियों और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की साख को हल्के में लिया है।

पोर्ट एलिजाबेथ टेस्ट में भी सैंडपेपर इस्तेमाल का दावा

ख्वाजा ने किताब में दावा किया है कि केपटाउन टेस्ट से पहले पोर्ट एलिजाबेथ (अब गकेबरहा) टेस्ट में भी सेशन शुरू होने से पहले बाउंड्री पर गेंद को सैंडपेपर से घिसा गया था। कमिंस ने कहा कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं थी और यह बात उनके लिए नई है। उन्होंने बताया कि अपने प्रोफेशनल करियर में उन्होंने सिर्फ एक बार गेंद से छेड़छाड़ होते देखी थी। शुरूआती दिनों में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान न्यू साउथ वेल्स के एक सीनियर बल्लेबाज ने गेंद पर बोतल का ढक्कन इस्तेमाल किया था। अंपायरों ने उसे तुरंत रोक दिया था। कमिंस ने खिलाड़ी और मैच का नाम बताने से इनकार किया। ख्वाजा ने दावा किया था कि केपटाउन विवाद के बाद उन्होंने पूरी टीम से सामूहिक जिम्मेदारी लेने की अपील की थी, लेकिन दो खिलाड़ी इसके लिए तैयार नहीं थे।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762



आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

धार में सड़क पर बह रहा नालियों का गंदा पानी

धार। धार शहर में पुलिस कंट्रोल रूम से बस स्टैंड तक सड़क पर ड्रेनेज का गंदा पानी बह रहा है। इससे राहगीरों, दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क पर दूषित पानी जमा होने से आवाजाही में दिक्कत आ रही है, वहीं पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र की नालियां लंबे समय से साफ नहीं हुई हैं। इनमें गाद और कचरा जमा होने से पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। नालियों का गंदा पानी बाहर निकलकर सड़क पर बहने लगता है। लोगों का कहना है कि कई बार नगर पालिका में शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

धार के 66 गांवों तक नहीं पहुंचा नर्मदा का पानी

धार। धार जिले के सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के 66 गांवों में नर्मदा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत अब तक किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचा है। परियोजना के लोकार्पण के 21 दिन बाद भी जलप्रदाय शुरू नहीं होने पर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने नर्मदा घाटी विकास विभाग के प्रमुख सचिव और कलेक्टर को पत्र लिखकर सभी गांवों में जल्द पानी पहुंचाने की मांग की है। विधायक ने पत्र में बताया कि 24 अक्टूबर 2026 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरदारपुर में परियोजना का लोकार्पण किया था।

दूरी की बाधा होगी खत्म, 427 विद्यार्थियों को मिलीं साइकिलें

झाबुआ। झाबुआ जिले में विद्यार्थियों की पढ़ाई के रास्ते से आवागमन की बाधा दूर करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने 427 विद्यार्थियों को साइकिलें बांटीं। उन्होंने एक बालिका को स्कूटी भी दी। मंत्री ने कहा कि आने-जाने की दिक्कतें बच्चों की पढ़ाई में रुकावट नहीं बनेंगी। मंत्री भूरिया ने खरडूबड़ी, पारा और पिथनपुर में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कीं। खरडूबड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेड़ीबड़ी के 57 विद्यार्थियों को साइकिल और एक बालिका को स्कूटी दी गई।

कुआं चौक की किराना दुकान में आग लगी



लोगों ने धुआं देखकर आग बुझाई, दुकान में डिस्पोजल, दाल और चावल के कट्टे रखे थे

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर (भाभरा) के कुआं चौक स्थित आजाद कुटिया मार्ग पर शुक्रवार को किराना दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं निकलता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में उन्होंने आग पर काबू पा लिया। दुकान सैफी पतासिया की है। इसमें किराना सामान के साथ चाय बनाने में इस्तेमाल होने वाले डिस्पोजल, दाल और चावल के कट्टे रखे थे। लोगों ने समय रहते आग बुझा दी, जिससे आग आसपास की दुकानों तक नहीं पहुंची। आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी अन्य वजह से, इसका पता नहीं चल पाया है। दुकान में रखे सामान को कितना नुकसान हुआ, इसका भी आकलन नहीं हुआ है। कुआं चौक नगर का व्यस्त इलाका है। यहां आसपास कई दुकानें हैं और लोगों की आवाजाही बनी रहती है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

नैनो न्यूज

- **दीपावली पर ऑटोमोबाइल कारोबार में बड़ी बिक्री-** इंदौर में धनतेरस पर करीब 10 हजार दोपहिया वाहन और 2 हजार कारों की डिलीवरी हुई। ऑटोमोबाइल कारोबार का अनुमानित आंकड़ा 400 करोड़ रुपये रहा।
- **इंदौर में त्योहारी कारोबार को मिला सहारा-** दीपावली के दौरान इंदौर के बाजारों में ऑटोमोबाइल, सराफा और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री में तेजी रही। धनतेरस पर कारोबार 500 करोड़ रुपये से अधिक पहुंचने का अनुमान सामने आया।
- **प्लॉट खरीदारों के लिए नई आवासीय परियोजना-** इंदौर-उज्जैन रोड पर गोदरेज प्रॉपर्टीज 31 एकड़ जमीन पर आवासीय प्लॉट परियोजना विकसित करेगी। परियोजना में करीब 7 लाख वर्गफुट बिक्री योग्य क्षेत्र प्रस्तावित है।
- **इंदौर सराफा में दीपावली मिलन-** इंदौर सराफा बाजार में दीपावली मिलन समारोह के दौरान कारोबारियों ने व्यापार की चुनौतियों और आगामी सीजन की संभावनाओं पर चर्चा की।
- **मिठाई कारोबार पर खाद्य विभाग की निगरानी-** इंदौर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई दुकानों की जांच के दौरान करीब 600 किलो मावा और मिल्क केक की बिक्री रिपोर्ट आने तक प्रतिबंधित की।

लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय-खाय के साथ शुरू, सुखलिया से निपानिया तक सफाई और सजावट अंतिम चरण में

आज खरना के बाद शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला व्रत, छठ के लिए इंदौर में घाट तैयार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। सूर्य उपासना और कठिन व्रत-साधना के इस पर्व को लेकर इंदौर में तैयारियां तेज हो गई हैं। सुखलिया, कैट रोड, निपानिया, विजय नगर और स्कीम नंबर 78 सहित शहर के कई क्षेत्रों में छठ घाटों की सफाई, कुंडों के निर्माण और सजावट का काम अंतिम चरण में है। पूजा समितियों के साथ स्थानीय रहवासी भी व्यवस्थाएं पूरी करने में जुटे हैं।

महापर्व के पहले दिन शुक्रवार को व्रती स्नान-ध्यान के बाद व्रत का संकल्प लेंगे। इस दिन पूरी शुद्धता और सात्विकता के साथ तैयार चावल, दाल और लौकी की सब्जी ग्रहण की जाएगी। इसी के साथ चार दिवसीय छठ पर्व की शुरूआत होगी।

शनिवार को दूसरे दिन खरना होगा। व्रती पूरे दिन उपवास रखेंगे और शाम को पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना के प्रसाद में गन्ने के रस या दूध में बनी चावल की खीर, पिठ्ठा और घी लगी रोटी प्रमुख रूप से शामिल होती है। भगवान सूर्य को भोग लगाने के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा, जो सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूरा होगा।

रविवार को डूबते और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य- रविवार को तीसरे दिन व्रती घाटों और जलकुंडों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे। इसके अगले दिन सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी के साथ छठ महापर्व का समापन होगा।

सुखलिया से निपानिया तक घाटों पर तैयारियां

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान मध्यप्रदेश के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह और महासचिव के.के. झा ने बताया कि बापट चौराहे के पास सुखलिया क्षेत्र में घाट की सफाई, निर्माण और सजावट का काम तेजी से चल रहा है। यहां बड़ी संख्या में व्रतियों और श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कैट रोड स्थित श्री सूर्य मंदिर परिसर में भी छठ पूजा की तैयारियां की जा रही हैं। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बनाए गए कुंड की सफाई शुरू कर दी गई है।

घाटों की सफाई के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप

निपानिया के समर पार्क में छठ घाट की सफाई कराई जा रही है। क्षेत्र के निपानिया तालाब को भी विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा विजय नगर के स्कीम नंबर 54 स्थित छठ घाट और स्कीम नंबर 78 सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में भी सफाई और जरूरी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

घाटों पर सफाई, रोशनी और सुरक्षा के इंतजाम होंगे

इंदौर में छठ महापर्व को लेकर शहर के विभिन्न छठ घाटों पर तैयारियां तेज हो गई हैं। चार दिवसीय पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए नगर निगम घाटों को व्यवस्थित करने में जुटा है। घाटों पर मरम्मत, रंगरोगन, साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही सुरक्षा के लिहाज से गहरे पानी वाले स्थानों पर रेलिंग और बैरिकेडिंग भी की जाएगी। इसी सिलसिले में एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर ने स्कीम नंबर 78, स्कीम नंबर 54 और सुखलिया स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

12 ज्योतिर्लिंग-चारधाम दर्शन का संकल्प, अब तक आठ जगह जा चुके, पटना से पेटलावद पहुंचे

मां की सेहत के लिए 9 हजार किलोमीटर दौड़े मोनू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झाबुआ



बिहार के पटना निवासी 20 वर्षीय मोनू राज चौहान मां के स्वस्थ होने की मन्नत लेकर देशभर में दौड़ते हुए धार्मिक यात्रा कर रहे हैं।

15 मार्च को शुरू हुई इस यात्रा में वे अब तक 9 हजार किलोमीटर से ज्यादा दौड़ चुके हैं। शुक्रवार दोपहर वे झाबुआ जिले के पेटलावद पहुंचे। मोनू ने मां के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए 12 ज्योतिर्लिंग और चारधाम के दर्शन का संकल्प लिया था। अब तक वे 12 में से आठ ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर चुके हैं।

उज्जैन में महाकालेश्वर के दर्शन के बाद वे बदनावर पहुंचे और बैजनाथ महादेव के दर्शन किए। इसके बाद पेटलावद से गुजरात के सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के लिए रवाना हुए।

मोनू रोज 40 से 50 किलोमीटर दौड़ते हैं। उनके 13 वर्षीय भांजे आयुष और 20 वर्षीय आकाश दोपहिया वाहन से उनके साथ चलते हैं। दोनों जरूरी सामान और दूसरी व्यवस्थाओं में मदद करते हैं।

हाईवे पर लोगों ने किया स्वागत- मोनू के पेटलावद पहुंचने की खबर मिलते ही उन्हें देखने के लिए लोग जुट गए। युवाओं के साथ महिलाएं भी उनका स्वागत करने पहुंचीं। उनकी एक झलक पाने के लिए हाईवे पर कुछ देर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई।

मां की तबीयत बिगड़ने पर लिया था फैसला

मोनू ने बताया कि कुछ साल पहले उनकी मां की तबीयत बिगड़ने लगी थी। लंबे इलाज के बाद भी उनकी सेहत में सुधार नहीं हुआ। परिवार को कई बार अस्पताल जाना पड़ा। मां की हालत को लेकर चिंता के बीच उन्होंने उनके स्वस्थ होने की मन्नत मांगी और यह यात्रा शुरू करने का संकल्प लिया।

क्रेन की चेन टूटकर बुजुर्ग के सिर पर लगने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एयरपोर्ट रोड पर मेट्रो प्रोजेक्ट के काम के दौरान क्रेन की चेन टूटकर एक 80 वर्षीय रिटायर्ड प्रेस अफसर के सिर पर लग गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग ने गुरुवार शाम उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उन्हें पहले भाटिया अस्पताल और फिर शैल्बी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

पुलिस के मुताबिक, घटना 30 अक्टूबर की है। सरकारी प्रेस से रिटायर्ड 80 वर्षीय विनोद पुत्र फूलचंद कासलीवाल निवासी सीताश्री अपार्टमेंट, एयरपोर्ट रोड अपने घर से पैदल निकले थे। इसी दौरान मेट्रो प्रोजेक्ट के काम में लगी क्रेन भारी सामान उठा रही थी। तभी क्रेन की चेन का एक हिस्सा टूटकर विनोद के सिर पर आ लगा। वह मौके पर ही गिर गए।



हादसे के बाद उन्हें उपचार के लिए भाटिया अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शैल्बी अस्पताल रेफर कर दिया। यहां गुरुवार शाम उनकी मौत हो गई। विनोद के परिवार में उनके बेटे हैं। परिजनों ने मेट्रो प्रोजेक्ट के काम के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक, घटना के दो दिन बाद क्रेन जब्त कर ली गई थी। मामले में ड्राइवर यशवंत के खिलाफ लापरवाही बरतने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी। क्रेन एक निजी कंपनी की है। ड्राइवर फिलहाल जमानत पर है। बुजुर्ग की मौत के बाद मर्ग जांच पूरी होने पर मामले में एक और धारा बढ़ाई जाएगी। पुलिस क्रेन के ड्राइवर और ठेकेदार की लापरवाही को लेकर जांच कर रही है।

इंदौर की युवती से होटल में रेप, रुपये लेने के बाद करने लगा ब्लैकमेल, उज्जैन से गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया पुलिस ने 20 वर्षीय युवती की शिकायत पर उज्जैन के तराना निवासी एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसका एमवाय अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

एसीपी पराग सैनी के मुताबिक, 20 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि नवंबर 2025 में उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए विशाल पुत्र दिनेश राठौर निवासी ग्राम तराना (उज्जैन) से हुई थी। बातचीत बढ़ने पर दोनों ने मोबाइल नंबर साझा किए। इसके बाद विशाल इंदौर आया और दोनों के बीच एक-दो बार मुलाकात हुई। 30 दिसंबर 2025 को विशाल ने होटल में लंच करने की बात कही और पीड़िता को लसूड़िया इलाके स्थित ग्रैंड शौर्य होटल ले गया। आरोप है कि वहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। मार्च 2026 में बातचीत के दौरान जब पीड़िता ने विशाल से पूछा कि क्या उसने अपने परिवार को उनके रिश्ते के बारे में बताया है, तो आरोपी शादी की बात से मुकर गया। उसने कहा कि दोनों अलग-अलग समाज के हैं, इसलिए शादी नहीं कर सकते। आरोप है कि विशाल ने पीड़िता से कुछ रुपए भी लिए थे। बाद में उसने रुपए लौटाने से इनकार कर दिया, अपशब्द कहे और युवती का नंबर ब्लॉक कर दिया।



निगमकर्मियों को 31 दिसंबर तक चुकाना होंगे बकाया कर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 31 दिसंबर तक संपत्ति कर, जल कर और कचरा प्रबंधन शुल्क सहित सभी बकाया कर जमा करने के आदेश दिए हैं। ये देयताएं कर्मचारियों के साथ उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर दर्ज संपत्तियों की भी होंगी।

स्नूकर वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वालिफाइंग मैच शुरू

मुख्य दौर में जगह बनाने के लिए खिलाड़ी दिखाएंगे दम, 32 देशों के खिलाड़ियों में टक्कर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में आयोजित आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप में शुक्रवार से क्वालिफाइंग मुकाबलों का रोमांच शुरू होगा। यशवंत क्लब के स्मैश हॉल में खिलाड़ी मुख्य प्रतियोगिता में जगह बनाने के लिए एक-दूसरे को चुनौती देंगे। दिनभर चार सत्रों में मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच खेला जा रहा है, दूसरा दोपहर 1 बजे, तीसरा शाम 4 बजे और चौथा मुकाबला शाम 7 बजे शुरू होगा।

चैंपियनशिप में अलग-अलग देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। क्वालिफाइंग राउंड में खिलाड़ियों को नॉकआउट आधार पर आगे बढ़ना होगा। इस चरण में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही मुख्य दौर में जगह बना सकेंगे। मुकाबलों के दौरान हर फ्रेम में खिलाड़ियों की तकनीक, सटीक निशाने और दबाव में खेलने की क्षमता की परीक्षा होगी। चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 21 नवंबर तक किया जा रहा है। पुरुष वर्ग का मुख्य दौर और महिला वर्ग की स्पर्धाएं 17 नवंबर से शुरू होंगी। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन 16 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। 21 नवंबर को फाइनल मुकाबलों के साथ चैंपियनशिप का समापन होगा।

आयोजन से जुड़ी खास बातें

आयोजन स्थल: यशवंत क्लब, रेसकोर्स रोड, इंदौर के स्मैश हॉल में मुकाबले होंगे।
अंतरराष्ट्रीय भागीदारी: 32 देशों के खिलाड़ी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं।
प्राइज मनी: प्रतियोगिता की कुल घोषित प्राइज मनी 40 हजार डॉलर है।
भारतीय टीम: 22 सदस्यीय भारतीय दल में 15 पुरुष और 7 महिला खिलाड़ी शामिल हैं।
बड़े नाम: भारत की ओर से तीन बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और मौजूदा महिला विश्व चैंपियन अनुपमा रामचंद्रन आकर्षण का केंद्र रहेंगे।
क्वालिफाइंग फॉर्मेट: पुरुष वर्ग के क्वालिफाइंग मुकाबले नॉकआउट आधार पर होंगे। आधिकारिक प्रारूप के अनुसार क्वालिफाइंग स्पर्धाओं से 16 खिलाड़ी मुख्य दौर में पहुंचेंगे।
मुख्य मुकाबले: पुरुषों का मुख्य दौर और महिला वर्ग की स्पर्धाएं 17 नवंबर से शुरू होंगी।
समापन: 21 नवंबर को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।
खेल सुविधाएं: आयोजन के लिए 10 से 12 मैच टेबल की व्यवस्था की गई है।

इंदौर जिला कांग्रेस में 19 ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

देपालपुर-सांवेर में 5-5, महू में 6-राऊ में 2 को जिम्मेदारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कांग्रेस के देशव्यापी 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के बीच इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत करने के लिए 19 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने 12 नवंबर को नियुक्ति आदेश जारी कर जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों में ब्लॉक स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। नवनियुक्त अध्यक्षों को अभियान के साथ पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय करने की जिम्मेदारी दी गई है।

जारी सूची के मुताबिक, देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में 5, महू में 6, सांवेर में 5 और राऊ विधानसभा क्षेत्र में 2 ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में गौतमपुरा से प्रफुल्ल शर्मा, हातोद से सुरेंद्र ठाकुर, बड़ा बांगड़दा से विरेंद्र रितोरिया, देपालपुर से जसपाल सिंह और बेटमा से सुरेश पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। महू विधानसभा क्षेत्र में बडगोंदा से कपिल चौहान, पिगडंबर से सीमा सोलंकी, गवली पलासिया से लोकेश धूलिया, मानपुर से कुणाल सोलंकी, सिमरोल से धर्मेंद्र ठाकुर और महू शहर से मलिक खान को नियुक्त किया गया है। सांवेर विधानसभा क्षेत्र में सांवेर से हिमांशु शर्मा, कछालिया से रामप्रसाद पंवार, पालिया से रोहित गुर्जर, क्षिप्रा से मुनीष दांगी और खुड़ैल से मुस्ताक खान को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, राऊ विधानसभा क्षेत्र में रालामंडल से अनिल जिराती और राऊ से सुभाष चौधरी को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि इन नियुक्तियों से जमीनी स्तर पर संगठन की गतिविधियों को मजबूती मिलेगी और 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को गति मिलेगी।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com